वर्ष : 17 अंक : 265 लखनऊ रविवार, 05 अक्टूबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

मौसम

सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

रश्मिका मंदाना–विजय देवरकोंडा की सगाई का दावा 10

निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी प्रदर्शन जारी 2 | 'संघ' भारत का सर्वोत्तम 6 | नलकूपों से पानी का दुरुपयोग रोकने को ... 12

संभल मस्जिद केस में मुस्लिम पक्ष को झटका

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका



विश्ववार्ता ब्यूरो

प्रयागराज। संभल में तालाब और सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण मामले में मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल याचिका इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने याची की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार त्रिपाठी और शशांक श्री त्रिपाठी और अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल को सुनकर दिया है। दशहरा अवकाश होने के बावजूद शनिवार सुबह बैठी विशेष बेंच ने मसाजिद शरीफ गोसुलबारा रावां बुजुर्ग और मस्जिद के मुतवल्ली मिंजर की ओर से दाखिल याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि इसके लिए वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है, उसका सहारा ले सकते हैं। जानकारों के मुताबिक अब मस्जिद पक्ष ट्रायल कोर्ट में अपील दाखिल कर सकता है।

दशहरा अवकाश के दौरान यह याचिका दाखिल कर छुट्टी के दिन अर्जेंट बेसिस पर सुनवाई की मांग की गई थी। याचिका में मस्जिद, बारात घर और अस्पताल के ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कहा गया था कि बारात घर को ध्वस्त कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण के लिए दो अक्टूबर गांधी जयंती और दशहरे की छुट्टी का दिन चुना गया जबकि बुलडोजर कार्रवाई के दौरान भीड़ की वजह से कोई बड़ा हादसा या बवाल भी हो सकता था।

इस कार्रवाई के पीछे आरोप है कि बारात घर तालाब की जमीन पर बना हुआ है जबकि मस्जिद का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर बना हुआ है। याचिका में राज्य सरकार, डीएम और एसपी संभल, एडीएम, तहसीलदार और ग्राम सभा गोसुलबारा रावां बुजुर्ग को पक्षकार बनाया गया था। इस मामले में शुक्रवार को भी दोपहर एक बजे से करीब सवा घंटे हुई सुनवाई हुई थी। इसमें मस्जिद पक्ष को कोई अंतरिम राहत नहीं मिली थी। लेकिन कोर्ट ने मस्जिद पक्ष को आवश्यक कागजात पेश करने का निर्देश देते हुए शनिवार सुबह 10 बजे मामले में पुनः सुनवाई करने को कहा था। संभल के रायां बुजुर्ग गांव में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को हटाने का काम दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी था। प्रशासन ने मस्जिद को हटाने के लिए चार दिन का समय दिया था, जिसे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्वीकार किया। जुमे की नमाज अदा करने के बाद ग्रामीणों ने खुद ही मस्जिद की दीवारें गिरानी शुरू कर दी थीं।

बरेली में सरकार का ऐक्शन दर ऐक्शन

नीरज मौर्य पुलिस को चकमा दे पहुंचे बरेली

सर्किट हाउस पहुंचते ही पुलिस ने लिया हिरासत में, शहर में नहीं जा पाये

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ/बरेली। बरेली में बवाल के 8 दिन बाद पीड़ितों से मिलने जा रहे सपा के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को जाने नहीं दिया गया। हालांकि, आंवला से सांसद नीरज मौर्य पुलिस को चकमा देकर सर्किट हाउस पहुंच गए। इसका पता चलते ही पुलिसवाले पहुंच गए और उन्हें हिरासत में ले लिया। उन्होंने कहा- तौकीर रजा भाजपा के एजेंट की तरह काम करते हैं।

इधर दिल्ली से बरेली जा रहे सांसद हरेंद्र मलिक, इकरा हसन और मोहिबुल्लाह नदवी को गाजियाबाद बॉर्डर पर रोका गया। तीनों सांसद करीब 40 मिनट तक अड़े रहे, लेकिन बाद में पुलिस ने उन्हें लौटा दिया। इकरा हसन ने कहा- यूपी में अघोषित इमरजेंसी दिख रही है। कल कोई 'आई लव महादेव' या 'आई लव श्रीराम' लिखेगा तो किसी को आपत्ति नहीं होगी, तो फिर 'आई लव मोहम्मद' में क्या गलत है?

लखनऊ में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को पुलिस ने उनके घर पर ही

» दिल्ली से बरेली जा रहे सांसद हरेंद्र, इकरा और नदवी को बॉर्डर पर रोका

हाउस अरेस्ट कर लिया। संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क जब बरेली के लिए निकले, तो इंस्पेक्टर राजीव कुमार मलिक उनके सामने खड़े हो गए। काफी देर तक सांसद जाने पर अड़े रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घर से बाहर नहीं जाने दिया।

बर्क ने कहा- बरेली में जिनको गिरफ्तार किया गया, उनका क्या दोष है? अगर पुलिस के पास कोई सबूत है कि उन्होंने कोई कानून तोड़ा है, तो वे मीडिया में सबूत पेश क्यों नहीं करते?

फिलहाल, बरेली में आज भी इंटरनेट बंद है। 26 सितंबर को 'आई लव मोहम्मद' मामले को लेकर जुमे की नमाज के बाद बवाल हुआ था। इस मामले में 81 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

2,500 उपद्रवियों में से 200 को नामजद किया गया है। पुलिस ने दावा किया था कि बरेली में बवाल की साजिश रची गई थी, जिसका मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा है।

आईएमसी नेता नफीस का रजा पैलेस ध्वस्त

तीन बुलडोजर से गिरायी गयी इमारत, इंटरनेट अब भी बंद

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। बरेली में 26 सितंबर को जुमा नमाज के बाद हुए बवाल के आरोपियों के खिलाफ ऐक्शन पर ऐक्शन हो रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीम उपद्रवियों और उनके करीबियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। शनिवार को जखीरा स्थित रज़ा पैलेस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यह इमारत आईएमसी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नफीस खां और उनके पार्टनर शोहेब बेग की बताई जा रही है। कार्रवाई से पहले बिजली कनेक्शन काट दिए गए। उसके बाद प्रशासन, पुलिस और बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम तीन बुलडोज़रों के साथ मौके पर पहुंची और अवैध हिस्से को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है। प्रशासन का कहना है कि उपद्रवियों की अवैध संपत्तियों पर यह अभियान जारी रहेगा।

बरेली बवाल के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा, आईएमसी

महासचिव डॉ. नफीस खां और नदीम खान को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह उपद्रवियों और हिंसा के साजिशकर्ताओं की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों को निशाना बनाएगा।

बरेली में बवाल के दौरान तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोप में चर्चा में आए फरहत खां के फाइक इंक्लेव स्थित मकान पर शनिवार को कार्रवाई की गई। बीडीए ने गुरुवार तक का समय देते हुए फरहत खां को मकान खाली करने का नोटिस दिया था। शनिवार को जिला प्रशासन और बीडीए की टीम फरहत के घर पहुंची। मकान खाली पड़ा हुआ था। टीम ने मुख्य गेट पर ताला को तोड़कर अपना ताला लगा दिया। इसके बाद सीलिंग की कार्रवाई पूर्ण की गई। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

शनिवार को हुई बुलडोजर कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस फोर्स, पीएसी और रैपिड एक्शन फोर्स तैनात रही ताकि किसी भी तरह की अशांति को रोका जा सके। रजा पैलेस को अवैध निर्माण मानते हुए जिला प्रशासन और बरेली विकास प्राधिकरण ने यह ध्वस्तीकरण अभियान चलाया।

फर्रूखाबाद में कोचिंग सेंटर में धमाका, दो छात्रों की मौत

कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग में बना सेप्टिक टैंक मीथेन गैस से फटा : डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

फर्रुखाबाद। शनिवार दोपहर को बिल्डिंग में सेप्टिक टैंक में मीथेन गैस का विस्फोट हो गया और आस-पास के इलाके दहल उठे। धमाके की धमक लगभग एक किलोमीटर दूर तक महसूस की गयी। धमाके ने कोचिंग सेंटर के बाहरी हिस्से को उड़ा दिया, जिससे दो बच्चों की मौत हो गयी। लगभग एक दर्जन घायल हुए है। घायलों में एक को लोहिया अस्पताल में मृत घोषत कर दिया गया जबकि दूसरे को रेफर किया गया लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। थाना कादरी गेट सातनपुर आलू मंडी रोड पर स्थित कटियार कोल्ड के सामने द सन लाइब्रेरी व कोचिंग सेंटर का संचालन होता है।

विस्फोट इतना भयानक था कि शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लास्ट में कोचिंग सेंटर के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। कोचिंग सेंटर में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही

फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

थाना नवाबगंज के गुठिना निवासी योगेश राजपूत व रविन्द्र शर्मा संचालित बीते कुछ महीनों से कर रहे थे। दोपहर लगभग ढाई बजे बच्चे कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे थे, उसी दौरान अचानक कोचिंग सेंटर में सेप्टिक टैंक फट जाने से धमाका हुआ। घटना के दौरान पहली मंजिल पर पढ़ रहे 10 वर्षीय अभय पुत्र सुदीप श्रीवास्तव, 10 वर्षीय निखिल पुत्र नीलू यादव, 12 वर्षीय निखिल पुत्र नीलू यादव निवासी गुंजन बिहार कालोनी, 14 वर्षीय अंशुल पुत्र प्रदीप यादव व 13 वर्षीय आयुष यादव पुत्र प्रदीप यादव निवासी ग्राम मीरपुर, 14 वर्षीय अभय राजपूत पुत्र रघुवीर निवासी टिकुरियन नगला व 17 वर्षीय प्रभात पुत्र बबलू के साथ ही 25 वर्षीय आकाश सक्सेना पुत्र राजेश सक्सेना, 12 वर्षीय रिदम यादव पुत्र विवेक यादव, अंशिका गुप्ता पुत्री पंकज गुप्ता निवासी सेंट्रल जेल चौराहा, के साथ 24 वर्षीय आकाश कश्यप पुत्र दीपक कश्यप निवासी निंनौआ फतेहगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गये। अंशुल यादव व आयुष के साथ ही प्रभात व अभय राजपूत का निजी अस्पताल में सेन्ट्रल जेल पर उपचार किया गया, जबकि अन्य घायलों को लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहाँ आकाश सक्सेना को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि घायल आकाश कश्यप को रेफर कर दिया गया। आकाश कश्यप की रास्ते में कमालगंज के निकट मौत हो गयी। मृतक आकाश सक्सेना के पिता दारोगा है और लखनऊ में तैनात हैं।

तमिलनाडु, एमपी के बाद केरल में कफ सिरप बैन

नयी दिल्ली। तमिलनाडु के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश और केरल ने भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप को बैन कर दिया। इस सिरप से मध्यप्रदेश में 27 दिन में 10 बच्चों की मौत हो गई। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच है।

उधर, राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। इस सिरप से राजस्थान में 2 बच्चों की जान गई।

कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य में इस दवा के थोक और रिटेल स्टॉक को सीज कर दिया गया है। एमपी के छिंदवाड़ा में कप सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है।

'जननायक' पद की हो रही है चोरी

बिहार वाले सावधान! मोदी ने राहुल और राजद पर साधा निशाना

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। पीएम सेतु योजना की लॉचिंग और आईटीआई दीक्षांत समारोह के मौके पर आयोजित युवा संवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन से राहुल गांधी और बिहार की लालू-राबड़ी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के जननायक पद की चोरी की कवायद की जा रही है। बिहार के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। पिछले दिनों वोटर अधिकार यात्रा के समय कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को तो पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव को जननायक बताया था। कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर राहुल गांधी को जननायक बताकर पोस्ट किया गया था।

युवा संवाद को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को नई स्किल

यूनिवर्सिटी मिली है। नीतीश सरकार ने इस यूनिवर्सिटी का नाम भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखा है। मैं बिहार के लोगों को कहूंगा चौकन्ने रहिए। यह जननायक पद कर्पूरी ठाकुर से ही शोभायमान है। बिहार की जनता ने उनकी कृति को देखते हुए यह सम्मान दिया। आजकल कुछ लोग जननायक की भी चोरी करने में लग गए हैं। इसलिए बिहार के लोगों से जागृत रहने का आग्रह करता हूं। हमारे कर्पूरी ठाकुर साहब को जनता के द्वारा दिया गया सम्मान कोई चोरी न कर ले।

पीएम ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा और शिक्षा विस्तार के लिए लगा दिया। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति भी आगे बढ़े। उनके नाम पर बनने वाले इसके लिए यूनिवर्सिटी इस सपने को आगे बढ़ने का माध्यम है। बिहार के हजारों युवा हमारे साथ जुड़े हैं। दो-ढाई दशक पहले बिहार में शिक्षा व्यवस्था कैसी थी, इसका अंदाजा उन्हें नहीं होगा। एक भी ढंग के संस्थान नहीं थे। ईमानदारी से स्कूल नहीं खुलते थे। कोई भर्ती नहीं होती थी। मजबूरी में लाखों बच्चों को बिहार छोड़कर दूसरे राज्यों में पढ़ने जाना पड़ता था। असली पलायन यहीं से शुरू होता था।

फाइलों तक सीमित न रहें बड़े अधिकारी

धरातल पर उतरकर परियोजनाओं की देखें प्रगति : योगी

विश्ववार्ता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आवास विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के अवस्थापना और शहरी विकास कार्यों को नए स्तर पर ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी केवल फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर उतरकर परियोजनाओं की प्रगति देखें और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत कार्यों को आगे बढ़ाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास प्राधिकरण मास्टर प्लान बनाते समय चयन प्रक्रिया को वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाएं ताकि योजनाएं व्यवहारिक तौर पर धरातल पर उतर सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अल्प अवधि, मध्य अवधि और दीर्घकालिक

योजनाएं बनाकर विकास परियोजनाओं को समग्रता के साथ आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ, कानपुर एवं मथुरा-वृंदावन के समग्र विकास हेतु 1833 करोड़ रुपए कि लागत से 38 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इनमें मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा वृंदावन में 14 शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि हर प्रस्ताव को स्थानीय स्तर पर सर्वे और अध्ययन के बाद ही अंतिम रूप दिया जाए, ताकि योजनाएं क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप हों और जनता को वास्तविक लाभ मिल सके।

राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित 28 किलोमीटर ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में संचालित विभिन्न परियोजनाओं को आपस में जोड़ने से आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीन कॉरिडोर और अन्य अवस्थापना परियोजनाओं के लिए आवश्यक निधि निवेश ऋण के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को विभागीय कन्वर्जेंस के माध्यम से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने विकास प्राधिकरणों से कहा कि वे ऐसी परियोजनाएं तैयार करें जो राष्ट्रीय स्तर पर मॉडल साबित हों और साथ ही प्राधिकरण की आय का भी स्रोत बनें।

लव अफेयर में हत्या

महामंडलेश्वर पर शिकंजा, 25 हजार का इनाम

विश्ववार्ता ब्यूरो

अलीगढ़। अलीगढ़ में टीवीएस शोरूम मालिक अभिषेक की हत्या के मामले में फरार महामंडलेश्वर पूजा शकुन पांडेय पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। 25 हजार का इनाम घोषित करने के साथ ही गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी हो गया है। पुलिस की चार टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस पूजा के करीब पहुंच गई है। जल्द उसकी गिरफ्तारी हो सकती है। इसी बीच पूजा ने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी डाली है, जिस पर सात अक्टूबर को सुनवाई होगी।

यह घटना 26 सितंबर की रात को हुई थी। हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव कचौरा निवासी 25 वर्षीय अभिषेक गुप्ता अपने पिता व चचेरे भाई के साथ खैर स्थित टीवीएस शोरूम को बंद करके लौट रहे थे। खेरेश्वर चौराहे पर बस में चढ़ने के दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने दोनों शूटरों के अलावा पूजा शकुन पांडेय के पति अशोक पांडेय को जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार पूजा व अशोक ने तीन लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। पूजा के अभिषेक से संबंध थे। वह अभिषेक को दूर नहीं होने देना चाहती थी। जब उसने शोरूम खोलातो उसमें भी पार्टनरशिप की बात कहती थी। एसएसपी ने पूजा पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। शनिवार को उसके गैर-जमानती वारंट जारी कराए गए। अगर पूजा पकड़ में नहीं आती तो पुलिस कुर्की की प्रक्रिया शुरू करेगी। साथ ही उसे भगौड़ा भी घोषित कराया जाएगा। एएसपी व सीओ प्रथम मयंक पाठक ने बताया कि पूजा की तलाश में टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पूजा की तलाश में जुटीं टीमों ने राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, पूर्वांचल में संभावित स्थानों में दबिश दी। लेकिन, उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस उसके रिश्तेदारों व करीबियों की सीडीआर भी खंगाल रही है। पूजा ने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत अर्जी डाली है। इस पर सुनवाई के लिए सात अक्टूबर की तिथि नियत की गई है। उधर, उसके पति अशोक पांडेय के अधिवक्ता ने भी निचली अदालत में जमानत अर्जी डाली थी, जो रद्द हो गई। अब सत्र न्यायालय में अर्जी डाली जाएगी।

हमारी सरेंडर नीति बहुत अच्छी, हथियार डाल दें नक्सली

अमित शाह ने माओवादियों से बातचीत की किसी भी सम्भावना से किया इनकार

एजेंसी

जगदलपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से एक बार फिर हथियार डालने की अपील की है। छत्तीसगढ़ में बस्तर दशहरा महोत्सव में शाह ने कहा कि हमने बहुत अच्छी सरेंडर नीति बनाई है। साथ ही कहा कि मां दंतेश्वरी से प्रार्थना की कि वे हमारे सुरक्षा बलों को शक्ति दें ताकि वे 31 मार्च 2026 तक बस्तर क्षेत्र को लाल आतंक से मुक्त कर सकें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को माओवादियों के साथ बातचीत की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें सरकार की लाभदायक सरेंडर और पुनर्वास नीति को स्वीकार करके हथियार डालने होंगे। शाह ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित बस्तर दशहरा महोत्सव को संबोधित किया। इससे पहले शाह ने प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन और पूजन किया। बस्तर दशहरा महोत्सव में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री डॉ. विजय शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

अमित शाह ने कहा कि 75 दिनों तक चलने वाला विश्व का सबसे बड़ा और अनूठा बस्तर दशहरा मेला एक सांस्कृतिक महोत्सव है। शाह ने कहा कि आज मां दंतेश्वरी के दर्शन-पूजन के दौरान उन्होंने प्रार्थना की कि वे हमारे सुरक्षा बलों को शक्ति दें ताकि वे 31 मार्च 2026 तक बस्तर क्षेत्र को लाल आतंक से मुक्त कर सकें।

शाह ने कहा कि दिल्ली में कुछ लोग वर्षों तक यह भ्रांति फैलाते रहे कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई है, जबकि सच यह है कि बस्तर के विकास से वंचित रहने का मूल कारण नक्सलवाद ही है। उन्होंने कहा कि आज देश के हर गांव में बिजली, पेयजल, सड़क, हर घर में शौचालय, पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था पहुंच चुकी है, लेकिन बस्तर प्रगति की इस दौड़ में पीछे रह गया है।

फिर याद दिलायी तारीख

गृह मंत्री ने कहा कि हमने बहुत सुंदर आत्मसमर्पण नीति बनाई है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार डाल दें। साथ ही चेताया भी कि यदि हथियारों के जरिए बस्तर की शांति को भंग करने का प्रयास किया गया तो हमारे सशस्त्र बल, सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस मिलकर इसका करारा जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 की तिथि तय है, जब नक्सलवाद को इस देश से पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।

गृह मंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी की ओर से यह आश्वासन देना चाहते हैं कि 31 मार्च, 2026 के बाद नक्सलवादी न तो बस्तर के विकास और न ही बस्तर के लोगों के अधिकारों को रोक पाएंगे। शाह ने कहा कि बस्तर क्षेत्र के जो बच्चे भटक कर नक्सलवाद से जुड़ गए हैं, वे स्थानीय गांवों के ही हैं। शाह ने बस्तर के लोगों से अपील की कि वे भटके हुए इन बच्चों को हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की बात समझाएं, ताकि वे बस्तर के विकास में सहभागी बनें।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने देश की सबसे बेहतर सरेंडर नीति बनाई है। पिछले एक महीने में ही 500 से अधिक नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे सरेंडर कर दें। शाह ने कहा कि जिस गांव में नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा, वहां छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गांव के विकास के लिए 1 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। शाह ने कहा कि नक्सलवाद से किसी का भला नहीं हुआ है और यह समस्या अब काफी हद तक कम हो चुकी है। अमित शाह ने कहा कि कि केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए पूर्णतः समर्पित हैं। इसके लिए आकर्षक नीतियां बनाई गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों में लगभग 4 लाख 40 हजार करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की है।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित विशेष अभियान व कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. चौहान ने शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की मूर्ति भेंट कर मुख्यमंत्री को मंगलकामनाएं दीं और कहा कि मां दुर्गा की शक्ति से प्रेरित होकर प्रदेश की प्रत्येक बेटी सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बने, यही आयोग की निरंतर प्रेरणा है।

निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी प्रदर्शन जारी

निजीकरण के आर एफ पी डॉक्यूमेंट को रद्द करने की नियामक आयोग से मांग

- संघर्ष समिति ने निजीकरण पर बिजली कर्मियों का पक्ष रखने हेतु नियामक आयोग से मांगा समय

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण की चर्चा तेज होने के बीच एक बार पुनः विद्युत नियामक आयोग से मांग की है कि वह पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु तैयार किए गए एकतरफा आरएफपी डॉक्यूमेंट को निरस्त कर दें। इस बीच निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 311 वें दिन आज बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से पुनः अनुरोध किया है कि वे पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से बिजली कर्मियों को होने वाले नुकसान के विषय में बिजली कर्मियों का पक्ष रखने के लिए संघर्ष समिति को वार्ता हेतु समय दें। संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली के क्षेत्र में बिजली कर्मी और बिजली के उपभोक्ता सबसे बड़े स्टेकहोल्डर है। ऐसे में निजीकरण के पहले बिजली कर्मियों और बिजली के उपभोक्ताओं का पक्ष सुने बिना निजीकरण के आर एफ पी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग को कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए। इस दृष्टि से विद्युत नियामक आयोग को आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विस्तृत वार्ता के लिए संघर्ष समिति को शीघ्रातिशीघ्र समय देना चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से लगभग 16500 नियमित कर्मचारियों और 60000 संविदा कर्मचारियों की नौकरियों के समाप्त होने का खतरा है। इसके अतिरिक्त बड़े पैमाने पर अभियंताओं, जूनियर इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को रिवर्शन का सामना करना पड़ेगा। निजीकरण कर्मचारियों का भविष्य अंधेरे में डाल देने वाला है। निजीकरण का प्रस्ताव हर हाल में निरस्त किया जाना चाहिए।

निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे हैं आंदोलन के 311 वें दिन आज बिजली कर्मियों ने वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

नई शिक्षा नीति विकसित भारत व विकसित यूपी के लिए सॉफ्ट स्किल के साथ, ग्लोबल सिटीजन करेगी तैयार

आगरा। आज प्रो.डीपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष यूजीसी व शिक्षा सलाहकार मुख्यमंत्री द्वारा आरबीएस मैनेजमेंट टेक्निकल कैंपस खंदारी सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विषय पर शिक्षकों तथा छात्र - छात्राओं के साथ संवाद कर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती तथा आरबीएस कॉलेज के संस्थापक राजा बलबंत सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रो.डीपी सिंह जी,पूर्व अध्यक्ष यूजीसी व शिक्षा सलाहकार मा.मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश का पटका पहना कर व मोमेंट देकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति प्रो. राजेश कुमार धाकरे, प्रो. ए एन सिंह जी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर शिक्षा सलाहकार मुख्यमंत्री प्रो डीपी सिंह जी ने अपने व्याख्यान में शिक्षकों, छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु 2047 तक का लक्ष्य रखा गया है, उन्होंने आजादी के अमृत काल में लक्ष्य तय किए उन्हीं में देश को विकसित बनाने का भी लक्ष्य है, मोदी जी ने ब्रांड इंडिया बनाए जाना हेतु 5- टी यथा टैलेंट, ट्रेड, ट्रेडिशन, टूरिज्म, टेक्नोलॉजी पर कार्य करने की बात कहीं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत @2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश को समर्थ उत्तर प्रदेश -विकसित उत्तर प्रदेश @2047 तक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिए गया है।

भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही : अखिलेश

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। संविधान विरोधी और अलोकतांत्रिक कार्य कर रही है। बरेली जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल को सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा रोका जाना निन्दनीय है। भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए तानाशाही कर रही है। सरकार अपने तानाशाही रवैये से संविधान की मूल भावना पर प्रहार कर रही है।

अभी पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के नेतृत्व में जा रहे प्रतिनिधिमंडल को रोका गया था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर बरेली जा रहे प्रतिनिधिमंडल को जगह-जगह रोका जाना भाजपा सरकार की नाकामी है। समाजवादी प्रतिनिधिमंडल को बरेली के डीआईजी और कमिश्नर से मिलकर वहां शांति बहाली की दिशा में प्रयास करना था। हैरानी की बात है कि बरेली के जिलाधिकारी ने निषेधाज्ञा का हवाला देकर नेता विरोधी दल और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल को बरेली जाने से रोक दिया। पुलिस ने माता प्रसाद पाण्डेय सहित प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों, हरेन्द्र मलिक सांसद, इकरा हसन सांसद, जियाउर्रहमान बर्क सांसद, मोहिबुल्लाह नदवी सांसद, नीरज मौर्य सांसद, वीरपाल सिंह यादव पूर्व सांसद, प्रवीण सिंह ऐरन पूर्व सांसद, शिवचरन कश्यप जिलाध्यक्ष, शमीम खाँ सुल्तानी महानगर अध्यक्ष, अताउर्रहमान विधायक एवं प्रदेश महासचिव समाजवादी पार्टी उप्र, शहजिल इस्लाम अंसारी विधायक, भगवत शरण गंगवार पूर्व मंत्री उप्र सरकार, शुभलेश यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उप्र को भी उनके घरों में पाबंद कर दिया। यह निंदनीय और शर्मनाक है। भाजपा सरकार का व्यवहार सत्ता के दुरुपयोग के साथ पूर्णतया अलोकतांत्रिक है। आगरा में 26 सितम्बर 2025 को जुमे की नमाज के बाद घटी घटना के बाद निदोषों की धरपकड़ के साथ कई मकानों-दुकानों पर बुलडोजर चला है। विपक्ष को वहां के हालात की सही जानकारी करने और पीड़ित परिवारों से मिलने से रोक कर जता दिया गया है कि अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने के लिए ही भाजपा सरकार यह सब हरकतें कर रही है। भाजपा सरकार को एक बात समझ लेनी चाहिए कि वह बरेली की जनता पर अपना दमनचक्र चलाकर कुछ हासिल नहीं कर पाएगी। पीडीए जाग चुका है। पीडीए की एकजुटता के आगे भाजपा का अन्याय, अत्याचार टिकने वाला नहीं है। भाजपा का कुशासन, लूट और भ्रष्टाचार सब जनता जान चुकी है। सन 2027 के चुनावों में भाजपा की दमनकारी, अहंकारी सरकार का सूपड़ा साफ होना तय है। अलोकतांत्रिक, जनविरोधी और अन्यायी भाजपा सरकार के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं।

एक नजर

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने महाकुंभ 2025 पर आधारित पुस्तकों के चार खंडों का किया विमोचन

लखनऊ। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय, आशियाना, लखनऊ में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी से संबंधित पुस्तकों के चार खंडों का विमोचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिक्षकों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल कक्षा अध्यापन तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना भी विकसित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए स्वदेशी अपनाने के संदेश की सराहना करते हुए विदेशी वस्तुओं का परित्याग करने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुमन गुप्ता ने स्वागत वक्तव्य में महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नेट एवं जेआरएफ उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जो शिक्षा की गुणवत्ता का प्रमाण है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राघवेंद्र मिश्र ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. सरिता सिंह द्वारा किया गया। समारोह में सचिव उच्च शिक्षा अमृत त्रिपाठी, विशेष सचिव उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी, निधि श्रीवास्तव, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. अमित भारद्वाज एवं सहायक निदेशक प्रो. बी.एल. शर्मा सहित विभागीय अधिकारी, महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्तनधारी जीवों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में यह दौड़ यह अहम भूमिका निभाएगी : जयवीर सिंह

लखनऊ। दुनिया भर में प्रतिवर्ष 05 अक्टूबर को मनाए जाने वाले ग्लोबल मैमल बिग डे के अवसर पर ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में विशेष ईको रन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर के सहयोग से किया जा रहा है। इस ईको रन का उद्देश्य सिर्फ दौड़ना नहीं, बल्कि प्रकृति और स्तनधारी जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में ईको रन की शुरुआत 05 अक्टूबर (रविवार) की सुबह 7:00 बजे, गेट नंबर- 2 से शुरू होगी। इस दौड़ में संरक्षणवादियों, शिक्षाविदों, पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों, फिटनेस उत्साही लोगों एवं सामान्य जनमानस की भागीदारी रहेगी। हर कदम के साथ प्रतिभागी न केवल जीवन के हर रूप का उत्सव मनाएंगे, बल्कि स्तनधारी जीवों के संरक्षण और उन्हें सुरक्षित रखने की साझा जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय योगदान देंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इको रन में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। ओखला बर्ड सैंक्चुअरी (दिल्ली-एनसीआर) की प्राकृतिक सुंदरता के बीच एक विशेष दौड़ में सम्मिलित होना धावकों को अविस्मरणीय अनुभव देगा। यह दौड़ ग्लोबल मैमल बिग डे का हिस्सा है, जो प्रत्येक वर्ष छोटे से छोटे चमगादड़ से लेकर विशाल जीवों के प्रति संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करती है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्तनधारी जीव हमारे पर्यावरण और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनमें से कई संकट का सामना कर रहे हैं, जिनके संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। इसी उद्देश्य के साथ यूपी ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर के सहयोग से ईको रन का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम लोगों को फिटनेस, जागरूकता और संरक्षण के लिए एक मंच प्रदान करता है। निदेशक, ईको पर्यटन प्रखर मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की भागीदारी से यह पहल स्तनधारी जीवों के संरक्षण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी के बीच सेतु बनाती है। ईको रन प्रतिभागियों को न केवल दौड़ने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि वे प्रकृति और जैव विविधता की सुरक्षा के संदेश को भी आगे बढ़ाएंगे।

गांवों में रोजगार व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा : केशव प्रसाद

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण हाटों के संचालन एवं रखरखाव से सम्बन्धित सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।उन्होंने निर्देश दिये है ग्रामीण हाटों के आवंटन मे स्वयं सहायता समूहो को प्राथमिकता दी जाय, यह महिला सशक्तिकरण की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मनरेगा योजनान्तर्गत संचालित ग्रामीण हाटों के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जिलाधिकारियो को भेजे गये पत्र मे कहा गया है कि ग्रामीण हाट के संचालन एवं स्थल चयन हेतु खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव की संयुक्त समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा हाट स्थल का चयन एवं संचालन सम्बन्धी सभी कार्य सुनिश्चित किए जाएंगे। गांव के सबसे गरीब एवं बाजार लगाने के इच्छुक निवासियों को हाट में दुकान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups) को भी प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। हाट संचालन से प्राप्त किराये की आय ग्राम पंचायत के खाते में सुरक्षित रखी जाएगी तथा उक्त आय का उपयोग हाट की संरचना के रखरखाव, सुरक्षा एवं विकास कार्यों में किया जाएगा।

उच्च शिक्षा मंत्री ने किया निरीक्षण एवं विभागीय समीक्षा बैठक

लखनऊ। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय शनिवार को लखनऊ स्थित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने सर्वप्रथम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उच्च शिक्षा की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने पर बल दिया। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रहित से जुड़ी प्रत्येक योजना का लाभ समयबद्ध ढंग से विद्यार्थियों तक पहुँचे तथा शिक्षण संस्थानों में अनुशासन, सुचारु परीक्षा प्रणाली और शोध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। उच्च शिक्षा मंत्री ने लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में उच्च शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि शीघ्र ही इस कार्यालय भवन का निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के कार्यों के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढाँचा उपलब्ध हो सके।

मलिन बस्तियों का कायाकल्प जरूरी, मूलभूत सुविधाओं का हो विस्तार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

- मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पार्किंग, रेस्टोरेंट और ऑडिटोरियम जैसे प्रोजेक्ट्स को पीपीपी मॉडल पर करें विकसित
- बिना मानक और नगर निकायों की अनुमति के विकसित होने वाली कॉलोनियों और बस्तियों पर प्रारंभिक स्तर पर ही लगाएं रोक : मुख्यमंत्री

राजधानी स्थित सरकारी आवास में आवास विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में शहरों के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्य नियोजित ढंग से और समन्वित रूप में किए जाएं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विभागों द्वारा अलग-अलग कार्य करने से योजनाओं में अनावश्यक देरी होती है। इसलिए सभी विभाग मिलकर साझा कार्ययोजना बनाएं और समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन करें। मलिन बस्तियों के विकास पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, जल निकासी, सड़क कनेक्टिविटी और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल निकासी व्यवस्था (ड्रेनेज सिस्टम) को और मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रत्येक शहर में ऐसी नाली की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे भारी बारिश के बाद जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनेज सिस्टम के सुधार और नई व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि नागरिकों को बरसात के समय किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। मलिन बस्तियों के विकास पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, जल निकासी, सड़क कनेक्टिविटी, कूड़ा कलेक्शन और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन बस्तियों के विकास की जिम्मेदारी ठेकेदारों को न दी जाए, बल्कि नगर निकाय स्वयं इसकी जिम्मेदारी उठाएं और समय-समय पर उसकी मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलिन बस्तियों और पब्लिक प्लेसेस अधिक से अधिक सामुदायिक शौचलयों के निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखा जाए की इन सामुदायिक शौचालयों में नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकायों से जुड़े नए गांवों में भी मूलभूत सुविधाएं जल्द सुनिश्चित की जाए, जिससे लोगों किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लापरवाही की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही तय की जाएगी। स्मार्ट सिटी के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी की योजनाओं को इस तरह तैयार किया जाए जिससे शहर का समग्र विकास हो और साथ ही राजस्व की भी वृद्धि सुनिश्चित हो। इसके तहत मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मल्टीलेवल पार्किंग, रेस्टोरेंट और ऑडिटोरियम जैसे प्रोजेक्ट्स को पीपीपी मॉडल पर विकसित करें। स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने नियमित कूड़ा उठान और उसके निस्तारण को सुनिश्चित करने के साथ-साथ ठोस और गीले कचरे को अलग करने के लिए नियमित जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बिना मानक और नगर निकायों की अनुमति के विकसित होने वाली कॉलोनियों और बस्तियों पर प्रारंभिक स्तर पर ही रोक लगाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी अनधिकृत गतिविधियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि शहरों की नियोजित संरचना बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने नगर विकास से जुड़ी सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने के दिए निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एवं जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ कोर कमेटी की बैठक निरीक्षण भवन जौनपुर में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विकास कार्यों की प्रगति, जनसमस्याओं के समाधान और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री जी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लापरवाही या ढिलाई किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनता के बीच उत्तरदायी और पारदर्शी कार्यशैली अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि जनता को समयबद्ध सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे निरंतर जनसमस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाते रहें ताकि समस्याओं का समाधान तत्काल किया जा सके। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सीमा द्विवेदी, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विधायक मडियाहू डॉक्टर आर के पटेल, जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

वैश्य समाज के लोगों को लेकर दिल्ली पहुंचे मंत्री नन्दी

- वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के कांक्लेव में होंगे सम्मिलित

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। राजनैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ निर्बल वर्ग को सबल बनाने, उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने एवं आत्मनिर्भर बनाने व समाज के उत्थान में पूरी तरह समर्पित उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ प्रयागराज एवं विभिन्न जनपदों के 60 सदस्य शनिवार को देश की राजधानी दिल्ली के होटल ललित में वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन द्वारा आयोजित कांक्लेव में सम्मिलित होंगे। जहां देश के कई बड़े व्यापारिक एवं सामाजिक घरानों की मौजूदगी में विभिन्न राज्यों एवं विभिन्न जनपदों के वैश्य समाज के निर्बल वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधुनिक ठेला दिया जाएगा। साथ ही उन्हें सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली में आयोजित वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के कांक्लेव में सम्मिलित होने के लिए मंत्री नन्दी शुक्रवार की रात हमसफर एक्सप्रेस से सभी 60 सदस्यों को साथ लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए। सभी परिवार ने मंत्री नन्दी के साथ प्रयागराज से दिल्ली का सफर किया। सुबह सभी लोग दिल्ली पहुंचे जहां एक होटल में सभी के रूकने की व्यवस्था की गई थी।

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बद्री प्रसाद दुलीचन्द्र उमराव इण्टर कॉलेज, अमौली, जनपद फतेहपुर के प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 19-10-2025 को विद्यालय के सभागार में होना तय हुआ है जिसमें प्रबन्ध समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य समय से उपस्थित होकर विद्यालय प्रबन्ध समिति के चुनाव को सम्पन्न करायें।

- जय सिंह
अध्यक्ष
बद्री प्रसाद दुलीचन्द्र उमराव पू0 माध्यमिक विद्यालय अमौली, फतेहपुर

मिशन शक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग का अभिनव प्रयास-हर बेटी सुरक्षित, हर बेटी जागरूक : लीना जौहरी

मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को मिली आत्मरक्षा की नई दिशा

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज प्रदेश के सभी जनपदों में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन 3 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह थीम के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा और व्यक्तिगत संरक्षण से जुड़े विषयों पर जागरूक करना है। आज के कार्यक्रमों में जनपद, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर कार्यशालाएँ और छोटे सूहों में सत्र आयोजित किये गये, जिनमें बालिकाओं और महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़े अधिकारों, उपायों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यालयों में विशेष रूप से सत्रों का आयोजन किया गया, जहाँ छात्राओं को विशेषज्ञों द्वारा यह समझाया गया कि विभिन्न सामाजिक या व्यक्तिगत परिस्थितियों में वे अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकती हैं। इस दौरान आत्मरक्षा के बुनियादी अभ्यास, संकट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीके, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी तथा साइबर सुरक्षा जैसे पहलुओं पर भी चर्चा की गई। प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम का संचालन विषय विशेषज्ञों, समाजसेवियों और प्रशिक्षकों की उपस्थिति में हुआ। इसमें यह विशेष संदेश दिया गया कि कोई भी बालिका या महिला अगर किसी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति का सामना करती है तो उसे चुप न रहकर अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए और उपलब्ध सरकारी एवं सामाजिक सहायता तंत्र का उपयोग करना चाहिए। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी विद्यालयों तक आयोजित इन सत्रों में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खुले मन से अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं। कई जगह छात्राओं ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल उन्हें आत्मविश्वास देते हैं बल्कि परिवार और समाज में भी सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश की अपर मुख्य सचिव लीना जोहरी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बडा कदम है। पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस से जुडी जानकारी हर बेटी के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी शिक्षा। पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि समाज में जागरूकता ही सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है। मिशन शक्ति के इस प्रयास से न केवल बालिकाओं की व्यक्तिगत सुरक्षा सुदृढ होगी, बल्कि पूरे प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के लिए सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण के निर्माण को भी गति मिलेगी।

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी अमौली, फतेहपुर

पत्रांकः 659/ज०भ०नीलामी/2025-26 **दिनांक :- 04/10/2025**

विज्ञप्ति

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर के कार्यालय पत्रांक SSA 3290-96/2024-25 दिनांक 06.08.2024 के क्रम में विकास खण्ड-अमौली में स्थित जीर्ण-जर्जर भवनों की नीलामी की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी फतेहपुर द्वारा अनुमोदित न्यूनतम मूल्य (स्क्रैप वैल्यू) से अधिक पर नीलामी की कार्यवाही गठित समिति के माध्यम से की जायेगी।

क्र0 सं0	विकास खण्ड	विद्यालय का नाम	नीलामी तिथि	स्क्रैप वैल्यू
1	अमौली	कम्पो0 वि0 गोहरारी	13.10.2025	53522
2	अमौली	कम्पो0 वि0 गोविन्दपुर बिलारी	13.10.2025	56628
3	अमौली	उ0प्रा0वि0 बकियापुर	13.10.2025	56970

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित जर्जर भवन की नीलामी प्रक्रिया में इच्छुक बोलीदाता इस कार्यालय से सम्पर्क कर नीलामी हेतु नियम व शर्तों की जानकार

एक नजर

भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी, मुकदमा दर्ज

काकोरी। भगवान श्रीराम के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा किए जाने के बाद शनिवार को क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ता भारी संख्या में काकोरी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, काकोरी क्षेत्र के इब्राहिमगंज निवासी सौरभ कुमार गौतम ने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा की थी, जो भगवान श्रीराम की मर्यादा का उल्लंघन करती बताई जा रही है। इस पोस्ट से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उक्त पोस्ट का उद्देश्य समाज में वैमनस्य फैलाना और धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ना था। संगठन ने इसे शांति व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया। विहिप-बजरंग दल के जिला सह सुरक्षा प्रमुख रवि राजपूत, प्रखंड अध्यक्ष सुनील शर्मा, संजय गुप्ता और सचिन राठौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी काकोरी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सौरभ कुमार गौतम को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

लखनऊ में कांग्रेस ने वोट चोर को रावण बताया

लखनऊ। यूपी कांग्रेस ऑफिस के बाहर दशहरा पर लगी होर्डिंग ने विवाद खड़ा कर दिया है। होर्डिंग में रावण को वोट चोर बताया गया है। राहुल गांधी को भगवान श्रीराम और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को लक्ष्मण के रूप में दिखाया गया है। राहुल गांधी, कथित वोटचोर पर तीर से निशाना साधे हुए दिख रहे हैं। होर्डिंग ने राजधानी लखनऊ का राजनैतिक पारा चढ़ा दिया है। होर्डिंग पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आपत्ति की है। उन्होंने कहा-राम के अस्तित्व को कांग्रेस नकारती रहती है। अब राहुल गांधी को ही राम के रूप में दर्शा कर कांग्रेसी क्या संदेश देना चाहते हैं। कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने इसे नौटंकी करार देते हुए कहा- राहुल गांधी श्रीराम का दर्शन करने आज तक अयोध्या नहीं गए। उन्हें श्रीराम के रूप में दर्शाकर ये लोग केवल नौटंकी कर रहे हैं। इन्हें माफी मांगनी चाहिए। होर्डिंग पर महंगाई, जंगलराज, भ्रष्टाचार, ED, वोट चोर, EC चुनाव आयोग, CBI, बेरोजगारी, पेपर लीक और तानाशाही को रावण का 10 सिर दिखाया गया है। भगवान श्रीराम के स्वरूप में राहुल गांधी इन सिरों पर तीर चलाते दिखाए गए हैं। NSUI के प्रदेश उपाध्यक्ष आर्यन मिश्रा ने यह होर्डिंग लगवाया है। उन्होंने बताया कि देश की उम्मीद अब राहुल गांधी हैं। राहुल ही महंगाई, जंगलराज, भ्रष्टाचार, ED, वोट चोर, EC चुनाव आयोग, CBI, बेरोजगारी, पेपर लीक और तानाशाही जैसे गंभीर मुद्दों से जनता को बचाएंगे।

रियल एस्टेट क्षेत्र में स्थापित किया नया कीर्तिमान

लखनऊ। ई-नीलामी में लखनऊ, कानपुर, आगरा समेत 7 से अधिक जिलों की संपत्तियां शामिल- पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन व पारदर्शी होने से बढ़ा निवेशकों का भरोसा, ई-नीलामी में जमकर लिया हिस्सा- विकास कार्यों और जनता के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने में किया जाएगा धन का उपयोग लखनऊ, 4 अक्टूबर। विजयदशमी के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। परिषद द्वारा 30 सितंबर 2025 को आयोजित मेगा ई-नीलामी ने रियल एस्टेट क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस नीलामी के माध्यम से परिषद को लगभग (1168.43 करोड़ की आय प्राप्त होने की संभावना है, जो अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। यह सफलता योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों और निवेशकों के बीच बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।इस मेगा ई-नीलामी में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों जैसे लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद, और कासगंज आदि महत्वपूर्ण जिलों में स्थित कुल 992 संपत्तियों (391 आवासीय और 601 अनावासीय) को प्रस्तावित किया गया था। इनमें व्यावसायिक भूखंड, ग्रुप हाउसिंग प्लॉट्स, संस्थागत भूखंड, और आईटी सिटी प्लॉट्स के साथ-साथ आवासीय संपत्तियां शामिल थीं। नीलामी की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया गया। पंजीकरण प्रक्रिया 18 सितंबर 2025 से शुरू होकर डिजिटल ऑक्शन पोर्टल के माध्यम से सुगम बनाई गई थी।योगी सरकार के प्रभावी प्रचार-प्रसार और तकनीकी पारदर्शिता के कारण निवेशकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रतिस्पर्धात्मक बोलियां लगाईं। इस नीलामी में निवेशकों का भारी उत्साह न केवल परिषद की विश्वसनीयता को मजबूत किया है, बल्कि प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल को भी दर्शाता है। मेगा ई-नीलामी से प्राप्त होने वाली 1168.43 करोड़ की संभावित आय का उपयोग परिषद द्वारा नई आवासीय योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास और जनता के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने में किया जाएगा। यह उपलब्धि योगी सरकार की उस नीति को बल देती है, जो प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है।उत्तर प्रदेश में निवेशकों का बढ़ रहा विश्वासनीलामी न केवल परिषद की आम जनमानस एवं निवेशकों के बीच लोकप्रियता एवं विश्वास का प्रतीक है, बल्कि प्रदेश में निवेश वातावरण को और अधिक प्रोत्साहन देने वाली है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि सरकारी आवासीय / अनावासीय योजनाएं अब निवेशकों के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प बन चुकी हैं। इस प्रकार उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा विजयदशमी के अवसर पर संपन्न कराई गई यह मेगा ई-नीलामी आर्थिक दृष्टि से ऐतिहासिक सफलता है, जिससे संभावित 1168 करोड़ की आय परिषद और प्रदेश दोनों की आर्थिक सुदृढ़ता को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी ।प्रदेश में दिख रहा योगी सरकार की नीतियों का असरमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पारदर्शी प्रशासन और निवेश-अनुकूल नीतियों का असर साफ दिख रहा है। यह वजह है कि योगी सरकार ने रियल एस्टेट क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। यह मेगा ई-नीलामी न केवल परिषद की लोकप्रियता का प्रतीक है, बल्कि प्रदेश में आर्थिक समृद्धि और विकास के नए द्वार खोलने वाली है। विजयदशमी के अवसर पर प्राप्त यह उपलब्धि योगी सरकार की प्रतिबद्धता और जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता का एक और उदाहरण है। यह नीलामी न केवल परिषद के लिए, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है, जो राज्य की आर्थिक सुदृढ़ता को नई दिशा प्रदान करेगा।

खतरनाक स्थिति में चुप न रहें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दे रही है। 90 दिवसीय विशेष अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग ने अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह (3-11 अक्टूबर 2025) के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में #सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप# का भव्य आयोजन किया। इसमें बताया गया कि यदि कोई बालिका या महिला किसी प्रतिकूल स्थिति का सामना करे, तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए और सरकारी व सामाजिक सहायता तंत्र का उपयोग करना चाहिए।प्रदेश के सभी जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं और समूह सत्रों में बालिकाओं और महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े अधिकारों और तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूलों में आयोजित विशेष सत्रों में विशेषज्ञों ने छात्राओं को सिखाया कि विभिन्न सामाजिक और व्यक्तिगत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें। इसके माध्यम से योगी सरकार का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा, अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन जी सकें। योगी सरकार की इस पहल ने नारी सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।इन सत्रों में आत्मरक्षा के व्यावहारिक प्रशिक्षण, संकट की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के तरीके, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

लखनऊ। आज सेक्टर-क्यू-अलीगंज में 39 वर्षों से लगातार सकलतापूर्वक सम्पन्न होने चले आ रहे कार्यक्रम दशहरा मेला एवं रावण दहन का आयोजन #राम लीला एवं दशहरा मेला समिति# के संस्थापक. आयोजक अध्यक्ष आयोजक अध्यक्ष श्री बृजेश द्विवेरी एवं विशिष्णु अनिधि पार्षद भी स्वदेश सिंह के कुशल निर्देशन में महाराणा प्रताप पार्क, सेम्भर क्यू में सम्पन्न हो गया। कई तरह के फूले एवं रंगीन आतिशबाजी हजार दूर-दूर से आए लोगों का ने दसियों हजार मनोरंजन किया। किया। कार खूब का सफल संचालन वरिष्ठ महामंत्री एवं सभी पदाधिकारियों सहित श्री अनुभव द्विवेदी ने संपन्न करवाया।

129.06 करोड़ से खरीदे जाएंगे अत्याधुनिक उपकरण

कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने वित्तीय स्वीकृति प्रदान की

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान को आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। इससे कैंसर मरीज को आधुनिक इलाज मिल सकेगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संस्थान में उपकरणों की खरीद-फरोख्त के लिए 129.06 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि कैंसर संस्थान में प्रदेश भर से रोगी इलाज की खातिर आ रहे हैं।

रोगियों को बेहतर इलाज मुहैया कराना सरकार का दायित्व है। इसी क्रम में संस्थान को आधुनिक उपकरणों से लैस करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि 129.06 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रोगियों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए उपकरण क्रय किए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने 11.46 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल व संस्थानों में रोगियों को आधुनिक इलाज मुहैया कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। उपकरण व नई तकनीक से संस्थानों को जोड़ा जा रहा है।

प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में तीन वेतन वृद्धि रोकी

श्रावस्ती जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. डीके गुप्ता पर महोबा जिला चिकित्सालय में तैनाती से लगातार एनपीए लेते हुए प्राइवेट प्रैक्टिस करने के आरोप लगे हैं। साथ ही मेडिकल स्टोर संचालकों से साठगांठ करने के आरोप भी थे। आरोप सही पाए गए। डिप्टी सीएम ने प्रमुख सचिव को निर्देश दिए हैं कि डॉ. डीके गुप्ता की 3 वेतन वृद्धियां स्थायी रूप से रोकी जाएं। साथ ही परिनिन्दा का दण्ड दिया जाए। जिला महोबा में तैनाती अवधि लगभग 10 वर्षों से लिए गये निजी प्रैक्टिस पे की वसूली ब्याज सहित की जाए।

टेंडर में गड़बड़ी व भ्रष्टाचार के आरोप में कन्नौज सीएमओ की होगी जांच

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिए निर्देश

लखनऊ। टेंडर में गड़बड़ी, वित्तीय अनियमित्ता व भ्रष्टाचार के आरोप में कन्नौज के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता पर शिकंजा कस गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शिकायतों के आधार पर जांच कराने का फैसला किया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को डॉ. स्वदेश गुप्ता के खिलाफ शिकायतों की जांच कराने व आरोप पत्र देकर विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। रामपुर की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह द्वारा बागपत में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पद पर रहने के दौरान पीसीपीएनडीटी एक्ट का दुरूपयोग करने के आरोप हैं। आरोप हैं कि अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों में अनियमित्ता को बढ़ावा दिया। इस संबंध में डिप्टी सीएम ने प्रमुख सचिव को आरोपों की जांच कराने व आरोप-पत्र देकर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। अमेठी, जगदीशपुर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप तिवारी का स्थानान्तरण मुसाफिरखाना सीएचसी पर किया गया था। इसके बावजूद डॉ. प्रदीप ने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया हे। उच्चादेश की अवहेलना की है। डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. प्रदीप के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए हैं। चित्रकूट के मुख्य चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण तबल किया गया है। आरोप है कि मख्य चिकित्साधिकारी अकसर मुख्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। उच्चादेशों का अनुपालन नहीं करते हें। शासकीय व पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरत रहे हैं। इसलिए इन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : पंत

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त की अध्यक्षता में आज तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर फरियादियों की समस्या सुनकर शिकायतों का निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण, जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। फरीयादियों की समस्या सुनवाई के दौरान प्रार्थीनी शांति निवासिनी ग्राम-गोपरा मऊ द्वारा अवगत कराया गया कि प्रार्थिनी को ग्राम-गोपरामऊ के गाटा संख्या 1918 मि० रकबा 0.3790 हेक्टेयर भूमि आवंटन के रूप में मिली थी। जो दर्ज खतौनी असंक्रमणीय भूमिधर है। जिस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है तथा शेष आशिक भाग पर प्रार्थिनी को अभी तक कब्जा भी नही मिल पाया है। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि प्रार्थिनी के संपूर्ण भाग का राजस्व टीम द्वारा पैमाइश कराकर कब्जा दिलाया जाये साथ ही अवैध रूप से किये गए कब्जादारो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा ये। मंडलायुक्त ने कहा कि संबंधित लेखपाल अपने दायित्वों को अच्छे से समझते हुए अक्षरशः पालन किया जाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सभी अधिकारीगण जनता की शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्णढंग से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाये। जिससे कि आम जनमानस को वास्तविक न्याय मिल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारीगण मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायतकर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मंडलायुक्त ने कहा समाज का अन्तिम व्यक्ति तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचे ऐसे मंशा के साथ कार्य करें अधिकारीगण।

उन्होने भू-माफियाओं को लेकर कहा कि अवैध कब्जा करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाये और जमीनों को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी।

अधिकारों के लिए साथ चलना होगा : सुभाषिनी

आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वेतन नहीं मात्र सहयोग राशि ही मिल रही है

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। महिलाएं आज भी हिंसा, अशिक्षा, बेरोजगारी और समानता के अधिकार के लिए जूझ रही हैं। सत्ता की मनुवादी और पितृसत्तात्मक विचारधारा से हक के लिए लड़ रही हैं। ये लड़ाई हम कमज़ोर नहीं होने देंगे। इस लड़ाई में देश-प्रदेश की महिलाओं को जोड़कर और आगे बढ़ेंगे। यह संकल्प आज यहां अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति एडवा उप्र के उद्यान भवन प्रेक्षागृह सप्रू मार्ग में हुए 13वें राज्य सम्मेलन के पहले दिन सुभाषिनी अली, नेहा दीक्षित, मरियम धावले, मधु गर्ग, वंदना मिश्र जैसी नेत्रियों के बीच प्रतिभागियों ने लिये। राज्य सम्मेलन में 15 जिलों की 130 महिलाएं हिस्सेदारी कर रही हैं।

दूसरे दिन कल प्रतिनिधियों कस सम्मेलन होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर बदलती पत्रकारिता की चर्चा करते हुए कई मुकदमे झेल रही मैनी लाइफ आफ सईदा एक्स किताब की लेखिका नेहा दीक्षित ने कहा कि खेत, घर, जमीन, बस्ती, यौनिक हिंसा और शिक्षा जैसे सारे मुद्दे महिलाओं से जुड़े हुए हैं, किंतु मीडिया में महिलाओं को बस रसोई तक सीमित कर दिया जाता है। आज की नारी बहुत से बंधनों से मुक्त हो रही है, पर इसे अपनाया या स्वीकार नहीं किया जा रहा। तकनीकी विकास और

» मनुवादी और पितृसत्तात्मक विचारधारा से हक की लड़ाई कमजोर नहीं होने देंगे

डिजिटलीकरण के बावजूद ढुलमुल सरकारी नीतियों के कारण महिलाओं को उनके हक नहीं मिल पा रहे। यहां तक कि राशन पाने का अधिकार भी मेहनतकश महिलाओं को डिजिटलीकरण में दुश्वारियों के कारण नहीं मिल पा रहा। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वेतन नहीं मात्र सहयोग राशि ही मिल रही है। अपनी पुस्तक की नायिका सईदा और रेशमा के संग बादाम छीलने के काम में जुटी महिलाओं की बदहाली और संघर्ष की बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं सशक्त और कामकाजी हैं, जरूरत इस बात की है कि उन्हें सही से और बराबरी के साथ काम करने दिया जाए। एडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाषिनी अली ने आज प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों में अव्वल है। दलितों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। स्कूल बंद हो रहे हैं और अभी पांच हज़ार और स्कूल बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। प्रदेश में एक हजार में सबसे ज्यादा 70 नवजात की मृत्युदर प्रदेश में है, जबकि केरल में यह दर मात्र पांच है। यहां प्रसूताओं की मृत्युदर भी बहुत ज्यादा है। सत्ता में बैठी मनुवादी सरकारों का जिक्र करते हुए कहा कि देश अडानी और अम्बानी जैसे कारपोरेट घरानों को सौंपा जा रही है। बिजली के लिये गांवों तक में स्मार्ट मीटर थोपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अफसोस है कि इस प्रदेश में बलात्कारियों को सम्मानित किया जाता है। हाथरस काण्ड में दिवंगत पीड़िता के परिवार के सदस्य को कोर्ट के आदेश के बावजूद नौकरी न दिये जाने की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हम मनुवाद स्वीकार नहीं करेंगे। संविधान में दिये अधिकारों के लिए लड़ेंगे। अगर हम आज भी एक दूसरे का हाथ पकड़कर साथ नहीं चलेंगे तो हम पर भी बुलडोज़र चल जाएगा।

हर महिला का दर्द हमारा दर्द है। जरूरत है कि हम सबको साथ लेकर अपनी लड़ाई और तेज करें। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए महासचित मरियम धावले ने 26 राज्यों में हुए एडवा सम्मेलन के हवाले से कहा कि हर महिला, हर व्यक्ति को अपनी काबलियत के साथ इज्जत के साथ जीने का हक है। हर जगह से संविधान बचाने और अधिकार पाने के लिए आवाजें उठ रही हैं। जो सत्ता में हैं, वे हमे अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। हमारी लड़ाई अपने अधिकारों के साथ ही काम की जरूरत,मंहगाई, शिक्षा, पानी, जमीन आदि को लेकर भी है। छात्रवृत्ति, शिक्षा नीति और राशन पाने की नीति बदलने के लिए भी हमें लड़ना होगा। लड़कियों की शिक्षा बंद नहीं होनी चाहिए। समाज के अंदर हिंसा बढ़ने से महिलाओं की जिंदगी असुरक्षित होती जा रही है। मधु गर्ग के संचालन में चले समारोह में स्वागत भाषण में सामाजिक कार्यकत्री वंदना मिश्र ने लखनवी कला संस्कृति का जिक्र करते हुए शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आनर किलिंग, महिला अपराधों में प्रदेश आगे है। हमें बाहरी नहीं भीतरी जंजीरें भी तोड़नी होंगी। इससे पहले युद्ध, आपदाओं में मृत और अशोक गर्ग जैसे दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बुशरा नकवी के गाए हम मेहनतकश जगवालों से..... गीत से प्रारम्भ हुए सम्मेलन में 344 दिनों से अमौसी एयरपोर्ट भूमि अधिग्रहण के खिलाफ धरना दे रही महिलाओं की प्रतिनिधि सुषमा और सीमा यादव और अकबरनगर के लिये लड़ने वाली बुशरा सुमन पाण्डे को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रो.नदीम हसनैन, प्रो.रमेश दीक्षित, वंदना राय, सरोज कुशवाहा, किरन, सुमन सिंह, सीमा कटियार, नाइश हसन और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

राजस्व मामले निपटाने में लखनऊ यूपी में नंबर वन : डीएम

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 597 प्रकरण प्राप्त हुए, 123 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। विशाख जी ने बताया कि तहसील मोहनलालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 276 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 78 प्रकरणों का

निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 55 में से 06 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 98 में से 12 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 95 में से 24 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 276 में से 78 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 73 में से 03 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये। आज जनपद में पुलिस 80, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 27, राजस्व 316, विकास 30, शिक्षा 09, स्वास्थ्य 11, समाज कल्याण 17 तथा अन्य 107 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। समाधान दिवस के दौरान जनता दर्शन में पूर्व में प्रस्तुत प्रकरण, जिसमें मौके पर लेखपाल समेसी को मुआयना करते हुए अपनी जांच आख्या प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु लेखपाल द्वारा मौके पे जा कर शिकायतकर्ता को अवगत न करते हुए प्रतिपक्षी को सूचना दे कर वापस आ गए एवं प्रकरण का समुचित निस्तारण नहीं किया गया। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा लेखपाल समेसी को शिकायत का विधिवत निस्तारण न करने के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से तहसील मुख्यालय से अवमुक्त करते हुए जिला मुख्यालय पर सम्बद्ध करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, जिला विकास अधिकारी अजीत सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील मोहनलालगंज पवन पटेल, तहसीलदार मोहनलालगंज ऋतुराज, पीडी ग्राम्य विकास, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल वार्डेन को हटाया गया

लखनऊ। डीएम के पास कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कई बच्चियां शिकायत लेकर पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में रात में कई आदमी आते हैं। उधर देखने पर प्रिंसिपल हम बच्चियों को गालियां देती हैं। धमकी देती हैं कि ये बात किसी को बताना नहीं। अगर बताया तो मारकर फेंक देंगे। कोई पता भी नहीं पाएगा। जिलाधिकारी विशाख जी. के सामने बच्चियों ने मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत की। इस पर DM ने कार्रवाई करते हुए तत्काल वार्डन को हटाने के आदेश दिए। 3 महिला अधिकारियों की कमेटी मामले की जांच करेगी।

स्कूल की बच्चियों ने बताया- विद्यालय की प्रिंसिपल और वार्डन उनसे झाड़ू-पोंछा लगवाती हैं। साथ ही बाथरूम साफ करवाती हैं। रात में 5-6 आदमी आते हैं। किसी बच्ची ने अगर उधर देख लिया तो उसकी बेरहमी से पिटाई कर मैडम गाली देती हैं।

फरमान एलडीए ने दोनों आवासीय योजनाओं में आ रहे 30 गांवों में जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक के सम्बंध में प्रशासन को भेजा पत्र

नैमिष नगर व वरूण विहार के गांवों में जमीन की रजिस्ट्री पर लगेगी रोक

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की नैमिष नगर व वरूण विहार आवासीय योजना में आ रहे गांवों में अब जमीन की खरीद-फरोख्त नहीं हो सकेगी। इसके लिए एलडीए ने योजना से आच्छादित गांवों में जमीन की रजिस्ट्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के सम्बंध में उप निबंधक को पत्र भेजा है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे के पास लगभग 6,580 एकड़ क्षेत्रफल में वरूण विहार योजना विकसित की जाएगी। जिसके लिए सदर व सरोजनीनगर तहसील के ग्राम-भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा,

इलेक्ट्रॉनिक दुकान मे लगी आग, लाखों का नुकसान

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के थाना बंथरा इलाके मे शनिवार की सुबह एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान मे भीषण आग लग गई। घटना मे दुकान के अंदर रखा लाखो रुपये की कीमत का सामान जल कर राख़ हो गया।सुचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।यह घटना कानपुर रोड के बंथरा स्थिति बाला जी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान मे हुई। दुकान मालिक बीरेंद्र गुप्ता प्रतिदिन की भांति शुक्रवार की शाम दूकान बंद कर घर चके गए। शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे दुकान के पास रहने वाले लोगो ने शटर से धुआ निकलते देखा और बीरेंद्र को सुचना दी। बीरेंद्र ने जब दुकान का शटर खोला तो अंदर आग कक लपटे तेजी से जल रही थी। आस पास के लोगो की मदद से बालटी यो से पानी फेंक कर आग ब्यझाने की कोशिश की।लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके फायर विभाग को सुचना दी गई। सदमकल की गाड़ियों ने जल्द ही आग पर जब पा लिया।

गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा एवं दोना की भूमि चिन्हित की गयी है। इसी तरह सीतापुर-रैथा रोड पर प्रस्तावित नैमिष नगर योजना के लिए 18 गांवों की लगभग 3670 एकड़ जमीन ली जानी है। इसमें बीकेटी व सदर तहसील के ग्राम-भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर शामिल हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि वरूण विहार के लिए लगभग 22403 किसान और नैमिष नगर के लिए लगभग 18532 किसानों से प्राधिकरण के पक्ष में जमीन का बैनामा कराया जाना है। इ

एक नजर

अवैध कब्जा व निर्माण कार्य की रोके जाने की मांग

लखनऊ। थाना बिजनौर के किशुनपुर कौड़यिा निवासी संजय पुत्र स्वर्गीय सुरेश के मुतावीक उनका कहना हैं की गाँव के ही दबंग भूमाफिया सरजू पुत्र स्व सिंघा द्वारा अवैध भूमि कब्जा कर निर्माण कार्य रोके जाने के लिए तहसील दिवस मे शिकायत देकर मांग की हैं। उन्होंने बताया की बीती 28 सितम्बर 25 को भूमि गाटा संख्या 46 रकबा 0,1450हेक्टरेयर स्थिति गाँव किशुन पुर कौड़यिा तहसील सरोजनी नगर पर गाँव के ही दबंग सरजू पुत्र स्वर्गीय सिंघा व उसके परिवार के लोगो द्वारा अवैध कब्जा व निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। दबंग द्वारा पक्का निर्माण करने के लिए नीव खिड़की रहा था। तभी इसका संजय ने विरोध किया तो दबंग और उसका परिवार एवं सहयोगी नहीं माने। तब संजय ने पुलिस के 112 नम्बर पर शिकायत की। तब दबंग का काम रुका लेकिन 29 सितम्बर 25 को पुनः दबंग संजय की भूमि पर कब्जा और निर्माण का प्रयास जर रहा हैं। संजय का कहना हैं की यदि उसे रोका न गया तो उसकी भूमि की क्षति होंगी। यह भूमि अभी मेरे पिता के नाम दर्ज हैं। तहसील दिवस मे शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा रोक कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग की हैं। उधर आज शनिवार को उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर की अध्यक्षता मे आयोजित तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस मे 73 शिकायत कर्ताओ ने अपनी अपनी शिकायते दर्ज करवाई। जिसमे मात्र तीन प्रकारणों का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष शिकायतो को सम्बन्धित अधिकारियो को प्रेषित कर दी गई की उन शिकायतों का समय बद्ध तरीके समाधान करें।

सदस्य बढ़ाने के लिए चलाया गया अभियान

काकोरी। एम पैक्स सदस्यता अभियान के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड काकोरी के सभागार में सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। सदस्यता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे ब्लॉक सभागार में उपस्थित किसानों को सहकारिता से हो रहे लाभों के बारे में बताते हुए वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाले समय में सहकारी समिति से उन्हीं किसानों को खाद एवं अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त होंगे जो सहकारी समिति पर सदस्य होंगे उन्होंने उपस्थित किसानों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को सहकारी समिति का सदस्य बनाने का काम करना है आगे उन्होंने कहा कि जो सदस्य भूमिहीन हैं सहकारी समिति के माध्यम से उनको रोजगार करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित जिला अध्यक्ष विजय मौर्य मुख्य कार्यपालक अधिकारी आदेश प्रताप एवं ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव के द्वारा उपस्थित किसानों को सदस्यता के प्रमाण पत्र दिए गए।

नर्स के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र स्थित मेदांता अस्पताल में कार्यरत स्टॉफ नर्स के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए कीमत के जेवरात और नकदी चोरी कर ली,जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। प्रियंका यादव पिता का नाम चन्द्रमा यादव निवासी जनपद गाजीपुर, वर्तमान में मेदांता अस्पताल में स्टाफ नर्स के रुप में कार्यरत है। और वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास, अवध बिहार योजना सेक्टर 7ए/बी 3/04 में रहती है। पीड़िता के मुताबिक बीती 20सितम्बर को सुबह 9 .30 बजे घर में ताला बंद कर ड्यूटी पर गयी थी।और शाम को जब वापस आयी तो देखा कि, कमरे का ताला टूटा हुआ है। अलमारी खुली हुयी थी। और उसमें रखी 2 डायमण्ड की इयरिंग, और 2 सोने की ईयरिंग, और 4 नोज रिंग, और 3 जोडी पायल, चाँदी का कड़ा, 3-से 4 हजार रुपये नकद सब सामान गायब था। पीड़िता का आरोप है कि फोन करके पुलिस को बुलाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 20 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आगे कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़िता के भाई शुभेंदु यादव की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

नाबालिग ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

काकोरी। काकोरी कस्बा निवासी नाबालिग लड़की ने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। म्रतक के परिजनों ने बताया कि समय करीब 5 बजे नैन्सी पुत्री सरवन सिंह उम्र करीब 15 वर्ष काजी खेड़ा कस्बा निवासी ने आंगन के जाल में साड़ी का फंदा से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। म्रतक के पड़ोसियों द्वारा काकोरी पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद चौकी प्रभारी काकोरी द्वारा मौके पर पहुंच कर परिजनों के सहयोग से शव को नीचे उतारा गया एवं वीडियो ग्राफी कराई गईं मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है। मृतिका के कोई भाई बहन नहीं है मृतिका अपनी दादी के साथ रह रही थी।

युवक से दबंगों ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज, (लखनऊ)। मोहनलालगंज कस्बे में एक युवक पर दबंगों ने मारपीट कर किया लहूलुहान पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई वहीं पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही में जुटी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौरभ श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय सुधाकर श्रीवास्तव निवासी कस्बा मोहनलालगंज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह बीते शुक्रवार को मोहनलालगंज कस्बे में स्थित इंडियन ढाबा रेलवे क्रॉसिंग के पास गया था। इसी दौरान मऊ गांव के रंजीत शर्मा राजू यादव अपने अन्य अज्ञात चार साथियों सहित पीड़ित को घेर लिया और बिना किसी कारण के मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसे जमीन पर गिराकर बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर और चेहरे व घुटने में गंभीर चोटें आईं। उसने कहा कि जब उसने बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके पर से भाग निकले। पीड़ित सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से वह भयभीत हैं और न्याय की अपेक्षा में इंतजार कर रहा है। इस संबंध में मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

दवा लेने निकले युवक को मिक्सचर ने रौंदा, मौत

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र के अर्जुन गंज इलाके में रहने वाले एक युवक को मिक्सचर ने टक्कर मार दी, पुलिस ने उसे एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने बेटे की दवा लेने के लिए घर से निकला था। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने घटना के 6 दिन बाद मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। पीड़िता राधिका उपाध्याय सरसवां, साँई दाता रोड, अर्जुनगंज में पिछले 6 वर्ष से अपने पति संजीव कुमार उपाध्याय,दो छोटे बच्चों के साथ रहती हैं। घटना बीती 27 सितंम्बर शनिवार रात 9 .30 बजे की है, संजीव घर से बेटे की दवा लेने निकले थे। करीब 10 .15 के आस-पास राधिका के पास संजीव के ही फोन से फोन आया कि बैंक आफ बडौदा के आगे बैकरी के पास उनका एक्सीडेंट हो गया है। वहाँ पहुँचने पर प्रत्यक्षसाक्षियों द्वारा मालूम हुआ कि मिक्सर मशीन (भवन निर्माण) के टक्कर से सर का भाग पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो गया है। उसी समय पुलिस की सहायता से संजीव कुमार उपाध्याय को एपेक्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। उसी दिन करीब 10 .45 पर ट्रामा सेंटर में संजीव कुमार उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया गया। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की पीड़िता जब बीती 23अक्टूबर को कोतवाली पहुंची तब जाकर मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता का कहना है कि अभी तक कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है,जिससे वह अपने बच्चों की परवरिश कर सके। पुलिस को तहरीर दे कर मदद की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद असलियत का पता चलेगा। फिलहाल जांच चल रही है।

पत्रकार अखिलेश बाजपेयी के छोटे भाई दिनेश के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश बाजपेयी के छोटे भाई दिनेश बाजपेयी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। उधर मृतक के परिजनों को सांत्वना देने के लिए घर पर लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है।

तीसरी आंख ने खोला युवक के लापता होने का राज

डायल 112 पुलिस द्वारा लाए गए युवक के लापता होने की हुई थी शिकायत, चार गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। एक युवक को इधर उधर छिपा कर पुलिस पर युवक को गायब करने के आरोपों का तीसरी आंख ने राज खोल दिया। जिस युवक के थाने से गायब होने की शिकायत पुलिस आयुक्त तक हुई उसे तीसरी आंख ने कई बार देखा। घटना की गहन जांच के बाद पुलिस ने गुमशुदा युवक सहित उसके पिता, भाई तथा एक अन्य व्यक्ति को षडयंत्र रचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गोसाईगंज के बाजार मध्य निवासी राम कुमार ने पुलिस में कहा था कि 27 सितंबर को रात नौ बजे डायल 112 पुलिस मेरे पुत्र सुभाष को लेकर गई जो घर वापस नहीं आया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने उक्त सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच गोसाईगंज चौकी प्रभारी राज कुमार को सौंपी। युवक के पुलिस द्वारा थाने ले जाने के बाद लापता होने की सूचना को पुलिस उपायुक्त निपुण अग्रवाल, अपर पुलिस उपायुक्त रल्लापल्ली वसंथ कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज ऋषभ रुणवाल और सहायक पुलिस आयुक्त दक्षिणी अपूर्वा पांडेय ने गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच और युवक की बरामदगी के लिए तीन टीमें गठित किया। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने गोसाईगंज से खुदही बाजार तक करीब 200 कैमरे खंगाल डाला। जांच के दौरान कैमरों से पता चला कि गुमशुदा सुभाष 27 सितंबर को रात नौ बजे थाने के मंदिर के चबूतरे पर बैठा था। फिर वह वहां से जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार रात दो बजकर बीस मिनट पर घर जाता दिखाई दिया। उसके 10 मिनट बाद उसके पिता ने थाने फोन किया कि पुलिस बेटे को थाने के गई थी जो अभी तक आया नहीं है। पुलिस की जांच में 28 सितंबर को सुभाष खुदही बाहर में एक ज्वैलर्स की दुकान के सामने दिखाई दिया और एक होटल की तरफ भी गया। इस बीच पुलिस आयुक्त को भी प्रार्थनापत्र दिया गया कि पुलिस सुभाष को थाने ले गई थी जो वापस नहीं आया है। जांच के बाद पुलिस ने गुमशुदा युवक सुभाष, उसके भाई शुभम, पिता राम कुमार और एक अन्य व्यक्ति अखिलेश गौराम के खिलाफ अपहरण का षडयंत्र रचने सहित अन्य अपराध का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सुभाष को किसान पथ के नीचे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 28 सितंबर को सभी की आपस में बात होना पाया गया। पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया और सभी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। षडयंत्र का खुलासा करने वाली पुलिस टीमों में गोसाईगंज चौकी प्रभारी राज कुमार, उप निरीक्षक उमा शंकर, अनुराग पांडेय, विक्रांत सिंह, शुभम प्रताप सिंह, चरण सिंह, सोनम राय, आरक्षी साधना सचान, रणजीत कुमार और आदित्य नेगी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार सुभाष द्वारा पुलिस को झगड़े की सूचना दिए जाने पर डायल 112 वहां पहुंची थी और सुभाष को साथ लाई थी लेकिन नशे में होने के कारण बाहर बैठा दिया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार संबंधित घटना में किसी पत्रकार की कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है।

कैन्टर का जाल व तिरपाल काटकर घी चोरी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में चोरों ने अजब गजब चोरियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। जहाँ कुछ दिन पूर्व विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों से अपनी पहचान छिपाते हुए एक चोर ने प्लास्टिक बोरा पहन कर स्कूल वाहनों की 04 बैटरियाँ खोलकर चोरी कर ली। परन्तु पुलिस की सर्तक व तिरक्षी नजरों से ज्यादा दिन बच नहीं पाये और दो चोर बैटरी सहित पुलिस की गिरफ्त में आकर जेल भेज दिये गये। रविवार को 06 चक्का कैन्टर का चालक देशराज सिंह, अंकुर रोड़, लाईन्स दिल्ली से कैन्टर में 40 टिन मदर डेयरी घी लाकर पार्क नं0-03 के सामने ट्रांस्पोर्ट नगर सरोजनीनगर में रात्रि 01 बजे पहुंचकर गाड़ी के अन्दर दूसरे चालक बन्टी के साथ गाड़ी में बने केबिन में ही सो गये। दोनों चालक जब सुबह 07 बजे सोकर उठे तो गाड़ी लेकर गोदाम पहुंचे और कैन्टर से जब शाम 04 बजे गाड़ी से घी उतरने पर मदर डेयरी के रखे 40 टिन घी कम मिला । शातिर चोरों मे कैन्टर के पीछे का जाल व तिरपाल काटकर चोरी की थी। चालक को ग्राहक कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी (पार्टी) द्वारा भेजी गयी लोकेशन पर ही लोड़ गाड़ी ट्रांस्पोर्ट नगर में खड़ी की गयी थी। जिसका बिल्टी नं0-103838 है। कैन्टर चालक देशराज सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

आईटीआई में चौथा कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित

लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज, लखनऊ में शनिवार को चौथे कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साइरस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के प्रमुख शैलेश श्रीवास्तव रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप चौहान ने की। समारोह का शुभारंभ संस्थान की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं के विवरण के साथ हुआ। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राजकीय आईटीआई अलीगंज गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे विद्यार्थी भविष्य में बेहतर रोजगार पा सकें और स्वरोजगार की दिशा में भी अग्रसर हों। मुख्य अतिथि शैलेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का युवा यदि सही दिशा में प्रशिक्षित हो, तो वह आत्मनिर्भर बन सकता है और देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को उद्योगों की अपेक्षाओं और तकनीकी कौशल के महत्व से अवगत कराया। समारोह में सभी ट्रेड्स के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए गए।

मरिया खातून को मिला प्रथम पुरस्कार

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। ललित कला अकादमी,क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ द्वारा आयोजित सेवा पर्व 2025 के अवसर पर "विकसित भारत के रंग,कला के संग" विषय पर आयोजित एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला एवं सम्मान समारोह में शहर के प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, डॉ. वंदना सहगल (डीन एवं प्राचार्य, वास्तुकला एवं योजना संकाय, ए.पी.जे.अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ) तथा डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी (क्षेत्रीय सचिव, ललित कला अकादमी) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सम्मान समारोह में तीन श्रेणियों प्रोफेशनल कलाकार, कॉलेज के युवा कलाकार एवं स्कूल के विद्यार्थी में पुरस्कार प्रदान किए गए। कॉलेज के युवा कलाकार श्रेणी में मरिया खातून ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया।कुलपति प्रो.मांडवी सिंह ने मरिया खातून को अंगवस्त्र पहनाकर एवं सम्मान पत्र व चेक प्रदान कर सम्मानित किया।मरिया खातून एक प्रतिभाशाली युवा कलाकार हैं, जिनके चित्रों में सजीवता और गहराई देखने को मिलती है। कला जगत के जानकार उन्हें "नवोदित सितारा" मानते हैं। उनकी कूची में परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम झलकता है। मरिया खातून का कहना है कि—"कला समाज को जोड़ने और सकारात्मक संदेश देने का सबसे सशक्त माध्यम है।"ललित कला अकादमी,जो देश की शीर्षस्थ दृश्य कला की संस्था है, समय-समय पर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर कला एवं कलाकारों को प्रोत्साहन देती रही है।

सेवा पर्व 2025 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में स्वतंत्र चित्रकारों के साथ विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शहर के नामी कलाकारों ने भी सहभागिता की। मरिया खातून को मिला यह सम्मान न केवल उनके कला-सफर का अहम पड़ाव है, बल्कि आने युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

सिलेंडर पटककर महिला की हुई हत्या, सनसनी

लखनऊ। महिला की हत्या मामले की गुत्थी उलझ गई है। घरवालों ने पुलिस को जो शिकायत दी है उसमें मझले बेटे को लापता बताया है जबकि पुलिस को सीसीटीवी में वह 2 CCTV फुटेज में अकेले जाते दिखा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मृतका के मझले बेटे ने घटना के बाद मामा को फोन किया था। उसने कहा था कि मामा मुझे बचा लो, ये लोग मार डालेंगे। इसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस को शक है कि बेटे ने ही मां की हत्या की है। घटना रायबरेली रोड के बाबू खेड़ा गांव की है। शुक्रवार को 40 वर्षीय रेनू यादव की खून से सनी लाश घर में मिली। पास में रखे गैस सिलेंडर पर खून लगा हुआ था जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी हत्या सिलेंडर पर सिर पटककर की गई। पहले लूट और अपहरण की कहानी गढ़ी गई, लेकिन सीसीटीवी और कॉल डिटेल्स ने पूरा केस पलट दिया। अब शक की सुई सीधा बेटे निखिल यादव पर टिक गई है। वह घटना के आधे घंटे के भीतर बाइक से आराम से मोहल्ले से निकलता कैमरे में कैद हो गया।

सहारा के कर्मचारियों ने गायों को छुट्टा छोड़ा

बिजली और पानी नहीं आने से चारा खत्म, कर्मचारी बोले वेतन नहीं मिला

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। राजधानी इलाके में सहारा शहर में तीसरे दिन कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी है। लगातार तीसरे दिन परिसर का बिजली-पानी बंद है। इसके चलते मवेशियों का चारा खत्म हो गया है। मवेशी भी अब बेसहारा होकर सहारा शहर की सड़क सहित अन्य जगहों पर घूम रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि मैनेजमेंट ने शुक्रवार को एसीपी कार्यालय में बुलाने की कोशिश की थी, लेकिन यहां पर हम लोग की यह बात हुई थी कि हम वहां पर नहीं जाएंगे।

प्रबंधन के लोग बातचीत करने के लिए परिसर में आएं। इस दौरान सहारा शहर के लोगों से बातचीत करने को तैयार हुए हैं। इसने चार से पांच लोगों के प्रतिनिधि बात करेंगे। राजेंद्र प्रसाद कनौजिया ने कहा कि सैलरी नहीं मिल रही है। फेमिली में बहुत दिक्कत है। 2014 से सहारा इंडिया ने पीएफ नहीं जमा किया। हमारे परिवार को और संस्था के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। इसका समाधान होना चाहिए। हम लोग लड़ाई झगड़ा नहीं करना चाहते। हमारा बकाया दिया जाए, हिसाब किया जाए। 1995 से नौकरी कर रहा हूं, 2014 तक स्थिति ठीक थी। इसके बाद सब कुछ खराब हो गया। साल भर में तीन बार सैलरी मिल रही है। 30 से अधिक सालों तक नौकरी की है। अब हम लोग कहां जाएंगे क्या करेंगे कोई सुनने वाला नहीं है। वहीं, संतोष कुमार ने बताया कि हमारा बकाया वेतन दिया जाए पीएफ सहित अन्य चीज भी दी जाए मुख्यमंत्री

» बच्चों की पढ़ाई छूट गई है लड़की की शादी नहीं हो पा रही है, मां बीमार है

तक हम लोगों की मांग पहुंचाई जाए। आनंद प्रताप लोधी ने कहा कि 1 अप्रैल 2011 से रेस्टोरेंट में काम कर रहा हूं। 2012 से वेतन भुगतान नियमित नहीं मिल रहा है। पीएफ और अन्य मद का पैसा भी नहीं मिल रहा है। हम लोगों की केवल एक मांग है, हम लोगों का पेमेंट दे दिया जाए। हमको कोई इंटरेस्ट नहीं चाहिए। हमारा हिसाब संस्था की तरफ से कर दिया जाए। बच्चों की पढ़ाई छूट गई है, लड़की की शादी नहीं हो पा रही है, मां बीमार है उनका पूरी तरीके से इलाज नहीं कर पा रहे हैं। तनख्वाह चार से पांच बार ही एक साल में मिल रही है।

हमारा यही कहना है कि शांतिपूर्वक हम लोगों का हिसाब कर दिया जाए। हम लोगों को कोई शिकायत मैनेजमेंट से नहीं है। हम घर चले जाएंगे। हमारा पैसा दिया जाए ताकि हम जीवन यापन अपना और अपने परिवार का कर सके।

800 वर्षों के बाद मिली आजादी की कीमत समझो

सप्रिंगडेल चौराहा अब कहलाएगा शहीद हेमू कालाणी चौक, विधायक राजेश्व ने किया कांस्य प्रतिमा का अनावरण

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित हेमू कालाणी चौक पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद हेमू कालाणी की भव्य कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। पूर्व में 'सप्रिंगडेल चौराहा' के नाम से प्रसिद्ध लोकबन्धु चिकित्सालय के निकट इस चौक का सौंदर्यीकरण भी विधायक निधि से कराया गया है।

प्रतिमा अनावरण के अवसर पर क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। पूरा वातावरण "भारत माता की जय" और "हेमू कालाणी अमर रहें" के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, "वीरता को नमन करना चाहिए, बलिदान को नमन करना चाहिए। जिन महान आत्माओं ने स्वयं से पहले राष्ट्र और समाज के बारे में सोचा, वे ही हमारे लिए प्रेरणास्तंभ हैं।" उन्होंने कहा कि 19 वर्ष की आयु में हेमू कालाणी को फांसी दी गई थी, क्योंकि उन्होंने अंग्रेजों की हथियारों से भरी ट्रेन को बलोचिस्तान पहुँचने से रोकने के लिए पटरी उखाड़ने का साहसिक प्रयास किया था। उन्होंने अत्याचारों की असीम यातनाएँ सहने के बावजूद उन्होंने अपने साथियों के नाम नहीं बताए और हँसते-हँसते माँ भारती की स्वतंत्रता के लिए फांसी पर झूल गया। डॉ. सिंह जी ने कहा कि यह आज़ादी हमें सहजता से नहीं मिली, खुदीराम बोस, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे युवाओं ने 18 से 23 वर्ष की उम्र में बलिदान देकर हमें यह स्वाधीनता दिलाई। उन्होंने कहा जातीय, भाषायी और प्रांतीय संघर्षों ने हमें कमजोर किया, यही कारण रहा कि हम पराधीन हुए, हमने 600 साल मुगलों की और 200 साल अंग्रेजों की गुलामी झेली। उन वर्षों में हमारी जीडीपी 23% से गिरकर 2% तक पहुँच गया। विधायक ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज राष्ट्र के सामने अनेक खतरे हैं, "हमने देखा है कि कैसे कुछ पडोसी देशों में सोशल मीडिया, एआई और डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग कर जनता को अपने ही शासन के खिलाफ भड़काया गया। हमें सजग रहना होगा,

» युवाओं को चाहिए कि वे स्वयं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएं

डिजिटल स्किल बढानी होगी, और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही हमें इन चुनौतियों से बचा सकता है। उन्होंने कहा कि हर साल देश में 15 लाख इंजीनियर तैयार हो रहे हैं, परंतु 45% युवाओं में रोजगार योग्य स्किल नहीं है। सरकार युवाओं को विश्वस्तरीय शिक्षा और सस्ता इंटरनेट दे रही है, अब युवाओं को चाहिए कि वे स्वयं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएं। डॉ. सिंह जी ने कहा कि सरोजनी नगर में सांस्कृतिक और आर्थिक विकास एक साथ हो रहा है। उन्होंने बताया, "अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा स्थापित हो चुकी है, रानी लक्ष्मीबाई जी की प्रतिमा बनकर तैयार है,उदा देवी पासी जी और अवंती बाई लोधी जी की प्रतिमाएं शीघ्र स्थापित होंगी।" उन्होंने कहा कि ये प्रतिमाएं केवल धातु नहीं हैं, ये हमारे कर्तव्यों की जीवित स्मृतियां हैं, जो हमें स्मरण कराती हैं कि राष्ट्र हमेशा "मैं" से ऊपर है। डॉ. सिंह जी ने कहा कि सरोजनीनगर में शहीद हेमू कालाणी प्रतिमा के साथ-साथ अशोक लीलैंड ईवी बस फैक्ट्री, लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड रोड, प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प और नए विश्वविद्यालय परिसरों का निर्माण ये सब विकास के बहुआयामी स्वरूप को दर्शाते हैं। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन 5-10 मिनट राष्ट्र के बारे में चिंतन करने की अपील की और कहा, "हमें सोचना चाहिए कि कश्मीर घाटी हिन्दू-विहीन क्यों हो गई।, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय में हिन्दू आबादी क्यों घटी, और पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा कराने में कठिनाइयाँ क्यों बढ़ रही हैं।"उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ, धर्मांतरण और पर्यावरणीय उपेक्षा जैसी चुनौतियों से हमें स्वयं निपटना होगा "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राष्ट्र नवनिर्माण के मार्ग पर अग्रसर है, पर जब तक समाज में कर्तव्यबोध नहीं जागेगा, तब तक राष्ट्र का विकास अधूरा रहेगा। इस मौके पर मौजूद रहे सिंधी समाज के धर्मगुरु संतजादा साईं हरीश लाल साहिब एवं इस जीवंत कांस्य प्रतिमा के मूर्तिकार प्रो. के. सी. बाजपेयी का विधायक ने विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। मंच पर उपस्थित अतिथियों में कौशलेंद्र द्विवेदी जी, सतीश अतवानी जी, सौरभ सिंह मोनू जी, राजन मिश्रा जी, राजीव बाजपेयी जी, रमा शंकर त्रिपाठी जी समेत अनेक समाजसेवी शामिल रहे।

नागरिकों ने रखी जानकीपुरम में सामुदायिक केंद्र निर्माण की मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

» प्रशासनिक उपेक्षा के कारण लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है

लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार कॉलोनी को बसाए हुए लगभग 30 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आज भी यहां के निवासियों को सामुदायिक केंद्र जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। आमतौर पर किसी भी नई कॉलोनी के निर्माण के समय सड़क, नाली, मकान, दुकान, चिकित्सालय, पोस्ट ऑफिस, सब्ज़ी मंडी, बिजली कार्यालय, जल संस्थान कार्यालय और सामुदायिक केंद्र जैसी सुविधाएं जनता के हित में उपलब्ध कराई जाती हैं।

परंतु विडंबना यह है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जानकीपुरम विस्तार की विशाल आबादी को आज तक सामुदायिक केंद्र की सुविधा प्रदान नहीं की गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्राधिकरण के नक्शे में सामुदायिक केंद्र हेतु भूमि सुरक्षित रखी गई थी, किंतु 30 वर्षों के उपरांत भी वहां निर्माण कार्य नहीं कराया गया। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों के लिए यह समस्या और गंभीर है, क्योंकि वे अपने पारिवारिक कार्यक्रमों जैसे जन्मदिन, विवाह, मांगलिक व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए महंगे होटलों का खर्च वहन नहीं कर सकते। ऐसे में उनके सपने अधूरे रह जाते हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए लखनऊ जन विकास महासभा, जानकी पुरम विस्तार ने माननीय मुख्यमंत्री जी को एक पत्र प्रेषित किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इस संबंध में उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण को स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए जा चुके है।

लोगों का कहना है कि प्रशासनिक उपेक्षा के कारण यहां लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण कई छोटी-मोटी समस्याओं से लोगों को रोजाना दो चार होना पड़ता है। सबसे बुरा हाल तो गरीब तबके के लोगों का है। जिन्हें छोटे-मोटे आयोजनों के लिए भी भारी-भरकम रकम चुकानी पड़ती है। काफी लंबे अर्से से लोग उक्त मांग एलडीए के अधिकारियों से लेकर अन्य राजनीतिक बड़े नेताओं के समक्ष रख चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या पर कोई गौर नहीं किया गया। नागिरकों का कहना है कि यदि इस बारे में शीघ्र निर्णय न लिया गया तो उसके लिए अलग से योजना बनाकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। किंतु इस समस्या को हल करने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

संकट के बादल मंगलवार को तेज हवाओं के साथ हुई हथिया नक्षत्र की पहली बरसात ने खेतों में खड़ी धान की पकी फसल गिरा दी

पानी में डूबी किसानों की मेहनत, राहत के नाम पर अफसरों ने साधी चुप्पी

राम दशरथ यादव

लखनऊ। आखिर वही हुआ जिसकी आशंका थी। हथिया

एक नजर

युवक का शव पेड़ से लटका मिला

मोहम्मदी खीरी। लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी क्षेत्र के पड़सर गांव में एक युवक का शव यूकेलिप्टिस के पेड़ से लटका मिला। यह घटना रात करीब 9 बजे सामने आई, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। पुलिस ने युवक की पहचान लौकी खेरा के सहजनियां गाँव निवासी रामसहाय के 25 वर्षीय पुत्र सनोज शर्मा के रूप में की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सनोज शर्मा अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद से तनाव में थे। उनका विवाह 2 दिसंबर 2024 को खुटार से हुआ था, और उनकी पत्नी का निधन 18 सितंबर 2025 को हो गया था। पत्नी की मौत के बाद ससुराल पक्ष के लोग उन्हें ताना देते थे, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई थी। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

बाइक दुर्घटना में युवक की मौत, साथी घायल

मसौली (बाराबंकी)। शनिवार की देर शाम कस्बा फतेहपुर के मस्ताननगर में बाइक दुर्घटना में मो. तलहा (35) की मौत हो गई। वह बहन के यहां मिठाई लेकर जा रहे थे। बाइक पर साथ बैठा उनका साथी अब्दुल सफी गंभीर रूप से नहीं, पर आंशिक रूप से घायल हुआ। जानकारी के अनुसार, मसौली थाना क्षेत्र के सआदतगंज निवासी तलहा और सफी सीतापुर-महमूदाबाद बहन के घर ग्यारहवीं शरीफ की मिठाई देने जा रहे थे। मस्ताननगर पहुंचते ही पीछे से तेज रफ्तार डंफर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घायल तलहा को सीएचसी फतेहपुर लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के तीन पुत्र 16 वर्षीय अदनान, 13 वर्षीय जिशान और 10 वर्षीय फौजान को पिता की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी शफ़कीन का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दुर्घटना स्थल का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील रामसनेहीघाट में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान डीएम ने जनशिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 122 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 19 का मौके पर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भूमि विवाद, खतौनी त्रुटि, पेंशन और राशन कार्ड जैसी शिकायतों का तत्काल समाधान कराया। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद आवेदकों से फीडबैक लेकर संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। जनपद की सभी तहसीलों में कुल 445 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 56 का तत्काल निस्तारण हुआ। डीएम ने राजस्व अधिकारियों को चकमार्ग और शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश भी दिए।

दरोगा के परिवार को सिपाही ने दी धमकी

बाराबंकी। जिले में पुलिसकर्मी की दबंगई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के एक सिपाही ने शराब के नशे में सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक (दरोगा) के परिवार को धमकाया। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज करानी चाही, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने टालमटोल रवैया अपनाया। सूत्रों के अनुसार, नशे में धुत सिपाही ने दरोगा के परिवार के घर पहुंचकर अभद्रता की और धमकियां दीं। परिवार के सदस्यों ने इसका वीडियो भी बनाया है। परिवार ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उधर, पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

लंपी रोग से बचाव के लिए गोवंश का टीकाकरण अभियान

रामनगर (बाराबंकी)। गोवंश में फैलने वाले जानलेवा लंपी रोग से बचाव के लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर सुरक्षा टीका (वैक्सीन) लगा रही हैं। कस्बा रामनगर में चंद्र प्रकाश चौरसिया, अनुपम पांडे, मुन्ना गुप्ता और संतोष त्रिपाठी के गोवंश को पशु चिकित्सक ए.आई. विश्वनाथ प्रताप, पैरावेट अरविंद कुमार, अमरेश कुमार और राम विलास ने टीका लगाया। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरजीत कुमार सचान ने बताया कि लंपी रोग जानलेवा है। इसके कारण पशुओं के शरीर पर बड़े फफोले बन जाते हैं, जो फूटकर घाव बनाते हैं। घाव से खून-मवाद बहने लगता है, बुखार और पीड़ा से पशु की मृत्यु भी हो सकती है। पशुओं को सुरक्षा के लिए 15 दिनों से टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत रामनगर सहित करीब 30 गांवों में अब तक लगभग तीन हजार पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। अभियान शत-प्रतिशत पूर्ण होने तक लगातार जारी रहेगा।

संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, दिए निर्देश

शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : जिलाधिकारी

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील मितौली के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी संकल्प शर्मा व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।इस समाधान दिवस में कुल 55 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 09 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 30, आपूर्ति की 15, पुलिस विभाग की 04, विद्युत और विकास विभाग की 03-03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीसी मनरेगा अमित सिंह परिहार, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ जितेंद्र सिंह परिहार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

20 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार नेपाल में साधु बनकर रहता था

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में ईसानगर थाना पुलिस ने 20 साल से फरार चल रहे एक वांछित अपराधी को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह गुपचुप तरीके से परिजनों से मिलने गांव आया था। आरोपी परसराम निवासी मिश्रगांव जमदरी पुलिस को लंबे समय से चकमा दे रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी नेपाल भागकर वहां साधु के वेश में रह रहा था और नाम भी बदल लिया था।

थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी ने बताया कि परसराम वर्ष 2003 से न्यायालय में वांछित चल रहा था। उसके खिलाफ जारी वारंट के अनुपालन में पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। वर्षों तक उसकी कोई भनक नहीं लगने के बाद हाल ही में पुलिस को सूचना मिली कि वह चोरी-छिपे अपने परिजनों से मिलने गांव आने वाला है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी परसराम को धर दबोचा। पूछताछ में उसने खुद को साधु बताया, लेकिन जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने अपनी असली पहचान स्वीकार कर ली। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

घर में घुसे बदमाश, युवक पर चाकू से हमला

बाराबंकी। दरियाबाद थाना क्षेत्र के कटरा मोहल्ला में शनिवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब घर में घुसे दो अज्ञात बदमाशों ने युवक मोहम्मद मसीहा पर चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए।

घायल युवक को परिजनों ने तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। मसीहा ने बताया कि वह रात में कमरे में सो रहा था, तभी सीढ़ियों से उतरकर आए दो अज्ञात व्यक्ति कमरे में घुसे। उसने शोर मचाया तो हमलावरों ने उस पर चाकू से वार कर दिया। हमले में उसका हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का बड़ा आंदोलन

विश्ववार्ता संवाददाता

बाराबंकी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा परिषदीय शिक्षकों के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) अनिवार्य किए जाने के आदेश के विरोध में शिक्षकों ने ज़बरदस्त प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जिलेभर में शिक्षकों ने आंदोलन तेज कर दिया। सैकड़ों शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते रहने और आंदोलन को चरणबद्ध रूप से जारी रखने का संकल्प लिया। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ संगठन ने पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दी है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल सेवा सुरक्षा की नहीं बल्कि शिक्षकों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा की है।

डॉ. सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लगभग 1.86 लाख और देशभर में करीब 10 लाख शिक्षक इस फैसले से प्रभावित होंगे। इनमें अधिकांश शिक्षक 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जिनके लिए पुनः परीक्षा देना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन का संघर्ष संगठनात्मक और कानूनी, दोनों मोर्चों पर जारी रहेगा, जब तक न्याय नहीं मिलता।

भीम आर्मी पदाधिकारी की आत्महत्या मामले में पुलिस पर गंभीर आरोप

मृतक के परिजनों ने कोतवाल और एसएसआई पर प्रताड़ना व घूसखोरी का लगाया आरोप

परिवार ने निष्पक्ष जांच की मांग की

» सुसाइड नोट में सामने आया पुलिस उत्पीड़न, ग्रामीण और संगठन में आक्रोश

विश्ववार्ता संवाददाता

जैदपुर (बाराबंकी)। थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम मौथरी में भीम आर्मी के पदाधिकारी अशोक कुमार की आत्महत्या मामले ने नया मोड़ ले लिया है। बुधवार सुबह आम के पेड़ से शव लटकता पाया गया। शुरुआती जांच में पुलिस ने गांव के कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया, लेकिन मृतक के परिजनों ने अब पुलिस अधिकारियों पर ही आरोप लगाए हैं। गन्ना संस्थान में धरने पर बैठे मृतक के दादा और परिजनों ने कहा कि कोतवाल संतोष सिंह और एसएसआई निर्मल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी उनसे ₹75,000 की घूस मांगते थे और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। मृतक के जेब से प्राप्त सुसाइड नोट में यह स्पष्ट लिखा है। परिवार ने पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम और तहरीर में गड़बड़ी करने का भी आरोप लगाया। ग्रामीणों और भीम आर्मी के सदस्यों में भारी आक्रोश है। उन्होंने दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में 2027 चुनाव की रणनीति पर मंथन

विश्ववार्ता संवाददाता

बाराबंकी। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को आयोजित मासिक बैठक में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ सांसद एस.पी. सिंह पटेल रहे। सांसद पटेल ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर और नौजवानों की खुशहाली के लिए प्रदेश में समाजवादी सरकार का पुनर्गठन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बूथ ही चुनाव की सबसे अहम कड़ी है, यदि प्रत्येक बूथ पर 21 नौजवानों की सक्रिय टीम तैयार हो जाए तो कोई ताकत जीतने से नहीं रोक सकती।

सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बूथ मजबूत करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ हैं। आगामी स्नातक व विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर सभी को तन्मयता से संगठनात्मक कार्यों में जुटना चाहिए। बैठक में पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, पूनम यादव, आशीष सिंह आर्यन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दोषी पुलिसकर्मियों को बचाने का आरोप, पत्रकार बना बलि का बकरा!

विश्ववार्ता संवाददाता

» अमित गौतम की गिरफ्तारी से पत्रकार जगत में आक्रोश, निष्पक्ष जांच की मांग

» राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत ने सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर कार्रवाई की चेतावनी

बाराबंकी। थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम मौथरी निवासी अशोक कुमार की आत्महत्या प्रकरण ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में क्षेत्रीय पत्रकार अमित कुमार गौतम का नाम सामने आने के बाद जिले के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकारों का आरोप है कि वास्तविक दोषी पुलिसकर्मियों को बचाने के लिए पत्रकार को साजिशन फँसाया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, आत्महत्या स्थल से बरामद सुसाइड नोट में कई लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनमें जैदपुर कोतवाली के कोतवाल संतोष सिंह, दरोगा निर्मल कुमार और पत्रकार अमित गौतम का भी उल्लेख है। बावजूद इसके, पुलिस ने अपने ही कर्मियों को बचाते हुए पत्रकार को जेल भेज दिया। पत्रकारों ने कहा कि अमित गौतम ईमानदार और निष्पक्ष पत्रकार हैं, जो वर्षों से आम जनता की आवाज़ उठाते रहे हैं। उन्हें झूठे मुकदमे में फँसाकर जेल भेजना पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। शनिवार को राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के बैनर तले बड़ी संख्या में पत्रकारों ने गन्ना कार्यालय में प्रदर्शन कर एडिशनल एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने मांग की कि जांच डीएसपी स्तर के अधिकारी की निगरानी में कराई जाए और दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्यायोचित कार्रवाई न हुई तो पत्रकार समाज आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नवीन जायसवाल, मीडिया प्रभारी लवकुश यादव, महिला विंग जिलाध्यक्ष रामदुलारी पटेल, पवन यादव और सत्येंद्र कुमार समेत सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

एआरटीओ की कार्रवाई : अवैध संचालन के खिलाफ चला विशेष अभियान, 14 वाहन सीज

> यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखकर की जा रही है। इसका उद्देश्य बिना अनुमति और मानक पूरे किए वाहन चलाने वालों पर रोक लगाना है। परिवहन विभाग का मानना है कि अवैध वाहन संचालन से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। इसके अतिरिक्त, यह उन वाहन मालिकों के साथ भी अन्याय है जो नियमानुसार पंजीकृत हैं और टैक्स का भुगतान करते हैं। इसी कारण विभाग ने अवैध संचालन पर अंकुश लगाने के लिए यह कठोर कदम उठाया है।
>
> **शांति भूषण पांडे,** एआरटीओ

एआरटीओ पांडे ने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में यह अभियान और भी कड़ा किया जाएगा तथा किसी भी कीमत पर अवैध वाहन संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे सुरक्षित, पंजीकृत और अनुमन्य वाहनों का ही उपयोग करें।

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में परिवहन विभाग ने अवैध संचालन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। शनिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 14 वाहनों को सीज किया गया। यह कार्रवाई एआरटीओ शांति भूषण पांडे के नेतृत्व में की गई। यह अभियान रामापुर, ओयल और खीरी इलाकों में चलाया गया।

एआरटीओ लखीमपुर शांति भूषण पांडे और उनकी टीमों ने नियम विरुद्ध संचालित हो रही गाड़ियों को पकड़ा। कुछ वाहन चौकी ओयल क्षेत्र, कुछ चौकी रामपुर और कुछ खीरी इलाके में पकड़े गए, जबकि कई वाहनों को सीधे आरटीओ कार्यालय लाकर बंद कराया गया।

देवा मेला 2025 को भव्य और दिव्य बनाने का निर्देश, डीएम ने अधिकारियों को दो दिन में सुधार का अल्टीमेटम दिया

जहां भी खामियां पाई गई हैं, उन्हें दो दिन के भीतर दूर किया जाए : डीएम

» 150 सीसीटीवी, ड्रोन निगरानी महिला पुलिस बल तैनात

» जायरीन की सुरक्षा, स्वास्थ्य और साफ-सफाई पर जोर

सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्कूली बच्चों की प्रस्तुति होगी आकर्षण का केंद्र

विश्ववार्ता संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी एवं देवा मेला कमेटी के अध्यक्ष शशांक त्रिपाठी ने शनिवार को देवा मेला ऑडिटोरियम में अधिकारियों और मेला कमेटी सदस्यों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस बार देवा मेला 2025 भव्य और दिव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।

डीएम ने कहा कि जहां भी खामियां पाई गई हैं, उन्हें दो दिन के भीतर दूर किया जाए। साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय और यातायात व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग को अस्थाई अस्पताल, पर्याप्त चिकित्सक और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। फायर सर्विस और एम्बुलेंस की भी व्यवस्था अनिवार्य होगी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि जायरीन की सुरक्षा के लिए मेला क्षेत्र को 5 जोन और 13 सेक्टर में विभाजित किया गया है। 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और ड्रोन निगरानी भी होगी। महिला पुलिस बल और सादी वर्दी में पुलिसकर्मी हर जगह मुस्तैद रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी। डीएम ने छात्रों के आने-जाने और मंच व्यवस्था को सुचारू बनाने पर जोर दिया। समीक्षा और निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एडीएम अरुण कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवर और नकदी

हैदरगढ़ (बाराबंकी)। कोतवाली क्षेत्र के बहरामपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया। छत के रास्ते घर में प्रवेश कर चोरों ने कमरे में रखे ताले तोड़कर अलमारी और बक्से से कीमती जेवरात एवं नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित जमुना प्रसाद के अनुसार, उनके घर पर पत्नी, माता और बहन के साथ सो रहे थे। सुबह करीब 4 बजे चोरी की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना देने पर पीआरवी और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि चोरी की लगातार घटनाओं से इलाके में दहशत फैली हुई है और लोग रातभर जागकर सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

मनचले युवकों को ग्रामीणों ने दबोचा

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में शनिवार को दोपहर सब्जी मंडी में स्कूली छात्राओं के साथ अशब्दों का प्रयोग करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, बुढ़गौरा निवासी आयुष और अमित स्कूल की छुट्टी के दौरान राह चलते छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही कस्बेवासियों ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांति भंग का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

मिशन शक्ति 5.0 मितौली में 'स्वावलंबन कैंप' मेगा इवेंट : महिलाओं की भीड़, योजनाओं की झड़ी, खुशियों की लहर

डीएम-एसपी ने दिया सशक्तिकरण का संदेश, पूर्व सांसद बोले, नारी प्रगति ही समाज की शक्ति

विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा

लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति 5.0 के तहत शनिवार को तहसील मितौली में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मेगा इवेंट 'स्वावलंबन कैंप' का आयोजन हुआ। कैंप में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महिलापरक योजनाओं से जुड़े विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर आवेदन भी प्राप्त किए।

कार्यक्रम का संयोजन एसडीएम मधुसूदन गुप्ता और डीपीओ लवकुश भार्गव ने किया।इस ₹स्वावलंबन मेगा इवेंट₹ कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर, ब्लॉक प्रमुख (बेहजम) बीना राज, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद लगाए स्टालों का अवलोकन किया। पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं पांच छह माह के शिशुओं का खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार किया।

सुबह से उमड़ी महिलाओं की भीड़, योजनाओं के स्टॉल पर लगी लंबी कतारें

सुबह से ही गांव-गांव से महिलाएं कैंप में पहुंचना शुरू हो गई थीं। कैंप स्थल पर महिला कल्याण, बाल विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, श्रम विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। महिलाएं विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर मौके पर ही पंजीकरण कराती रहीं। कई महिलाओं ने बताया कि उन्हें पहली बार एक ही स्थान पर इतनी सारी योजनाओं की जानकारी मिली। इनकी रही मौजूदगी : इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीसी मनरेगा अमित सिंह परिहार, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ जितेंद्र सिंह परिहार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

योजनाओं के लाभार्थियों को मिली किट, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सम्मानित

इसके बाद मंच से डीएम, एसपी और पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर और प्रमुख बीना राज ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्ध महिला पेंशन और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के करीब 100 लाभार्थियों को मिशन शक्ति सीएसआर किट प्रदान की। लाभ पाकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसी के साथ पांच बेहतर कामकाज करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया। वही 93 स्वयं सहायता समूहों को 1.84 करोड़ का सीसीएल का डेमो चेक प्रदान किया। इस किट में मच्छरदानी, छाता, पानी बोतल, दो पैकेट सेनेटरी नैपकिन, टॉर्च मय बैट्री शामिल हैं।

डीएम-एसपी ने दिया सशक्तिकरण का संदेश - डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सरकार की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। जरूरत इस बात की है कि महिलाएं आगे आकर इन योजनाओं का लाभ लें और खुद को समाज में सशक्त बनाएं। एसपी संकल्प शर्मा ने महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है।

महिलाओं की तरक्की ही समाज की असली प्रगति-जुगल किशोर : पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने कहा कि महिलाओं की तरक्की ही समाज की असली प्रगति है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति जैसी पहलें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होंगी।

संपादकीय

मक्के से प्लास्टिक

मक्के की रोटी और सरसों का साग, खान-पान में पंजाब के मानचित्र से होता हुआ दुनिया में खान-पान के नंबर एक की पायदान पर पहुँच गया है। मक्के के उत्पादन में भारत दुनिया में सातवें नंबर पर आता है। मक्के की खेई के लिए समर्पित कुल क्षेत्रफल के मामले में भारत दुनिया में चौथे नंबर पर आता है। भारत में मक्के की औसत उपज करीब 2 ।5 टन प्रति हेक्टेयर है। भारत में मक्का खरीफ (ग्रीष्म कालीन मानसून) और रबी (शीतकालीन) दोनों मौसम में उगाया जाता है। मक्का कार्बोहायड्रेट, प्रोटीन और आहारीय फाइबर का अच्छा स्रोत है। दुनिया में इसे खाद्य, चारा, पशु चारे और बड़ी संख्या में औद्योगिक उत्पादों के लिए कच्चे माल के रूप में इसके विविध उपयोग के लिए अत्यधिक महत्व दिया जाता है। मक्का दुनिया में सबसे ज्यादा उगाये जाने वाले खाद्य पौधों में से एक है। लोग पौधों के बीज को खाते हैं जिन्हें कर्नल या अनाज कहा जाता है। मक्का घास परिवार से सम्बंधित है। इसका वैज्ञानिक नाम ज़िया मेस है। मक्का उत्पादन में बिहार देश में अहम भूमिका निभा रहा है और देश के कुल मक्का उत्पादन में बिहार का योगदान लगभग 11% है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और महाराष्ट्र के बाद बिहार देश का 5वां सबसे बड़ा मक्का उत्पादक राज्य है। बिहार को मक्का उत्पादन के लिए राष्ट्रीय कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार मक्का उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को उनकी फसलों का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए निरंतर काम कर रही है। सरकार की योजना है कि बिहार को मक्का निर्यातक राज्य के रूप में विकसित किया जाए। मक्का उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण और बीज उत्पादन के क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं। सरकार के प्रयासों से राज्य में कई निजी कंपनियों ने मक्का भंडारण के लिए आधारभूत संरचना का विकास किया है जिससे राज्य में मक्का भंडारण क्षमता अब लगभग 5 लाख मीट्रिक टन हो गई है। 2023-24 में राज्य में मक्का उत्पादन में वृद्धि हुई है। पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया और समस्तीपुर जैसे जिलों में मक्का उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन जिलों में किसान औसतन 50 क्विंटल प्रति एकड़ मक्का का उत्पादन कर रहे हैं। इसके साथ ही, राज्य में स्वीट कॉर्न और बेबी कॉर्न के क्षेत्र विस्तार और बाजार व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। जैसे- स्टार्च और औद्योगिक शराब बनाना। लेकिन अब पूरे भारत में इससे व्यंजन बनाए जाते हैं। जैसे- पंजाब की मक्का की रोटी और सरसों का साग , भुने हुए भुट्टे या मकई, एक बहुत पसंद किया जाने वाला मानसून उपचार है, खासकर जब स्वाद के लिए नमक स्प्रे के साथ गर्म खाया जाता है। अतिरिक्त मीठे मकई के दाने, उबले हुए साबुत और मसालेदार, बाजार में या सिनेमा हॉल के नाश्ते में शाम के खाने में लोकप्रिय हो गए हैं। मकई का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में, मानव भोजन के रूप में, जैव ईंधन के रूप में और उद्योग में कच्चे माल के रूप में भी किया जाता है। कृषि उत्पाद जिन्हें मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त समझा जाता है, अन्य उपयोगी उत्पादों के लिए उपयोग किया जाता है। ऐसा उपयोगी उत्पाद कॉर्न स्टार्च से बायोपॉलिमर से बने प्लास्टिक का विकल्प हैं। बायोपॉलिमर प्लास्टिक उत्पादों की तुलना में 2 ।5 गुना महंगे हैं लेकिन जहां यह स्कोर कर सकता है, वह यह है कि आप 50 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक बैग का उत्पादन नहीं कर सकते हैं। दूसरी ओर, हम 20 माइक्रोन के बायोपॉलिमर बैग का उत्पादन कर सकते हैं। हालांकि माइक्रोन का स्तर कम है, ये बायोपॉलिमर प्लास्टिक की थैलियों की तुलना में अधिक मजबूत होते हैं। प्लास्टिक से बना 50 माइक्रोन पारंपरिक पॉलीबैग सामान्य रूप से दो किलो तक के उत्पादों को पकड़ सकता है। बायोपॉलिमर बैग में पांच किलो तक के उत्पाद रखे जा सकते हैं। जैसा कि मुकुल सरीन, निदेशक, व्यवसाय विकास, हाई-टेक इंटरनेशनल, मानेसर, गुरुग्राम (हरियाणा) का एक औद्योगिक केंद्र, प्लास्टिक और पैकेजिंग के क्षेत्र में एक प्रौद्योगिकी सोर्सिंग प्रदाता द्वारा सूचित किया गया है, एक संयंत्र-आधारित जैव के साथ आया है- कम्पोस्टेर्न स्टार्च को ग्रेन्युल में परिवर्तित करके बायोपॉलिमर का उत्पादन किया जाता है। सरीन ने कहा। "हम मिलों से स्टार्च खरीदते हैं और एक सम्मिश्रण प्रक्रिया के माध्यम से पोलीमराइज़ेशन के लिए जाते हैं। यह हमें पॉलीमर ग्रेन्यूल्स प्राप्त करने में मदद करता है जिस तरह से कुछ पेट्रोकेमिकल फर्म प्लास्टिक ग्रेन्यूल्स का उत्पादन करती हैं।" इन दानों से, 1985 में स्थापित गुड़गांव स्थित फर्म, बोतलें, कप, ट्रे, पॉलीबैग और ऐसी अन्य सामग्री का उत्पादन करती है।

कटाक्ष — हसन जैदी

यूपी में सख्त कानून के बावजूद लवजेहाद जारी

मनोज कुमार अग्रवाल

दरअसल सोनम विगत 6 अगस्त 2023 को अपने घर में बेटे के लिए थरमस लेने की बात कहकर गांव से संडीला बाजार जाने के लिए निकली थी और फिर कभी लौट कर वापस नहीं आई .सोनम के वापस न लौटने पर ससुर गंगाराम ने कोतवाली संडीला में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था .महिला के रहस्यमय ढंग से गायब होने की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस को 2 साल का लंबा वक्त लगा।

उत्तर प्रदेश में क्राइम कंट्रोल की तमाम कोशिशों के बावजूद अपराधी सक्रिय हैं. इसमें सबसे ज्यादा गंभीर मामला लव जिहाद से जुड़ा हुआ है. पिछले कुछ समय से यहां लव जिहादी तेजी से सक्रिय हुए हैं. हिंदू लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाकर उनका धर्मांतरण कराने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं. उत्तर प्रदेश के बागपत में लव जिहाद का मामला सामने आया है, जहां एक मुस्लिम युवक पहले हिंदू लड़की को बहला फुसला कर ले गया था, जिसके बाद जेल में बंद युवक के चाचा ने फोन करके युवक व्हाट्सएप पर फोन करके धर्मांतरण और निकाह का दबाव बनायामामला सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. बागपत के खेकड़ा थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में रहने वाली हिंदू लड़की ने आरोप लगाया है कि कॉलेज के दिनों में उसकी आरोपी शोएब से दोस्ती हुई थी, मुस्लिम युवक ने पहचान छिपाकर उससे दोस्ती की थी.पहले 3 जुलाई को शोएब उसे बहला-फुसलाकर ले गया, जिसके उसने लड़की से मारपीट की और धर्मांतरण करने को कहा. इस मामले में कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद पुलिस ने लड़की को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया और शोएब को जेल भेज दिया. देवरिया। जिले में लव जिहाद के दो घटनाएं सामने आई हैं। दो नाबालिगों को प्रेम जाल में फंसाकर गायब करने का मामला तूल पकड़ लिया है। दोनों परिवारों के स्वजन तहसील व अधिकारियों का चक्कर लगाने के बाद परेशान हैं। उसके बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। गौरीबाजार पुलिस ने दोनों मामले में मुकदमा दर्ज किया है। एक और नाबालिग को दो वर्ष पूर्व लव जिहाद के मामले में ही नाबालिग लड़की को विदेश पहुंचा दिया गया और उसका धर्म परिवर्तन करा दिया गया। स्वजन थाना व पुलिस अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काटते रहे लेकिन उस परिवार को न्याय नहीं मिल सका। तीनों घटनाएं गौरीबाजार थानाक्षेत्र की हैं। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने इन मामलों को डीजीपी तक पहुंचाया है। गौरीबाजार क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर दो किशोरियां लव जिहाद की शिकार हुई हैं। पहली घटना 24 जुलाई को हुई। किशोरी के पिता का आरोप है कि किशोरी को बुर्का पहनाकर घर के आभूषण के साथ उसे लेकर मुस्लिम समाज का आरोपित युवक फरार हो गया। लखीमपुर खीरी के मोहमदी थाना क्षेत्र में 'लव जिहाद' का एक मामला दर्ज किया गया है। हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों ने शंकरपुर चौराहे के पास एक संदिग्ध जोड़े को पकड़ा, जिसके बाद यह घटना सामने आई। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 2 बजे हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों ने शंकरपुर चौराहे पर इस जोड़े को संदिग्ध अवस्था में देखा था। पूछताछ में पता चला कि मुस्लिम समुदाय का युवक मोहिद, हिंदू बनकर लखनऊ की एक दलित लड़की को बहला-फुसलाकर लंबे समय से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। उधर हरदोई में 2 साल पहले लव जिहाद की शिकार हुई दलित महिला की अपहरण और हत्या का पुलिस ने खुलासा किया. हिंदू महिला को समुदाय विशेष के युवक ने पहले प्रेम जाल में फंसाया और फिर बहला फुसलाकर परिवार के साथ दिल्ली ले गया. दिल्ली से वापस लौटने पर हत्यारों ने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी और शव को एक कुएं में दफन कर दिया था.हरदोई में कोतवाली संडीला के सराय मारूफ़पुर के रहने वाले शशीचंद्र की (30) वर्षीय पत्नी सोनम के रहस्यमय ढंग से गायब होने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है.सोनम को प्रेमजाल में फंसाकर उसके समुदाय विशेष के प्रेमी ने भाई और मां-बाप के साथ मिलकर गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया था. घर से निकली दोबारा नहीं लौटी दरअसल सोनम विगत 6 अगस्त 2023 को अपने घर में बेटे के लिए थरमस लेने की बात कहकर गांव से संडीला बाजार जाने के लिए निकली थी और फिर कभी लौट कर वापस नहीं आई.सोनम के वापस न लौटने पर ससुर गंगाराम ने कोतवाली संडीला में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था.महिला के रहस्यमय ढंग से गायब होने की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस को 2 साल का लंबा वक्त लगा.इस अंतराल में पांच विवेचक बदले गए,सभी विवेचकों ने इस केस की विवेचना की लेकिन इस अपहरण की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी. 12 जून 2025 को इस केस की विवेचना सीओ संडीला संतोष कुमार सिंह को सौंपी गई. सीडीआर का गहनता से अध्ययन कर इलेक्ट्रॉनिक व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया.पुलिस ने संदेह के आधार पर थाना माधोगंज के जेहदीपुर गांव के रहने वाले अयूब और उसके बेटे समीदुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया.दोनों की निशान देही पर पुलिस ने जेहदीपुर गांव के पास झाड़ियों के बीच स्थित कुएं से मृतका का कंकाल और कपड़े बरामद किए हैं.मृतका के घर वालों ने शव की शिनाख्त की जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के सरसावा थाना क्षेत्र से लव जिहाद का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने अपना नाम छिपाकर हिन्दू लड़की से शादी की, कई महीनों तक लिव-इन रिलेशन में रखा और फिर जब उसकी असली पहचान का खुलासा हुआ तो उस पर धर्मांतरण और जबरन निकाह का दबाव बनाने लगा। पीड़िता अब न्याय की गुहार लेकर एसएसपी से भी गुहार लगाई इस घटना के सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश है। जानकारी के मुताबिक, जनपद सहारनपुर के सरसावा थाना क्षेत्र में लव जिहाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक मुर्सलीन, जो दिन में जूस की रेहड़ी लगाता था और रात में पुलिस की वर्दी पहनकर चौकिदारी करता था, उसने अपनी असली पहचान छुपाकर हिन्दू लड़की से शादी की। ये तो सिर्फ चंद मामले बानगी बतोर है हकीकत यह है कि ऐसी एक नही सैकड़ों मामले सामने रहे हैं जिनमें मुस्लिम समुदाय के युवकों द्वारा सोची समझी साजिश के तहत हिन्दू लड़कियों को कथित प्यार के जाल में फंसा कर देह शोषण व धर्मांतरण का जेहादी कारनामे को अंजाम दिया जा रहा है। यूपी में धर्मांतरण नियमन कानून के बावजूद ऐसे मामलों में कमी नहीं आयी है यह वर्तमान और आने वाले समय में एक खतरनाक माहौल बना सकता है। जरूरत इस बात की है कि हिन्दू लड़कियों को समय रहते संस्कार संस्कृति और धर्मपरिवर्तन की वारदातों के खतरनाक अंजाम के बारे में खुलकर चेताया जाए ताकि लड़कियों को लवजेहाद की साजिश से बचाया जा सके।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेजे-
vishwavarta.response@gmail.com

'संघ' भारत का सर्वोत्तम

हृदयनारायण दीक्षित

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। संघ की आयु 100 बरस हो गई है। दुनिया के कई देशों में संघ की शाखाएं हैं। विश्व के तमाम विचारक संघ कार्य पर शोध कर रहे हैं। सबके निष्कर्ष अलग अलग हैं। किसी ने संघ में स्वयंसेवकों की लाठी देखी, कहा संघ और कुछ नहीं वस्तुतः लाठीधारी लोगों का खतरनाक संगठन है, तो किसी ने इसे भारतीय जनता पार्टी की शाखा बताया। अगले ने कहा यह, "खुफिया संगठन" है। राज समाज के लिए खतरनाक है। विश्व में किसी भी ध्येयसेवी संगठन पर फर्जी आरोप नहीं लगे। संघ प्रतिष्ठित रहा। संघ पर प्रतिबंध भी लगे। 1975-77 के आपातकाल में हजारों स्वयंसेवक गिरफ्तार हुए। उन्होंने दुख झेले, ध्येय से विचलित नहीं हुए। उनमें मैं भी एक हूँ। संघ के प्रति लोगों की जिज्ञासा बढ़ रही है। आखिरकार संघ कैसे जाना जाए? याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी को तत्वज्ञान दिया था। बृहदारण्यक उपनिषद (अध्याय दो, ब्राह्मण 5) में ऋषि ने बताया, "यह पृथ्वी सभी भूतों (मूल तत्व) का मधु है और सब भूत इस पृथ्वी के मधु।" शंकराचार्य का भाष्य है, "जिस प्रकार एक छत्ता अनेक मधुकरों द्वारा तैयार किया जाता है, उस प्रकार सभी भूत इस पृथ्वी के मधु कार्य हैं। फिर सूर्य, चन्द्र और आकाश को भी मधु कार्य बताते हैं। फिर अग्नि के लिए कहते हैं, "यह अग्नि समस्त भूतों का मधु है और समस्त भूत इस अग्नि के मधु।" अंत में कहते हैं, यह धर्म और सत्य समस्त भूतों का मधु है। फिर कहते हैं, "यह मनुष्य भी समस्त भूतों का मधु है और सभी भूत इस मनुष्य के मधु।" मैं उसी तर्ज पर कहता हूँ कि भारत का सनातन धर्म सभी भूतों का मधुरस है और सभी भूत सनातन धर्म के मधुरस। पूरे आत्मविश्वास के साथ लिख रहा हूं, "सनातन धर्म व हिन्दू जीवन रचना का सर्वोत्तम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रकट हुआ।" संघ विचार आधारित संगठन है। 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार के नेतृत्व में संघ की स्थापना हुई। राष्ट्र निर्माण की चुनौतियों पर चर्चा हुई और संघ की नींव पड़ गई। संघ का कार्य क्षेत्र विस्तृत होता गया। इसी के साथ मार्क्सवादी संगठन का भारत में उदय हो गया। विचारधारा के प्रति आग्रह में संघ व वामपंथ आमने सामने रहे। परिस्थितियां तेजी से बदल गईं। वामपंथ का वैज्ञानिक भौतिकवाद पिछड़ता चला गया। संघ में आत्मीयता थी। सांस्कृतिक आधार था। विश्व विचारों से भरापूरा है। विचार विविधता भारतीय संस्कृति का आभूषण है। यहां अनेक विचार हैं। गौतम का 'न्याय दर्शन' है, कपिल का 'सांख्य' है। कणाद का वैशेषिक है, जैमिनि का 'मीमांसा' है और वादरायण का वेदान्त। यहां बुद्ध और जैन भी हैं। इस्लाम आने के साथ ही मजहबी विचारधारा भी आई। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बाद ईसाइयत का विचार भी फलाफूला लेकिन 1925 में कानपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जन्म के साथ आए वैज्ञानिक भौतिकवादी विचार ने नई पीढ़ी को झकझोर दिया था। मार्क्सवाद परदेसी विचार था और संघ का राष्ट्रवाद स्वदेशी। दोनो विचारधाराओं में कांटे की टक्कर हुई। टक्कर पीछे 100 साल से जारी है। अब कम्युनिस्ट विचार के लोग पुरातात्विक मिथक जैसे हो गए हैं। संघ विचार के कार्यकर्ताओं ने उन्हें उनके गढ़ केरल में घुसकर चुनौती दी है। संघ कार्यकर्ताओं की हत्या भी हुई। हिंसक विचार का अंत हो गया। संघ बढ़ता गया। वामपंथ का अस्त अस्वाभाविक नहीं है। अंधविश्वासी पंथिक विचार का आधुनिक विश्व में अब कोई भविष्य नहीं। मार्क्सवाद का सामाजिक दर्शन ईसाई पंथिक विचार का विरोधी था। माक्र्स ने इसी संदर्भ में ईश्वर को अफीम कहा था। ईसाईयत का ईश्वर मार्क्स की दृष्टि में अंधविश्वास था। वैज्ञानिक दृष्टिकोण में अंधविश्वास का स्थान नहीं होता। तर्क बुद्धि और अर्थशास्त्र से पैदा मार्क्सवाद भी मजहब बन गया। अब वाद विवाद संवाद में उनकी आस्था नहीं। वामपंथी अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हैं। लेकिन दूसरे पक्ष के सही और संवैधानिक तथ्य को भी "थोपा जाना" बताते हैं। वंदेमातरम् राष्ट्रगीत है। वे कहते हैं कि इसका थोपा जाना अनुचित है। राष्ट्रभाव स्वाभाविकता है, वे कहते हैं कि राष्ट्रवाद का थोपा जाना असहिष्णुता है। राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की निष्ठा अपरिहार्य है। वे इसे भी थोपे जाने का आरोप लगाते हैं। उनकी प्रकृति पंथिक अंधविश्वासी है। संघ भारत के परम वैभव का स्वप्न दृष्टा है। चीन का हमला हुआ। यह आज भी भारत के मन पर गहरा जख्म है। कम्युनिस्ट पार्टी के भीतर कम्युनिस्ट चीन और अपने भारत की निष्ठा को लेकर द्वन्द्व था। पार्टी टूट गई। चीन प्रिय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट हो गए और शेष भारतीय कम्युनिस्ट। यों यहां कम्युनिस्ट विचार के दो दर्जन से ज्यादा संगठन हैं। नक्सलबाड़ी रक्तपात से निकले समूह नक्सलपंथी या माओवादी कहे जाते हैं। संसदीय जनतंत्र में विश्वास न करने वाले समूह बंदूक विश्वासी है। दूसरों को फासिस्ट बताने वाले वामसमूह ने 1975 में श्रीमती इन्दिरा गांधी की फासिस्ट तानाशाही का समर्थन किया था। बीस माह के आपातकाल में पूरा देश यातनागृह था। तब भी कम्युनिस्ट फासिस्ट सत्ता के समर्थक थे। कम्युनिस्ट श्रीमती सोनिया गांधी के संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन में भी थे। कहने को इस गठबंधन का 'न्यूनतम साझा कार्यक्रम' था लेकिन वस्तुतः यह प्रच्छन्न सत्ता भागीदारी की तिकड़म थी। उन्होंने अपनी शक्ति का दुरूपयोग किया। वे सत्ता को हिलाते थे, सत्ता हिलती थी। वे अपने विचार थोपते थे। संप्रग सिर झुकाने को विवश था। संघ राजनीति से अलग अपने ध्येय में लगा रहा। 2008 में वाम बाएं मुड़ गये। वे अमेरिकी परमाणु करार के विरोधी थे। उन्होंने संभवतः पहली दफा 'राष्ट्रहित' शब्द का प्रयोग किया कि राष्ट्रहित में यह कार्रवाई आगे नहीं बढ़नी चाहिए। तब पश्चिम बंगाल बचा था। वाम हिंसा और कुशासन से पीड़ति बंगाली जनसमुदाय ने उन्हें खारिज किया। अब वह किसी एक सहयोग से फिर से अखिल भारतीय होने के प्रयास में थे, लेकिन उनसे यारी को कोई तैयार नहीं हुआ। उनकी विदाई हो गई है। तो भी तमाम राष्ट्रीय जिज्ञासाएं हैं। मसलन उन्होंने गांधी का विरोध क्यों किया? उन्होंने सुभाष चन्द्र बोस का समर्थन क्यों नहीं किया? उन्होंने 1857 को स्वाधीनता संग्राम क्यों नहीं माना? आपातकाल का समर्थन क्यों किया? उन्होंने पूर्वज आर्यों को विदेशी सिद्ध करने में ही सारी बौद्धिक शक्ति क्यों लगाई? सवाल और भी हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिना सदस्यता पर्ची ही दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन गया। यह राष्ट्रीय होकर भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा में है। कम्युनिस्ट अंतर्राष्ट्रीय होकर भी क्यों अभिशप्त हैं? संघ के स्वयंसेवक अपने दैनिक कार्यक्रमों में राजनैतिक नारेबाजी नहीं करते। उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। हम सब राष्ट्र के ही भाग हैं। देश में कई बार राष्ट्रीय आपदाएं आईं। गुजरात में भूकंप हो, दक्षिण भारत में सुनामी हो, ओड़िसा में तूफान हो, केदारनाथ की त्रासदी हो, 1962, 1971 आदि वर्षों का युद्धकाल हो, संघ के स्वयंसेवक ऐसे संकट के समय सेवाभाव लेकर सक्रिय रहे। संघ हिन्दू और हिन्दुत्व का सम्पूर्ण अधिष्ठान लेकर सक्रिय है। राष्ट्रजीवन में 100 बरस बहुत ज्यादा नहीं, लेकिन यह अवधि बहुत कम भी नहीं कही जा सकती। देश के सभी घरों में बिजली पानी है। 100 बरस की सेवा का अनुभव कुछ और विशिष्ट गढ़ने में लगाया जा सकता है। भारत को भारत की नियति तक ले जाना हम सब का कर्तव्य है। मैं इस संगठन का 60 वर्षीय स्वयंसेवक अपने में गर्व का अनुभव करता हूँ।

कविता

कल्पना मिश्रा

माँ

माँ
बचपन की यादें तुम हो
जीवन की पहली बातें तुम हो
जब तुम रोटियाँ बनाती
मानों पूरा संसार रचती थी
हमारे लिये तुम्हारी कही हर बार
सच थी
चाहे वो परियों की कहानी हो,
या हो
तुम्हारी ही यादों से निकली कोई
बात
तुम्हारे हाथो में, तुम्हारी बातों में
तुम्हारी मुस्कान में
काम के बाद की थकान में
हम सब में खूश रहते थे
भरे-पूरे रहते थे ।
माँ तुम ईश्वर हो
हमारे लिये ।।

बिहार में आए हाल के कुछ ताजा सर्वे ने राजग की नींद उड़ाई

क्रांति कुमार पाठक

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसै-वैसे बिहार का सियासी तापमान भी बढ़ता जा रहा है। जाहिर है ऐसे में बिहार चुनाव के लिए सारी पार्टियों ने कमर कस ली है। क्योंकि अब जल्द ही तारीखों का ऐलान होने वाला है। नेताओं के साथ जनता भी जोश में है और पिछले दिनों आए कुछ नए सर्वे को जनता का मूड मानें तो, ये कहना गलत ना होगा कि इस बार लोग बदलाव के मूड में हैं। बिहार में किए गए नए सर्वे के मुताबिक लोग युवा चेहरे को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ये सर्वे जहां महागठबंधन के लिए राहत पहुंचा रहा है, वहीं राजग खेमे में टेंशन होना लाजमी है। इस बार सूबे की राजनीति में सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। राजग, महागठबंधन और प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के बीच संभावित त्रिकोणीय मुकाबले ने बिहार के सियासी पटल पर हलचल बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे अधिक ध्यान इस पर है कि क्या जदयू नेता नीतीश कुमार लगातार पांचवीं बार सत्ता में लौट पाएंगे या राजग गठबंधन के जीतने पर भाजपा कोई नया मुख्यमंत्री चेहरा पेश करेगी। वहीं अगर विपक्षी महागठबंधन सत्ता में आता है तो उसका मुख्यमंत्री कौन होगा, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। हालिया ओपिनियन पोल और सर्वे की बात करें तो राज्य के मतदाताओं की मंशा सी-वोटर के प्री-पोल सर्वे के ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि सबसे ज्यादा 36 फीसदी लोगों ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त माना है। वहीं तेजस्वी यादव के बाद जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर हैं, जिन्हें सर्वेक्षण के अनुसार, 23 प्रतिशत लोग बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं. वहीं16 प्रतिशत लोगों ने नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त माना, जबकि केवल 10 प्रतिशत ने लोजपा नेता चिराग पासवान को अपना पसंदीदा उम्मीदवार बताया. वहीं जबकि केवल 7 फीसदी ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार माना। गौरतलब है कि यह सर्वेक्षण सी-वोटर के जरिए सितंबर में किया गया था, ये सबसे ताजा आंकड़े हैं। हालांकि, फरवरी माह के मुकाबले में सितंबर माह में पसंदीदा मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव की लोकप्रियता 5 फीसदी कम हुई है। वहीं, मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। क्योंकि ताजा सर्वे में वे तीसरे सबसे पसंदीदा मुख्यमंत्री हैं, जिनको लगभग 16 फीसदी मतदाताओं ने पसंद किया है, जबकि फरवरी में यह आंकड़ा 18 फीसदी था। जबकि लोगों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामकाज से उनकी संतुष्टि के बारे में पूछा गया, तो फरवरी में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, 58 फीसदी लोग संतुष्ट और 39 प्रतिशत असंतुष्ट थे। जून में, 60 फीसदी लोग उनके पक्ष में और 39 फीसदी लोग उनके विरोध में थे। सितंबर में हुए एक हालिया सर्वेक्षण में, 61 फीसदी लोग नीतीश कुमार से संतुष्ट थे, जबकि 38 फीसदी ने असंतोष व्यक्त किया। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि 243 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए यह मुकाबला बेहद ही दिलचस्प होगा। क्योंकि कुछ दिनों पहले जारी हुए लोक पोल सर्वे के नतीजे भी काफी चौंकाने वाले थे। लोक पोल के नतीजों के अनुसार, महागठबंधन को मिलने वाली सीटों का अनुमान राजग के लिए झटका साबित हो सकता है। अगर आज चुनाव होते हैं, तो महागठबंधन को 118 से 126 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि राजग गठबंधन को 105 से 114 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 सीटों की जरूरत है। आज के वक्त यदि चुनाव हो जाए तो महागठबंधन के सरकार बनाने का अनुमान जताया जा रहा है। हालांकि, राजग गठबंधन और महागठबंधन में कांटे की टक्कर दिखाई पड़ रही है। लोकपोल के मेगा सर्वे की मुताबिक वोट परसेंटेज की बात करें तो राजग गठबंधन को जहां 38-41 फीसदी वोट मिलता दिख रहा है, वहीं महागठबंधन को 39-42 फीसदी वोट मिलने के आसार हैं। वहीं अन्य को 12-16 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। इस तरह वोट परसेंटेज में भी महागठबंधन बाजी मारता नजर आ रहा है और वो सरकार बनाते दिख रहे हैं। हालांकि सीटों की संख्या हो या वोट परसेंटेज के आंकड़े, दोनों ही जगह राजग गठबंधन और महागठबंधन में कांटे की टक्कर नजर आ रही है। मतलब साफ है कि 2-4 सीटों के हेरफेर से महागठबंधन इस बार सत्ता में आ सकता है यह फिर राजग गठबंधन फिर से सत्ता वापसी कर सकता है। बिहार में इस बार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी चुनाव लड़ रही है। हालांकि कई सर्वे में जन सुराज पार्टी को फाइट में बताया गया है, लेकिन लोकपोल के इस मेगा सर्वे में जन सुराज पार्टी कोई बड़ी टक्कर देती नहीं दिख रही है। मतलब साफ है कि हर बार की तरह इस बार भी बिहार में मुख्य मुकाबला राजद और जदयू के बीच ही देखा जा रहा है। बिहार में महागठबंधन को बढ़त मिलने के कारण आरक्षण के मुद्दे पर ओबीसी-ईबीसी समर्थनः- तेजस्वी यादव के आरक्षण के मुद्दे को ओबीसी और ईबीसी का समर्थन मिला है, जबकि कांग्रेस ने जाति जनगणना की मदद से एससी और ईबीसी (जैसे, चमार, मुसहर, मल्लाह) के बीच अपना आधार बढ़ाया है। नीतीश सरकार के खिलाफ विरोधी लहरः- नीतीश कुमार की छवि और शासन की विश्वसनीयता सत्ता विरोधी लहर, स्वास्थ्य समस्याओं, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था से प्रभावित हो रही है। वहीं प्रवासन और बेरोजगारी युवा मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वालों को महागठबंधन की ओर आकर्षित कर रहे हैं। मुस्लिम-यादव समीकरणः- मुस्लिम और यादवों का एकीकरण बिहार में महागठबंधन को मजबूत कर रहा है, जबकि यादवों के बीच जदयू का प्रभाव कम हो रहा है। वहीं जन सुराज से भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की संभावना बताई जा रही है। भाजपा को सवर्णों और बनियों का समर्थन प्राप्त है, लेकिन जन सुराज जदयू के क्षेत्रों में सवर्ण मतदाताओं को आकर्षित कर रहा है। माई-बहन मन योजना और मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं के कारण महिला मतदाता महागठबंधन की ओर रुख कर रही हैं।

शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक-अध्यात्मिक महत्व

डॉ. विनोद बब्बर

शरद हमारी जिजीविषा का प्रतीक है। तभी तो मौसम का राजा बसंत है लेकिन लम्बे जीवन की कामना करते हमारे पूर्वजों ने सौ बसंत नहीं, सौ शरद मांगे। पूरा वैदिक वाङ्मय सौ शरद का उद्घोष करते हुए कहता है- जीवेम शरदः शतम। कर्म करते हुए सौ शरद जीवित रहें। जीवन में राग, रस-रंग का प्रतीक तो बसंत है। पर उसके संघर्ष का प्रतीक तो शरद ही है। पूरे साल में सिर्फ एक रोज ही शरद पूर्णिमा का चांद सोलह कलाओं वाला होता है। कहते हैं चन्द्रमा से उस रोज अमृत बरसता है, इसलिए शरद अमरत्व का प्रतीक भी है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाये तो चन्द्र का मतलब है शीतलता। बाहर कितने भी परेशान करने वाले प्रसंग आयें लेकिन हमारा मन-मस्तिष्क ऐसा मजबूत हो कि सांसारिक बाधाएं, व्याधियां, कठिनाइयां हमें विचलित न कर सकें। यूं तो हर माह में पूर्णिमा आती है लेकिन शरद पूर्णिमा का महत्व सर्वाधिक है। वर्षा ऋतु की जरावस्था और शरद ऋतु के बाल रूप का यह सुंदर संयोग हर किसी का मन मोह लेता है। कारण स्पष्ट है- आकाश में न बादल, न ही धूल-गुबार, यानी एकदम साफ़। ऐसे में पूर्ण चन्द्रमा की छटा निराली होती है। इसीलिए इसे उल्लास और मस्ती से भरने वाली चमचमाती, खिलखिलाती रात कहा गया है। हमारे धर्म ग्रंथों में भी इस पूर्णिमा को विशेष बताया गया है। माना जाता है कि समृद्धि वैभव की देवी लक्ष्मी का जन्म शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। आश्विन मास की इस पूर्णिमा को आदिकवि महर्षि वाल्मीकिजी की जयन्ती भी मनाई जाती है। यह स

एक नजर

वाहन की चपेट मे आकर एक की मौत

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र में मिश्रिख मार्ग पर गुरसंडा चौराहा के समीप शुक्रवार रात अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को सीएचसी लाया गया, गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी दूसरे की हालत नाजुक बताई जा रही है। थाना क्षेत्र के अमजदपुर निवासी चंद्रपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका भाई रामकिशोर शुक्रवार की रात गुरसंडा चौराहा पर दूध बिक्री के लिए गया था। वहां से वह गांव के ही विजय कुमार पुत्र लालशाह के साथ पैदल वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान रामलोटन गुप्ता के घर के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को रौंदते हुए मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने रामकिशोर (40) को मृत घोषित कर दिया, जब कि विजय की हालत नाजुक बताई जा रही है। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

मिशन शक्ति का शोर महिला सुरक्षा पर जोर

तंबौर (सीतापुर)। कस्बे के रामपाल सिंह रामकिशोरी देवी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5 के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को अपराध व साइबर अपराध से सुरक्षा, आत्मरक्षा के तरीके, सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम करके छात्राओं को आत्मरक्षा से जुड़े कई व्यावहारिक उपाय बताए जा रहे है और साइबर अपराध से बचाव के भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए जा रहे। इन कार्यक्रमों में छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। किसी भी समस्या की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक बृजेश राय लगातार क्षेत्र के विद्यालयों सहित मोहल्लों गांवों आदि जगहों पर मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत महिलाओं छात्राओं बालिकाओं को जागरूक कराया जा रहा है।इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाएं एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। मिशन शक्ति के इस आयोजन से छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता दोनों में वृद्धि हो रही है।

गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई

बिसवां (सीतापुर)। साहित्य सुधा गीतांजलि के संस्थापक अरविन्द सिंह मधुप के कुशल संचालन में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जयन्ती संस्था के संरक्षक अशोक पुष्प एवं सरोज गुप्ता के आवास पर तमाम साहित्यकारों द्वारा मनाई गई। इसमें साहित्य सुधा गीतांजलि के महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी धवल का विशेष योगदान सराहनीय रहा। इसकी अध्यक्षता मोहम्मद अहमद आकिल ने की।मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार पद्मकान्त शर्मा प्रभात, विशिष्ट अतिथि घनश्याम शर्मा के अलावा राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष आनन्द खत्री, शिवानंद दीक्षित प्रेमी, रामदास रतन, हरिशंकर मौर्य, खरकन, रजनीकांत दीक्षित, मोहम्मद आफाक ने काव्यपाठ करते हुए गांधी व शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। मार्ग दर्शक पैकरमादीन गुप्ता ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

84 वें महर्षि दधीच स्मृति महोत्सव का शुभारंभ

मिश्रिख (सीतापुर)। महर्षि दाधीच की तपोस्थली दधीच कुंडतीर्थपर 84 वे महर्षि दधीच स्मृति महोत्सव का भव्य सुभारभ पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने फीता काटकर किया देवदत्त गिरी की स्मृतिप्रतिमा का माल्यार्पण कर कलश पूजन कर नमन किया आचार्य देव व्रत द्वारा मंत्रोच्चारण कर पूजन अर्चन किया गया महंत देवानंद गिरि ने बताया पंच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति किया जा रहा है। छह अक्टूबर को सुबह सात बजे पंचकोशी भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। सायंकाल मिश्रिख तीर्थ पर भव्य पूजन,आरती, आतिशबाजी व दीपदान का आयोजन किया जाएगा और महत देवानंद गिरी के द्वारा महोत्सव समापन की घोषणा करेंगे जिसमें क्षेत्रवासी पांच दीपक जल में प्रवाहित कर जनकल्याण की याचना करेंगे उद्घाटन के मौके पर पुरोहित राहुल शर्मा पूर्व कारागार मंत्री राम पाल राजवंशी , विपिन गुप्ता, निक्की गुप्ता अनिल बाजपेई आशीष मिश्रा संतोष राजवंशी शिवसागर यादव अधिवक्ता गिरीश पाल राजेंद्र अवस्थी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जंगली जानवर के हमले से महिला की मौत

थानगांव (सीतापुर)। जंगली जानवर के हमले से एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह घटना बुधवार को हुई जब महिला शौच के लिए खेत गई थी। गंभीर रूप से घायल महिला ने शुक्रवार रात इलाज के दौरान लखनऊ के एक हास्पिटल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा थौरा के मजरे हरदत्त पुरवा निवासी लक्ष्मीकांत शुक्ला की 50 वर्षीय पत्नी पुष्पा अपने मायके कैथौरा गांव गई हुई थीं। बुधवार को वह शौच के लिए खेतों की तरफ गईं, तभी झाड़ियों में छिपे एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। महिला की चीख सुनकर खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें जानवर के चंगुल से बचाया। गंभीर रूप से घायल पुष्पा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सीतापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ भेजा गया, जहां शुक्रवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई है।

251 कन्याओं को कराया भोज

नेरी (सीतापुर)। विकास खण्ड पिसावा के ग्राम जहाँसापुर में दशहरा के पावन अवसर पर रामखेलावन शर्मा एवं प्रधान प्रतिनिधि राममूर्ति शर्मा द्वारा भव्य कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 251 से अधिक कन्याओं ने विधिवत पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही क्षेत्र के अनेक गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने भी भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया।स्थानीय निवासी शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि रामखेलावन शर्मा और राममूर्ति शर्मा द्वारा पिछले दस वर्षों से लगातार दशहरा के अवसर पर भंडारे का आयोजन तथा जनवरी माह में कम्बल वितरण जैसे सेवा कार्य निस्वार्थ भाव से किए जा रहे हैं। प्रधान मोहरानियाँ के प्रधान प्रतिनिधि जमुना प्रसाद, धर्मेंद्र पांडे, संजय मिश्रा, गुड्डू पांडे, बल्ला पांडे सहित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह योजना योजना की दी जानकारी

सीतापुर। आदर्श कन्या जूनियर हाई स्कूल संदना में थाना संदना जनपद सीतापुर द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मिशन शक्ति अभियान/एंटी रोमियो के तहत बालिकाओं को 1090(वूमेन पावर हेल्प लाइन नम्बर)1076(मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नम्बर)1098(चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर) 112,102,108,181,1930आदि नंबरों की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं पर हो रहे अपराध से अवगत कराया गया।

लाभार्थीपरक योजनाओं का तेजी से करें निस्तारण

विधायक, डीएम-एसपी ने महमूदाबाद तहसील में सुनी शिकायतें, मातहतों को दिए कड़े निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जिले की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील महमूदाबाद में विधायक महमूदाबाद आशा मौर्या, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनकर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। विधायक व अधिकारियों द्वारा कृषक अमृतलाल ग्राम रघुवीरपुरवा, केदारलाल ग्राम अल्लीपुर, प्रेम प्रकाश वर्मा ग्राम अल्लीपर, रामनाथ ग्राम कांदीचंदपुर, मो. नसीम ग्राम मोतीपुर, शाहिद अली ग्राम मोतीपुर तथा शिवबालक ग्राम मोतीपुर को सरसों के निःशुल्क मिनीकिट का वितरण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान के दिवस के पश्चात 5 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ विधायक महमूदाबाद आशा मौर्या ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन आमजनमानस में जागरुकता फैलाने का कार्य करेगा। 225 शिकायतों में से 29 का हुआ समाधानतहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 53 शिकायतें आई जिसमें से छह का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मिश्रिख में प्राप्त 39 प्रार्थना पत्रों में से चार, तहसील लहरपुर में 24 प्रार्थना पत्रों में से तीन, तहसील महोली में प्राप्त 29 प्रार्थना पत्रों में से चार, तहसील सदर में प्राप्त नौ प्रार्थना पत्रों में से तीन, तहसील बिसवां में प्राप्त आठ प्रार्थना पत्रों में से दो तथा तहसील सिधौली में प्राप्त 63 प्रार्थनापत्रों में से सात शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

कल आएंगी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चौहान 6 अक्टूबर को जिले का भ्रमण करेंगी। कार्यक्रम के तहत प्रातः 11 बजे से पं. दीन दयाल उपाध्याय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खैराबाद में मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी।दोपहर 12.30 बजे वह सदर तहसील सभागार में जनसुनवाई करेंगी। साथ ही अन्य विभागों के साथ में महिला संबंधी मुद्दों को लेकर समीक्षा की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सभी से अनुरोध किया है कि अगर किसी को भी किसी प्रकार की समस्या हो तो जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपने समस्या का निवारण करा सकते हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण करेंगी और विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक एवं महिला उत्पीड़न प्रकरणों की समीक्षा व जनसुनवाई के कार्यक्रम के पश्चात जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। बबीता सिंह जिला कारागार सीतापुर का निरीक्षण भी करेंगी।

पुलिस ने लाभकारी योजनाओं की दी जानकारी

सीतापुर। मिशन शक्ति पुलिस टीमों ने ग्रामों में जाकर ग्राम चौपाल आयोजित की। इस दौरान मिशन शक्ति हेल्पलाइन नम्बरों एवं वर्तमान समय में चल रही विभिन्न लाभप्रद योजनाओं के बारे में चर्चा कर जानकारी दी गयी। थाना रामपुर कलां मिशन शक्ति पुलिस ने तारपारा में ग्राम चौपाल में 1090 (वूमेन पावर हेल्प लाइन नम्बर), 1076 (मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नम्बर), 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर), 112, 102, 108, 181, 1930 आदि नंबरों की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। इमलिया सुल्तानपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम ने ग्राम पारा एवं बेलामऊ कला में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान हेल्पलाइन नम्बरों के विषय में जानकारी दी गयी एवं विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। हरगांव मिशन शक्ति पुलिस टीम ने ग्राम उमरिया कला एवं ग्राम क्योंटिकला में ग्राम चौपाल में हेल्पलाइन नंबर 1930, 1090, 1076, 1098, 108 व 112 आदि हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई।

दो जोड़ों ने साथ रहने पर जताई सहमति

सीतापुर। मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र मधु यादव, काउंसलर विकास वर्मा, मांडवी मिश्रा एवं पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित दधीचि सभागार-परिवार परमार्श केंद्र में पूर्व में हुए पुलिस व काउंसलर्स के सहयोग से दो दंपत्तियों के मध्य समझौता कराया गया। इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा व साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी भी दी गयी।

सीओ ने लौटाए खोये हुए फोन

महोली (सीतापुर)। क्षेत्राधिकारी महोली नागेंद्र चौबे ने शनिवार को कोतवाली परिसर में पांच मोबाइल फोन उनके मालिकों के सुपुर्द किए। यह मोबाइल फोन गिर गए थे अथवा खो गए थे, जिन्हें आधुनिक प्रणाली से ट्रैक करके पुलिस ने बरामद कर लिए। इनके मालिकों को पुलिस ने कोतवाली परिसर में बुलाकर एंड्राइड मोबाइल फोन उनके हवाले कर दिए।

भरत मिलाप देखने को उमड़ पड़ा जन सैलाब, राम दरबार की उतारी आरती

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। विगत वर्षों की तरह इस बार भी बीती रात खैराबाद विश्व मार्ग पर रामनारायण बाजार के निकट दो अलग-अलग दिशाओं से आते हुए राम व भरत का मिलन देख उपस्थित जनमानस काफी भावविभोर हो उठा। जैसे ही भ्राता भरत श्रीराम के चरणों में आकर गिर पड़े प्रभु राम ने जबरदस्ती उठाकर भ्राता भरत को हृदय से लगा लिया।

भाइयों के मिलन को देखकर सभी अपनी सुधबुध भूल गए। चारों दिशाओं से भगवान राम की जय भ्राता भरत की जय से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा आतिशबाजी करके खुशी मनाई गई। कनखल हरिद्वार से उपस्थित हुए कटरा संगत के महंत स्वामी दामोदर शरण दास की उपस्थिति में संत महात्माओं पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता, अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी सहित उपस्थित जनमानस ने राम दरबार सजाया तथा राम दरबार की आरती श्रद्धालुओं द्वारा उतारी गई। इस अवसर पर कटरा संगत के महंत स्वामी दामोदर दास ने कहा कि भरत तथा राम का मिलन भक्त और भगवान का मिलन है। भगवान राम का त्याग तथा भरत का स्वार्थ प्रेम प्रभु के प्रति समर्पित भाव यहीं मिलन वास्तव में प्रेम की पराकाष्ठा का मिलन है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा खुशी मनाकर आतिशबाजी कर पुष्पों की वर्षा की गई। इस अवसर पर प्रहलाद कष्ट शास्त्री, पुनीत सिंह, विक्की, महेंद्र, अमित पुरी, अंकुर पुरी, राजू रस्तोगी, विनीत मिश्रा, राजू टंडन व रजत टंडन सहित श्रद्धालु मौके पर मौजूद थे।

46 प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कब्जामुक्त नहीं हो सकी किसान की भूमि

मिश्रिख (सीतापुर)। प्रदेश सरकार अवैध कब्जो को लेकर जहाँ बेहद संजीदा है, वहीं दूसरी तरफ तहसील मिश्रिख अन्तर्गत ग्राम जालेपारा निवासी एक किसान दबंगों के कब्जे में जकड़ीअपनी दर्ज खेतौनी भूमि को कब्जा मुक्त कराये जाने के लिये अधिकारियों को बीते समयांतराल में 46 प्रार्थना पत्र दे चुका है, प्रशासनिक कार्यवाही अश्वासन और झाँसा पट्टी से आगे नहीं बढ़ सकी है।

शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम जालेपारा परगना मछरेहटा निवासी कैलाश सिंह पुत्र शिवपाल सिंह ने अपना दुखड़ा रोते हुये कहा है कि गाव की खेतौनी पर दर्ज भू०गा०सं० 494रकबा०324 हे०श्रेणी-1 की कृषि भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके पड़ोसी गाँव भवानीपुर निवासी कालीचरण उर्फ कल्लू पुत्र छोटेलाल ने कुछ अंश पर चारा मशीन ही नही लगा ली है शेष बची भूमि पर जुताई कर के खेती करने की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि कालीचरण का भूमि गा०सं० 494 से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह 46 प्रार्थना पत्र दे चुका है फिर भी प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की है।

लम्बित प्रकरण समय से करें निस्तारित : अनूप

विधान परिषद की याचिका समिति की बैठक में प्रस्तुत किए गए 23 प्रकरण

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। विधान परिषद की याचिका समिति की बैठक सभापति अशोक अग्रवाल के सभापतित्व में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। जिसमें समिति के सदस्य अनूप कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिले से संबंधित 23 प्रकरण प्रस्तुत किये गये। समिति द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त प्रकरणों पर बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये एवं लम्बित प्रकरणों को समय से निस्तारित करते हुये आख्या समिति को उपलब्ध करायी जाये। समिति के सभापति अशोक अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा सन्दर्भित किये गये प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं व्यापक जनहित में होते हैं, अतः इन्हें किसी भी दशा में लम्बित न रखा जाये। सभापति ने कहा कि जिन प्रकरणों पर शासन स्तर पर कार्यवाही अपेक्षित है उन्हें शासन को सन्दर्भित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा नियमित रूप से अनुश्रवण भी किया जाये, जिससे प्रकरण शीघ्र निस्तारित हो सकें। समिति के सदस्य अनूप कुमार गुप्ता ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि जनपद के सर्वांगीण विकास के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये आश्वस्त किया कि समिति द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन शीघ्र ही सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार चन्दन देव पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का स्वागत

बैठक में मंडल अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए पत्रकारों पर हो रहे हमले और उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त की

विश्ववार्ता संवाददाता

मिश्रिख (सीतापुर)। नगर के मेला मैदान में स्थित विजेन्द्र गेस्ट हाउस में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई जनपद सीतापुर की ओर से नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष लखनऊ अखिलेश सिंह का स्वागत समारोह एवं पत्रकार परिचय के उपलक्ष में एक बैठक का आयोजन जनपद सीतापुर के जिलाध्यक्ष सुदीप मिश्रा के नेत्रत्व में किया गया।

आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि समांज सेवी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुनीन्द्र अवस्थी एवं रामगढ चीनी मिल के पूर्व चेयरमैन यतीन्द्र अवस्थी बबलू तथा विशिष्ट अतिथि लखनऊ मंडल के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह , वरिष्ठ मंडल महामंत्री संजय सिंह , महिला मंडल अध्यक्ष लखनऊ विजय लक्ष्मी सिंह , जिलाध्यक्ष हरदोई देवेन्द्र सिंह , संरक्षक शिवप्रकाश त्रिवेदी , जिला मीडिया प्रभारी हरदोई नवल आदि ने भाग लिया। जनपद सीतापुर जिलाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने स्वागत समारोह में आए सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके जोरदार स्वागत किया । आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए पत्रकारों पर हो रहे हमले और उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त की। उन्होने कहा कि संगठन के किसी भी पत्रकार के साथ उत्पीड़न होता है। तो संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। पत्रकार हितों के लिए संगठन हमेशा तत्पर है। आयोजित बैठक में नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष ने जनपद सीतापुर के जिला महाचिव धीरेन्द्र श्रीवास्तव को लखनऊ मंडल में शामिल करने की घोषणा की। तथा पद का निर्धारण बाद में करने की बात कही आयोजित स्वागत समारोह में जनपद सीतापुर इकाई के श्रवण कुमार मिश्र , आदित्य बाजपेई , सुनील आनंद , मणिकांत त्रिपाठी , संजय दीक्षित , धर्मेंद्र विश्वकर्मा , डा. रजनीश मिश्र , प्रथम मिश्र , ज्ञानेंद्र मौर्य , धीरेंद्र श्रीवास्तव , रवि शंकर, कुलदीप त्रिवेदी , रजनीश मिश्र, विमल मिश्र , विजय यादव , अभिषेक कुमार , श्याम कुमार मौर्य , अमरेंद्र सिंह चौहान, मिथिलेश बाजपेई राजबहादुर, राममिलन आदि उपस्थित रहे।

» पत्रकार के साथ उत्पीड़न होता है, तो संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा: अखिलेश सिंह

सीता हरण से बाली वध तक की रामकथा का मंचन किया गया

विश्ववार्ता संवाददाता

सिधौली (सीतापुर)। कस्बे के रामलीला मैदान पर शनिवार को सीता हरण से बाली वध तक की रामकथा का मंचन किया गया। वृंदावन से पधारे कलाकारों ने प्रसंग का अभिनय करते हुए सोने का हिरन बनकर पर्णकुटी के इर्द गिर्द घूमने से माता सीता ने आकर्षित होकर भगवान राम से सोने के हिरन की अभिलाषा की और उन्हें हिरन के पीछे जाने को कहा। प्रभु राम भ्राता लक्ष्मण को उनकी रक्षा में छोड़कर हिरन के पीछे चले गए। मायावी हिरन बने मारीच राक्षस ने मरते समय हा सीते कहकर प्राण त्याग दिए। माता सीता ने अपने नाम की पुकार सुनकर लक्ष्मण को प्रभु राम की रक्षा में जाने को कहा।जिस पर लक्ष्मण ने कुटिया के चारों ओर लक्ष्मण रेखा खींचकर माता सीता से रेखा पार न करने की बात कही और राम को ढूंढने निकल गए।इधर रावण साधू का भेष रखकर भिक्षा मांगने के लिए माता सीता के पास आया लेकिन जैसे ही रेखा को पार करने लगा उसे पता चल गया कि यदि रेखा पार की तो वह जलकर भस्म हो जाएगा। इसलिए उसने माता सीता से रेखा के बाहर आकर भिक्षा देने की बात कही।जैसे ही माता सीता भिक्षा देने के लिए रेखा पार करके आयी रावण अपने असली रूप में आकर उन्हें पुष्पक विमान पर बिठाकर आसमान में उड़ चला।

रास्ते में गिद्धराज जटायू ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो रावण ने उन्हें तलवार के वार से घायल कर दिया और माता सीता को लेकर लंका नगरी प्रस्थान कर गया। प्रभु राम सीता को खोजते सुग्रीव से मिले और उनकी बात सुनकर उसके आततायी भाई बाली का वध किया और सुग्रीव को राजा बनाया। झांकियों का प्रदर्शन मंच से किया गया।

श्रीमदभागवत जहांसापुर में माता रानी मंदिर पर पंडित शिवाकांत मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन पर्वत लीला का प्रसंग सुनाया

प्रलय से बचाने के लिए भगवान ने उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया

विश्ववार्ता संवाददाता

नेरी (सीतापुर)। विकास खण्ड पिसावा के ग्राम जहाँसापुर मे माता रानी मंदिर पर चल रही श्रीमदभागवत कथा के समापन दिवस पर कथावाचक पंडित शिवाकांत मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन पर्वत लीला का प्रसंग सुनाया।

श्रद्धालु पर्वत का उंगली पर उठा लेने का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक पंडित शिवाकांत मिश्रा ने गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। प्रसंग में बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। कथा के दौरान संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु महिलाओं ने भावविभोर कर नृत्य भी किया इस अवसर पर पंकज मिश्र, हरद्वारी यादव, शिवराम, प्रदीप मिश्र, राजेश विश्वकर्मा, गंगाराम ठाकुर, हरिश्चन्द्र राठौर, कमलेश अर्कवंशी, अवधेश बाजपेयी, कृष्ण कुमार विश्नोई सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

» भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से कंस के भेजे राक्षसों का संहार किया

भरत मिलाप की शोभायात्रा निकाली गई, बालकलाकारों को पुरस्कृत किया

तंबौर (सीतापुर)। कस्बे के रामलीला मैदान से शुक्रवार देर शाम भरत मिलाप की शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में वाहनों में सवार माता सीता के साथ भगवान राम व लक्ष्मण तथा उनके आगमन की सूचना पर अपने गुरु बशिष्ठ व अयोध्या वासियों सहित भरत व लक्ष्मण की झांकियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। सदर बाजार स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर इस समारोह की तैयारियां जोरदार ढ़ंग से की गईं ।यहाँ माँ सीता के साथ भगवान रामचन्द्र व लक्ष्मण जी के साथ अयोध्या पहुँचने के लिए पधारे जिसकी जानकारी मिलते ही मेला मैदान से अयोध्या वासियों सहित भरत व लक्ष्मण ने आकर उनका स्वागत कर अगवानी की । यहीं पर भगवान राम भरत से गले मिलते हैं। भरत मिलाप होते ही चारों ओर उनके जयकारों की गूंज सुनाई देती है ।सभी नगरवासी उनकी आरती उतार कर मंगलगान गाते हैं। जहाँ से शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर मेला मैदान पहुंचती है जहाँ उनके गुरू बशिष्ठ द्वारा उनका राजतिलक कर राजगद्दी प्रदान की गई। इसके साथ ही रामलीला का समापन कर बालकलाकारों को पुरस्कृत किया गया।

एक नजर

दिवंगत पत्रकार नितिन चौबे को श्रद्धांजलि

उन्नाव। लखनऊ में आज एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर छत्तीसगढ़ के दिवंगत पत्रकार स्व. नितिन चौबे को प्रथम पुण्यतिथि पर याद किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने स्व चौबे के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चौबे ने संघ में राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के पदों पर दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के सम्मान को अपने शब्दों और संघर्ष से रोशन करने वाले साथी नितिन चौबे को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर हम उन्हें स्मरण करते हैं। उनका पत्रकारों और यूनियन में किया गया कार्य अतुलनीय था जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी पुण्य तिथि पर सिया राम पाण्डेय, जयद बाजपेई, शीबू निगम, सुधांशु पुरी, विकास मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, हिमांशु शेखर, निरंकार मणि त्रिपाठी, आकाश त्रिवेदी, अश्वनी त्रिवेदी आकाश सिंह, सुमित चौहान, मोहम्मद राशिद आदि ने भी चौबे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भावपूर्ण पुष्पांजलि दी।

तेज हवा-बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान की आशंका

कानपुर। बिल्हौर उत्तरीपूरा न्याय पंचायत क्षेत्र में तेज हवा और भारी बारिश के कारण धान की फसलें खेतों में गिर गई हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, 50 प्रतिशत तक फसल बर्बाद होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बदननिवादा, खजुरिया, नेवादा, सैब्सू और पडराह गांवों के किसान दयाशंकर, उमाशंकर, रामदयाल, प्रभु, शिव शंकर, सतीश, रामू और रज्जन सहित कई अन्य किसानों ने बताया कि धान की फसल अभी पूरी तरह पकी नहीं थी। तेज हवा और लगातार बारिश के कारण फसलें खेतों में गिरकर पानी में डूब गई हैं। किसानों का कहना है कि इस बार फसल अच्छी होने की उम्मीद थी, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उन्हें बर्बाद कर दिया। क्षेत्रीय लेखपाल विकास वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि तहसील प्रबंधन द्वारा इस तरह के नुकसान के लिए सीधे तौर पर कोई मुआवजा नहीं दिया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुआवजा केवल दैवीय आपदा जैसे ओलावृष्टि आदि की स्थिति में ही आकलन के बाद दिया जाता है। हालांकि, लेखपाल ने किसानों की समस्याओं को तहसील के उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

लेदर कारोबारी के घर चोरी करने वाले गिरफ्तार, जेवरात और नकदी बरामद

कानपुर। तिलक नगर निवासी लेदर कारोबारी के घर से 20 लाख की चोरी करने वाले तीन शातिरों को कोहना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से डायमंड के साथ सोने, चांदी के जेवरात व नकदी बरामद की है। 21 सितंबर को आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था, पूछताछ में उन्होंने बताया कि शराब के नशे में धुत होकर वह कारोबारी के घर के बाहर लगे नल में पानी पीने गए थे, जहां ताला लटका देख वह घर में कूद गए थे, पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। तिलक नगर निवासी सैय्यद आसिफ लेदर कारोबारी है। उन्होंने बताया कि वह बेटी को आईआईएलटीएस की परीक्षा दिलाने के लिए परिवार के साथ 21 सितंबर को लखनऊ गए थे। 22 सितंबर को जब वह घर आए तो देखा कि खिड़की के रास्ते चोरों ने घर में घुसकर अलमारी में रखी नकदी, हीरे, सोने, चांदी के जेवरात समेत करीब 20 लाख का माल पार कर दिया था। जब उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें तीन चोर अंदर जाते हुए कैद हो गए हैं। जिसके बाद कारोबारी ने कोहना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खलासी लाइन, ग्वालटोली निवासी विकास पटेल उर्फ कल्लू व दो बाल आपचारियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से हीरे के दो जोड़ी बुंदे, दो सोने के नेकलेस, कान के टॉप्स समेत करीब 15 लाख का माल बरामद हुआ है।

भरत मिलाप व सूर्पनखा की लीला का हुआ मंचन

उन्नाव। साकेत धाम रामलीला मैदान में भरत मिलाप और सूर्पनखा की लीला का सजीव मंचन हुआ। श्रीधाम वृन्दावन के ख्यातिप्राप्त स्वामी विष्णु कुमार दत्तात्रेय के निर्देशन और उमा शंकर व्यास जी के सरस संचालन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भावविभोर होते रहे। भरत लाल अपने बड़े भईया को मनाने वन पहुंचते हैं लेकिन पिता जी को दिए गए वचन की रक्षा के लिए भरत को वापस जाने के लिए कहते हैं। भईया की चरण पादुकाएं लेकर भरत अयोध्या पावस होते हैं। वन में सूर्पनखा, राम और लक्ष्मण के सामने विवाह का प्रस्ताव रखती है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

विश्ववार्ता संवाददाता

बांगरमऊ उन्नाव। स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह भी शामिल हुए। बैठक में तहसील सफीपुर अंतर्गत ग्राम रहीमाबाद मौलवी खेड़ा के ग्रामीणों की शिकायत के सापेक्ष क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने गांव के निकट से पोल्ट्री फार्म तत्काल हटवाए जाने की पुरजोर मांग उठाई।

समाधान दिवस पर तहसील सफीपुर के ग्राम मौलवी खेड़ा निवासी संतोष कुमार प्रधान, राजबहादुर बी डी सी, जशोदा, अशोक कुमार, गोकुल, शिव दुलारी आदि करीब एक सैकड़ा महिला-पुरुषों का झुंड सर्वप्रथम तहसील कार्यालय में ही मौजूद विधायक श्री कटियार से मिला और बताया कि गांव के ही निकट अताउर्हमान उर्फ अत्तन मियां ने पोल्ट्री फार्म खोला है। जिसकी दुर्गंध और विषैली हवा से ग्रामीण बीमारी की चपेट में आ गए

हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा भी स्थलीय निरीक्षण में पाया गया है कि पोल्ट्री फार्म के पास बालिग वेस्ट मैनेजमेंट की कोई व्यवस्था नहीं है। बाद में जिलाधिकारी के सभागार में आने पर विधायक श्रीकांत कटियार ने अपने लेटर पैड पर पोल्ट्री फार्म तत्काल हटवाए जाने की मांग उठाई। इस पर जिलाधिकारी ने सभागार में मौजूद ग्रामीणों को जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहदानी निवासी श्यामलाल पुत्र श्रीपाल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया कि उसके नजदीकी परिवार के सदस्य स्वर्गीय छेदा के नाम प्रमुख मार्ग संडीला रोड पर करीब 88 एयर बेशकीमती जमीन राजस्व अभिलेखों में अंकित है।

बीते वर्ष 2023 में भूमाफियाओं द्वारा सब रजिस्ट्रार आफिस में मृतक छेदा के स्थान पर नकली छेदा पेश कर उसके पारिवारिक सदस्य छेदा की कीमती भूमि का फर्जी बैनामा बांगरमऊ नगर के मोहल्ला खत्रियाना निवासी राजेश कुमार रस्तोगी पुत्र गिरजा शंकर रस्तोगी के नाम क्या दिया गया। डीएम ने उपजिलाधिकारी को मामले की जांच कर कार्यवाही का निर्देश दिया। बैठक में जनपद के आला अधिकारियों के अलावा उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार, तहसीलदार साक्षी राय, नायब तहसीलदार संतोष शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह, थाना बेहटा मुजावर प्रभारी मुन्ना कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह, चिकित्साधीक्षक डॉक्टर मुकेश कुमार, नगरी पालिका की अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के बीमार होने की खबर निराधार

» जिलाधिकारी ने करवाया होटल लैंडमार्क का निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आज सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व व सहायक आयुक्त खाद्य-II के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम अनिल कुमार एवं आशुतोष कुमार ने सिविल लाइन्स स्थित होटल लैंडमार्क का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा होटल के नोमिनी बलराम सिंह एवं होटल लैंडमार्क के जनरल मैनेजर सुरजीत सिंह रॉय को अपना नाम व पदनाम बताते हुए प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। होटल का मान्य खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत किया गया तथा परिसर की साफ-सफाई एवं खाद्य पदार्थों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया।

निरीक्षण उपरांत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मैनेजर धवल परब को डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया में प्रकाशित खबर- ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी होटल लैंडमार्क का खाना खाने से बीमारी से अवगत कराया गया। इस पर टीम मैनेजर परब ने स्पष्ट किया कि खिलाड़ी हेनरी थार्नटन की तबीयत पहले से कुछ खराब थी और यह समस्या होटल के भोजन से संबंधित नहीं है। होटल प्रबंधन द्वारा भी पुष्टि की गई कि खिलाड़ियों के लिए परोसे जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थ की गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिसकी नियमित निगरानी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम कर रही है। निरीक्षण के दौरान खिलाड़ियों को परोसे जा रहे अरहर दाल, मटर पनीर, चावल, ग्रिल्ड चिकेन एवं ड्राई फ्रूट का नमूना जांच हेतु संग्रहीत कर प्रयोगशाला को भेजा जा रहा है। इस प्रकार समाचार पत्रों एवं डिजिटल मीडिया में प्रकाशित खबरें भ्रमित करने वाली एवं निराधार पाई गईं।

एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न, पांच का निस्तारण

विश्ववार्ता संवाददाता

पुरवा उन्नाव। एडीएम और एएसपी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें 40 फरियादियों ने अपनी समस्याओं का शिकायती पत्र दिया। मौके पर पांच मामलों का निस्तारण कराया गया। एसडीएम ने परिसर में शिकायत पेटी व सुझाव पेटी लगाकर एक पहल की है।

अक्टूबर माह के प्रथम शनिवार को स्थानीय तहसील सभागार में एडीएम सुशील कुमार गोंड व एएसपी अखिलेश सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 40 फरियादियों ने शिकायती पत्र दिया जिसमें मौके पर 5 प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। राजस्व के 29, पुलिस 5, विकास 1, पूर्ति विभाग 1 एवं अन्य 4 प्रकरण रहे। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने आम जनमानस की सुविधा के लिए शिकायत एवं सुझाव पेटिका भी तहसील परिसर में लगवाया। इस दौरान सीओ तेज बहादुर सिंह, तहसीलदार मनीष द्विवेदी समेत सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

होटल में बदमाशों की तोड़फोड़ और फायरिंग, स्कॉर्पियो का शीशा तोड़ा

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। साढ़ थाने से पांच सौ मीटर दूर कस्बे में स्थित होटल में बदमाशों ने तोड़फोड़ करने के साथ फायरिंग की घटना का अंजाम दिया। बदमाश यहां पर खड़ी स्कॉर्पियो के शीशे तोड़ने के बाद फायरिंग करके भाग निकले। होटल संचालक ने होटल में छिपकर अपनी जान बचाई, इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

साढ़ थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी पुष्पेंद्र यादव ने साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि देर रात वह होटल में स्थित घर पर सो रहा था, तभी चार बदमाश आए और दरवाजा पीटने लगे। जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो उक्त लोग गाली गलौज करने

के साथ हवाई फायरिंग करने लगे। यह देखकर पुष्पेंद्र डर गया और घर के अंदर छिपकर अपनी जान बचाई। इसके बाद पुलिस को डायल 112 पर फोनकर घटना की सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंचती इससे पहले बदमाश भाग निकले। बदमाशों ने होटल के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो कार का शीशा तोड़ डाला, इसके साथ अन्य जगहों पर भी तोड़ फोड़ की। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की है। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। प्रथम दृष्टया नशेबाजी का मामला लग रहा है, फायरिंग के कोई साक्ष्य नहीं मिले है, रात में पुलिस गई थी, आसपास दुकानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

होटल संचालक का आरोप है, कि साढ़ थाने से महज पांच सौ मीटर दूर होटल में बदमाश फायरिंग करने के साथ लगभग आधा घंटे तक तोड़फोड़ करते रहे। लेकिन साढ़ पुलिस सोती रही। थाने के पास गोलियां चली, इसकी आवाज पुलिस को नहीं सुनाई दी। पुलिस घटना की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, जांच पड़ताल की जा रही है।

संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

कानपुर। नरवल तहसील सभागार में शनिवार को उपजिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा की अगुवाई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नागरिकों की समस्याओं के लिए आयोजित यह समाधान दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला।

समाधान दिवस में फरियादी अपनी विभिन्न शिकायतें लेकर नरवल तहसील पहुंचे। इस दौरान मुख्य रूप से जमीन से जुड़े विवाद और अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। उपजिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार विनीता पांडेय, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

नहर कटने से सैकड़ों बीघा किसानों की फसल डुबी वही घरों में पहुंचा पानी

हसनगंज उन्नाव। लखनऊ शारदा नहर खंड 2 से निकले मोहान रजबहे की खांदी कटने से सैकड़ो बीघे फसल जलमग्न हो गई। कुछ घरों के अंदर भी पानी भर गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी नहर विभाग के कर्मचारियों को दी लेकिन अभी तक कोई सजगता नहीं दिखाई है। कोरो कल्याण और शाहपुर तोंदा के बीच मोहान रजबहे में हर साल अराजक तत्वों के द्वारा नहर की खांदी काट दी जाती है। जिससे सैकड़ों बीघे फसल तो डूब ही जाती है साथ ही सड़क किनारे मकान बनाकर अपनी रोजी-रोटी चला रहे काशीराम खेड़ा के बाबूलाल पुत्र टेकचंद के मकान में भी पानी भर गया है। बीते दो सप्ताह से लगातार चल रही नहर से आ रहे पानी की वजह से खेतों में पकने की कगार पर खड़ी धान की फसल बर्बाद हो रही है।

ब्लॉक सभागार में जीएसटी को लेकर व्यापारियों की गोष्ठी का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

बांगरमऊ उन्नाव। स्थानीय ब्लाक सभागार में शनिवार को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी पर व्यापारियों की गोष्ठी आयोजित की गई गोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने कहा कि नई जीएसटी दरों से मात्र एक वर्ष बाद ही भारत विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

गोष्ठी में क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि दीपावली के पहले टैक्स में बदलाव करके प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग को राहत देने का काम किया है। आज भारत विश्व में चौथी अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी है कि जैसे जैसे देश समृद्धशाली बनता जाएगा, सरकार टैक्स में कटौती करके राहत देती रहेगी। इसी दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि पिछले 10 वर्षों में देश के करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। मंत्री शिवभूषण सिंह ने कहा कि कई वस्तुओं और सेवाओं में कर की दरों को पांच प्रतिशत या शून्य पर ला दिया गया है और जीवन रक्षक दवाओं को कर मुक्त कर दिया गया है। गोष्ठी में जीएसटी संयोजक अनिल कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकर, फतेहपुर चौरासी ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश पाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बाला राव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा एवं व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।

251 बटुकों के सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का संकल्प

वैसवाड़ा ब्राह्मण उत्थान समिति की लखनऊ में हुई बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

सुमेरपुर, उन्नाव। वैसवाडा ब्राह्मण उत्थान समिति के बैनर तले एमजी कॉलेज ऑफ साइंस आर्ट एंड कल्चर छंछिराइखेड़ा, सुमेरपुर, उन्नाव में आयोजित चतुर्दश विश्व वैदिक सम्मेलन और सामुहिक यग्योपवीत संस्कार समारोह को लेकर लखनऊ स्थित डालीबाग में आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। इसमें कार्यक्रम की तैयारियों के संदर्भ में व्यापक विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर बैसवाडा ब्राह्मण उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने कहा कि 1 नवंबर यानी प्रबोधिनी एकादशी के शुभ अवसर पर 251 बटुकों के सामूहिक यग्योपवीत संस्कार का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए पूरे मनोयोग से काम करने की जरूरत है। अनंत श्री विभूषित धर्म सम्राट स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती, महंत सिद्धेश्वर आनंद गिरी महाराज, जूना अखाड़ा बटुकों को आशीष प्रदान करेंगे। इसके लिए उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवियों से तन-मन, धन से सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर हिमांशु शेखर, भरत चतुर्वेदी, विकास मिश्र, सियाराम पांडेय शांत, शीबू निगम, आशीष वाजपेयी, जयद वाजपेयी, निरंकार मणि त्रिपाठी, नरेंद्र मिश्र, सुधांशु पुरी, आकाश त्रिवेदी, आकाश सिंह, अश्विनी त्रिवेदी, सुमित चौहान, मोहम्मद राशिद आदि उपस्थित रहे।

साधन सहकारी बैंक में सदस्य बनने का किया किसानों से आग्रह : एडीओ

विश्ववार्ता संवाददाता

मौरावां उन्नाव। सहकारिता विभाग के एडीओ के अगुवाई मे सदस्यता अभियान की बैठक हिलौली समिति मे बुलाई गयी। जिसमे डेलीकेट सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मालूम हो पूरे प्रदेश मे सहकारिता विभाग द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे किसान सदस्य बने और उन किसानो को खाद सरलता से मिल सकें।

इस क्रम मे एडीओ सहकारिता नितेश सोनकर ने साधन सहकारी समिति हिलौली, खजुहा, पारा मे बैठक बुलाई। जिसमे हिलौली समिति मे प्रथम बैठक मे आये सभी लोगो से सोनकर ने आग्रह किया कि आप लोग सदस्यता अभियान की तहत किसानो को सदस्य बनाये ताकि उन्हें समय पर खाद मिल सके। समिति मे सदस्य नए बनने की लिए 226 रूपये जमा होगा जिसमे 200 रुपये हिस्सा 5 रूपये किताब 21 रुपये सदस्य के लिए जमा होंगे। वही पुराने सदस्यो को 205 जमा करके सदस्यता रिनिवल करा सकते है। श्री सोनकर ने बताया कि 200 रुपये हिस्सा जमा होगा 5 रूपये की किताब होंगी और आप आसानी से समिति मे सदस्य बन जायेंगे। वही कुछ सदस्यो ने खाद न मिल पाने की बात रखी तो सोनकर ने कहा कि खाद कि किल्लत चल रही है। सरकार प्रयास रत है जल्द ही निजात मिलेगी। सरकार ने 5 समिति हिलौली विकास खण्ड मे बनने का प्रस्ताव मांगा है। जिसमे लउवा सिंघन खेड़ा, रंजीत खेड़ा मे जल्द ही बनना शुरु हो जायेगा। वही साधन सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक राजू ने बताया कि आप लोग सदस्य जल्द बन जाए जिससे खेती के लिए किसान लोन भी इच्छुक लोगो को मिल सकता है। जिससे किसान भाई अपनी खेती करके समय से बैंक का पैसा वापस कर दे। जिसका ब्याज मात्र 3 प्रतिशत होगा। शाखा प्रबंधक ने विश्वास दिलाया कि हमारी बैंक नंबर एक रहेगी।

इस दौरान एडीओ सहकारिता नितेश कुमार, शाखा प्रबंधक राजू, सचिव विपिन, महेंद्र यादव, अंकित, मनीष, सनी, सहयोगी बचोंले समिति अध्यक्ष बंश गोपाल रावत, बीरेंद्र सिंह, देशराज रावत, अवधेश सिंह, राम प्रकाश कुशवाहा आदि लोग बैठक मे मौजूद रहे।

गांव में शव आते ही परिजनों में मच गई चीख पुकार

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आसत मोहीउद्दीन पुर निवासी योगेश कुमार पाल की छह दिनों पूर्व सीतापुर जिले के पिसावां थाना क्षेत्र में लूट के बाद निर्मम हत्या कर दी गई थी और शव झाड़ियों में छिपा दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद बीते शुक्रवार की शाम शव यहां गांव लाए जाते ही परिजनों और रिश्तेदारों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पिता ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर से घटना का पर्दाफाश कर हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई है।

जिलाधिकारी ने झंडी दिखाकर गोवा पर्पल फेस्ट के लिए दिव्यांग कार यात्रा को रवाना किया

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। गोवा में 9 अक्टूबर को होने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट के लिए शनिवार को कानपुर के दिव्यांग सुनील मंगल अपनी विशेष कार से रवाना हुए। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सिविल लाइन स्थित कैंप कार्यालय से दिव्यांग कार अभियान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सुनील मंगल को शॉल पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि काम न करने वालों के लिए सैकड़ों बहाने होते हैं, लेकिन सुनील मंगल के पास कोई बहाना नहीं है। उन्होंने अपने जज्बे और आत्मबल से यह साबित किया है कि इच्छाशक्ति के आगे कोई भी सीमा आड़े नहीं आती। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट, जो 9 अक्टूबर से गोवा में आयोजित हो रहा है, उसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए समावेश, सुगमता और गरिमा को पुनर्स्थापित करना है।

भारत सरकार की पहल पर गोवा में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में लगभग 45 देशों से अपने-अपने क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त दिव्यांगजन भाग लेंगे। इस वर्ष तीसरे लगातार साल गोवा सरकार को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। फेस्ट में 252 प्रकार के आयोजन होंगे जिनमें पर्पल फन, पर्पल स्पोर्ट्स, पर्पल कैलिडोस्कोप, पर्पल एक्सपीरियेंस जोन, पर्पल थिंक टैंक, पर्पल कॉन्फ्रेंस एवं पर्पल एक्जीविशन जोन प्रमुख आकर्षण रहेंगे। कानपुर से शुरू हुई यह दिव्यांग कार यात्रा अभियान का नेतृत्व सुनील मंगल कर रहे हैं। उनके साथ चंडीगढ़ के दिव्यांग राहुल सिंह और वीर सिंह, ग्वालियर के बलविंदर सिंह एवं नरेन्द्र सिंह अपनी-अपनी हाथों से चलने वाली कारों से यात्रा पूरी करेंगे।

यह यात्रा कानपुर से रवाना होकर झांसी, शिवपुरी, कोटा, उज्जैन, इंदौर, खरगोन, नागपुर, मालेगांव, अहमदनगर, पुणे, सतारा, कोल्हापुर होते हुए 8 अक्टूबर को गोवा पहुंचेगी। सुनील मंगल पिछले 33 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीमा व्यवसाय से जुड़े हैं। अब तक 4000 से अधिक दिव्यांगजनों को व्यावसायिक कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दे चुके हैं। उन्हें उत्तर प्रदेश का पहला दिव्यांग कार लाइसेंस वर्ष 1999 में प्राप्त किया था।

एक नजर

वार्षिकोत्सव का होगा आयोजन

बांगरमऊ उन्नाव। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय श्री दोसर वैश्य सेवा समिति द्वारा नगर के उन्नाव मार्ग पर स्थित श्याम कला रिसार्ट में कल (आज) 5 अक्टूबर दिन रविवार को सायं 6 बजे से श्री दोसर वैश्य सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में स्वजातीय मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान व विशिष्ट प्रतिभा सम्मान के साथ ही उत्कृष्ट कार्यकर्ता पुरस्कार तथा वैश्य रत्न पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सुमंत गुप्ता व कानपुर के व्यापारी नेता विनोद गुप्ता तथा नगर पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता भी शामिल होंगे।

वृद्ध की नाले में गिरने से हुई मौत

हसनगंज उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के धौरा निवासी श्यामू 68 पुत्र मुन्ना खेत गया था। जहां सिंचाई करने के लिए बने नाले में गिर गया। जिससे पानी भरा होने से डूबने से मौत हो गई नाले में शव पड़ा देख परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस हे शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत से पत्नी सुखदेई, पुत्र तिवारी लाल, दीपांशु, विपिन पुत्री शालू, सावित्री आदि का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मोहान चौकी इंचार्ज अनिल साहू ने बताया कि पानी में डूबा हुआ शव मिला था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो जाएगी।

राम केवट संवाद के साथ विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

उन्नाव। शहर के प्राचीन धार्मिक स्थल श्री सिद्धनाथ बाबा धाम हजारी टोला में विजय दशमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन हुए। इस वर्ष ऐतिहासिक 160 वें श्री राम-केवट संवाद का मंचन कर भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया गया। शिव सरोवर के तट पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के साथ नाविक केवट द्वारा गंगा पार कराने का अदभुत दृश्य प्रस्तुत किया गया। जीवंत अभिनय और सजीव झांकी ने श्रद्धालुओं को अयोध्या काल की यादों से जोड़ दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान राम के चरणों में केवट की भक्ति और निष्ठा का मार्मिक प्रसंग हुआ, जिसे देखने हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर पूरा धाम भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों

की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए रात्रि में विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। इसमें कानपुर की अमर ज्योति जागरण पार्टी ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध भजन गायक बिट्टू लाडला, गौरव मुरादाबादी, सुधीर अलबेला, सोनी सरगम और नेहा कृष्णा ने माँ दुर्गा के भजनों और गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। देर रात तक चले इस जागरण में माता रानी की महिमा का गुणगान होता रहा और भक्त झूमते रहे।

जागरण के दौरान धार्मिक झांकियों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। राधा-कृष्ण की झांकी, भोलेनाथ की भस्म आरती और गणेश जी की स्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभव कराया। जैसे ही भस्म आरती हुई, पूरा पंडाल हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल आयोजन श्री सिद्धनाथ बाबा युवा समिति द्वारा किया गया। समिति के सदस्यों ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला और भक्तों को हर सुविधा उपलब्ध कराई।

धार्मिक उत्सव के इस मौके पर श्रद्धालु भक्ति और उत्साह से लबरेज दिखे। आयोजन ने यह संदेश दिया कि आस्था और संस्कृति जब साथ आती है, तो समाज में एकता और सद्भावना का वातावरण और गहरा होता है। जनपद का यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल परंपरा को जीवित रखता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी भक्ति और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करता है।

बिना सहमति चकबंदी शुरू करने पर किसानों में आक्रोश

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। नगर के बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मनोह और महाराजपुर गांवों में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर भारी विवाद हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग ने बिना खुली बैठक और किसानों की सहमति के ही यह कार्रवाई शुरू कर दी है। इससे नाराज किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानों के अनुसार, चकबंदी नियम के तहत प्रक्रिया तभी वैध मानी जाती है जब दो-तिहाई किसानों की सहमति प्राप्त हो, लेकिन विभाग ने इन नियमों की अनदेखी की है। इसके अतिरिक्त, गांव में कई परिवारों के पट्टों के निरस्तीकरण की कार्रवाई पहले से ही लंबित है, जिससे चकबंदी से भूमि निर्धारण में और अधिक उलझनें पैदा हो सकती हैं।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विभागीय कर्मचारी गांव के कुछ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मनमाने ढंग से चक बांट रहे हैं। किसानों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में पहले ही जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा था, जिसमें बिना सहमति चकबंदी न कराने का आश्वासन दिया गया था।

किसानों के इस विरोध प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति भी उनके समर्थन में सामने आई। जिलाध्यक्ष मीना पा

एक नजर

मुठभेड़ में 50 हजार का इनामिया गो तस्कर गिरफ्तार

अमेठी। जनपद अमेठी की पुलिस ने थाना रामगंज क्षेत्र में चलाये जा रहे अभियान के तहत 50, हजार रुपए के इनामी शातिर अपराधी मनीष उर्फ गणेश उर्फ मिन्टू को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान उसके कब्जे से 1 तमंचा, 1 जिन्दा कारतूस, 1 खोखा कारतूस (315 बोर) और गोतस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में की गई। थाना रामगंज प्रभारी निरीक्षक श्री कृष्ण मोहन सिंह, स्वाट टीम प्रभारी अनूप सिंह और सर्विलांस टीम प्रभारी दयाशंकर मिश्र के साथ पुलिस बल ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली कि मनीष 11/12 सितंबर 2025 की रात्रि में गोवंश लादकर ले जा रहे वाहन के साथ पुलिस पर जानलेवा हमला करने वाले व्यक्तियों में शामिल था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम बैरघाट पुल के पास पहुंची, जहां मनीष मोटरसाइकिल से भागने लगा। कच्चे रास्ते पर फिसलने के कारण गिरने पर उसने पुलिस पर फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि इसी मोटरसाइकिल से उसने पूर्व में गोतस्करी की घटना अंजाम दी थी और आज पुनः वही कार्य करने के लिए जा रहा था। घायल मनीष को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ अमेठी, चन्दौली और जौनपुर में हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस सफलता के लिए थाना रामगंज, स्वाट और सर्विलांस टीम के सभी अधिकारियों की सराहना की जा रही है।

तीन आतिशबाजी अनुज्ञप्तीधारकों के लाइसेंस निरस्त

अमेठी। विस्फोटक अधिनियम के तहत निर्धारित अर्हता एवं सुरक्षा मानकों का पालन न किए जाने पर जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद के तीन आतिशबाजी अनुज्ञप्तिधारकों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। यह कार्रवाई सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें निर्धारित मानकों के उल्लंघन की पुष्टि हुई थी। निरस्त किए गए अनुज्ञप्तिधारकों में चाँद बाबू पुत्र अब्दुल लतीफ, निवासी ग्राम राजगढ़, थाना गौरीगंज, मोहम्मद अख्तर पुत्र स्व. रमजान, निवासी ग्राम कसथुनी पश्चिम, थाना मुसाफिरखाना, मो. शमीम पुत्र बफाती, निवासी ग्राम तिलोई, थाना मोहनगंज के नाम शामिल हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद के अन्य वैध आतिशबाजी अनुज्ञप्तिधारकों द्वारा विक्रय स्थल पर निर्धारित बिंदुओं के अनुसार आवश्यक जांच की जाए, ताकि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में किसी भी स्तर पर सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दीपावली पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और नियमों के अनुरूप संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

राजकीय आईटीआई गौरीगंज में दीक्षांत समारोह आयोजित

अमेठी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज में आज दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र 2024–25 में जनपद के सभी राजकीय आईटीआई के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र ने मेधावी प्रशिक्षार्थियों को पदक प्रदान किए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को गोल्ड मेडल और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में श्री मिश्र ने कहा कि आईटीआई विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी शिक्षा है। कोई भी औद्योगिक प्रतिष्ठान आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के बिना सम्भव नहीं है। समारोह में कोपा व्यवसाय की छात्रा आरती तिवारी ने अपने प्रशिक्षण का अनुभव साझा किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई जगदीशपुर ने किया। इस अवसर पर शिवा कान्त द्विवेदी (प्रधानाचार्य, आईटीआई जायस), अजय कुमार श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य, आईटीआई तिलोई), अनिल मिश्रा (कार्यदेशक), दिवाकर मिश्र सहित संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रशिक्षार्थियों का सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों को रेखांकित करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

महिलाओं को दी गई आत्मरक्षा व सुरक्षा की जानकारी

अमेठी। महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज–5.0 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण व सुरक्षा के लिए जिले में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान की थीम 'सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' के तहत आज जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान के निर्देशन एवं उपजिलाधिकारी / प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहगढ़, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जामों एवं शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी में किया गया। इस दौरान छात्राओं और महिलाओं को

आत्मरक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई तथा विभिन्न आपात परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा कैसे करें, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला कल्याण विभाग की टीम ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित अन्य महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी दी। प्रतिभागियों में इन योजनाओं के फोल्डर, पंपलेट वितरित कर प्रचार–प्रसार किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सायबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित बाल कल्याण समिति सदस्य नीरज पांडेय, रीता सिंह, वन स्टॉप सेंटर अमेठी की सेंटर मैनेजर गायत्री देवी, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से राकेश कुमार यादव एवं जानवी गुप्ता, तथा चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के गौरव श्रीवास्तव, रूची सिंह और रोशन लाल ने भी प्रतिभागियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना तथा सरकारी योजनाओं से अधिकाधिक लाभान्वित करना रहा।

करिश्मा बनी एक दिन की बैंक मैनेजर

अमेठी। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान, जिसे प्रदेश सरकार ने शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रारंभ किया है, के अंतर्गत जनपद अमेठी में जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज पीएम श्री विद्यालय, सुजानपुर (विकास खंड गौरीगंज) की छात्रा करिश्मा को ग्रामीण बैंक में एक दिन का बैंक मैनेजर बनने का अवसर दिया गया। इस विशेष पहल के दौरान करिश्मा ने बैंक की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। उन्होंने खातों के संचालन, लेनदेन की प्रक्रिया और ग्राहकों से संवाद करने की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बैंकिंग व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी तथा वित्तीय साक्षरता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में

वित्तीय सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास और समान अवसरों की भावना को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बन सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने करिश्मा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन शक्ति जैसी योजनाएँ बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, बैंक अधिकारी एवं छात्राएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं।

राम-भरत मिलन के दृश्य ने भिगो दिए हजारों नयन

सलोन में रिमझिम फुहारों के बीच गूंजा, जय श्रीराम, जय भवानी

विश्ववार्ता संवाददाता

सलोन, रायबरेली। घने बादलों और रिमझिम फुहारों के बीच शुक्रवार/शनिवार की बीती रात सलोन नगर भक्ति और भावना के सागर में डूब गया, जब राम-भरत मिलाप लीला का सजीव मंचन आरंभ हुआ। जैसे ही मंच पर भगवान श्रीराम और अनुज भरत का मिलन दृश्य प्रस्तुत हुआ, समूचा जनसमुदाय भावविह्वल हो उठा। हजारों श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रुधार बह निकली और "जय श्रीराम" व "जय भवानी" के उद्घोषों से पूरा वातावरण गूंज उठा। सदियों से चली आ रही यह पारंपरिक ऐतिहासिक लीला, रामलीला दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा भव्य रूप से आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतापगढ़ से आईं कलात्मक चौकियों के नृत्य-प्रदर्शन से हुआ। नृत्यांगनाओं ने अपनी अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुति से भक्ति और कला का ऐसा संगम रचा की दर्शन मंत्रमुग्ध हो गए। इसके उपरांत रायबरेली की ओर से निकली भरत दल की झांकी और प्रतापगढ़ मार्ग से आई राम दल की झांकी ने नगर की सड़कों को श्रद्धा और उत्साह से भर दिया। दर्शकों ने कहा कि राम भरत मिलाप से इन्द्रभगवान भी प्रसन्न होकर जलवृष्टि किया। भीगे मौसम में पुष्पवर्षा के बीच लोग जयकारे लगाते हुए झांकियों के साथ आगे बढ़ते रहे। जब मंच पर भगवान श्रीराम अपने अनुज भरत से मिले तो भीड़ में बैठे हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। यह दृश्य मानो श्रद्धा की नदी बनकर पूरे सलोन में बह चला। रातभर चली झांकियों में शिव तांडव, मां काली का क्रोध रूप, दुर्गा के नौ स्वरूपों, और राधा-कृष्ण रासलीला जैसे प्रसंगों ने कार्यक्रम को चरम भव्यता प्रदान की। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक गौरव दोनों का अद्भुत समागम रचा।

इस अवसर पर रामलीला दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष विपिन कौशल ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि इस पावन परंपरा के संरक्षण में नगरवासियों की आस्था ही सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष कपूर रस्तोगी ने कहा कि "सलोन की गंगा-जमुनी तहजीब भारत की अखंडता की सजीव मिसाल है। यहाँ धर्म, संस्कृति और सौहार्द एक साथ सांस लेते हैं। मंच पर उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम, तहसीलदार दीपिका सिंह, कोतवाल राघवन कुमार सिंह, रोहन साहू, लवी गुप्ता, राजीव साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।रात के अंतिम पहर तक चलने वाले इस भरत मिलाप उत्सव ने यह प्रमाणित कर दिया कि सलोन केवल परंपरा का नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और श्रद्धा का धरोहर स्थल है, जहाँ आज भी राम-भरत का मिलन केवल कथा नहीं, बल्कि भावनाओं का जीवंत उत्सव है।

सदियों पुरानी परंपरा का जीवंत उत्सव

सलोन, रायबरेली। सलोन में सजी राम-भरत मिलाप लीला ने श्रद्धा और भावना का ऐसा संगम रचा कि पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। रामलीला दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा पीढ़ियों से निभाई जा रही यह ऐतिहासिक परंपरा आज भी अपने पूरे वैभव के साथ जीवित है। मंच पर जब भगवान श्रीराम और अनुज भरत का सजीव मिलन दृश्य प्रस्तुत हुआ, तो उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें श्रद्धा से छलक उठीं। जय श्रीराम के उद्घोष और पुष्पवर्षा के बीच सलोन की गलियां दिव्य आस्था के रंग में रंग गईं।

पूर्व मंत्री डॉ. अमिता सिंह के जन्मदिन पर नमो मैराथन आयोजित

अमेठी। पूर्व मंत्री डॉ. अमिता सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को अमेठी में 'नमो मैराथन' का भव्य आयोजन किया गया। इस 21 किलोमीटर लंबी दौड़ में सैकड़ों महिला और पुरुष प्रतिभागियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।

मैराथन का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान ने भूपति भवन, रामनगर से हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह, सी एम ओ डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। मैराथन का मार्ग भूपति भवन, रामनगर से शुरू होकर आरआरपीजी कॉलेज, अमेठी तक रहा।

महिला और पुरुष वर्ग में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए। पहले स्थान पर आने वाले को 51,000 रुपये, दूसरे को 31,000 रुपये, तीसरे को 21,000 रुपये, चौथे को 11,000 रुपये, जबकि पाँचवें, छठवें और सातवें स्थान पर आने वाले को 5,000-5,000 रुपये दिए गए।

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

आज तहसील तिलोई में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 07 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 16 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील गौरीगंज में 31 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तिलोई अमित सिंह, तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम और एसपी ने लालगंज तहसील में सुनी जन शिकायतें

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, रायबरेली। जनसुनवाई और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में सरकार की प्राथमिकता को आगे बढ़ाते हुए तहसील लालगंज में शुक्रवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरेनी विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति रही, जबकि बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने की।

डीएम हर्षिता माथुर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसामान्य की समस्याओं का निस्तारण त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित 15, पुलिस विभाग की 9, विकास से जुड़ी 7, समाज कल्याण विभाग की 3 और अन्य श्रेणी की 13 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से 8 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

» सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें दर्ज, 8 मामलों का हुआ तत्काल निस्तारण

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा, उप जिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अमित सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, सर्विस रोड की बदहाल स्थिति पर जताई चिंता

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को बांदा-टांडा एनएच-232 पर बने बाईपास ब्रिज के साइड सर्विस रोड की खराब स्थिति को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल ने बताया कि पुल बन जाने के बावजूद दोनों तरफ सर्विस रोड में गड्ढे और कीचड़ के कारण आम जनता और व्यापारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने कहा कि रोजाना हादसों का खतरा बना रहता है, लेकिन संबंधित विभाग अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। जिलाधिकारी हर्षिता

माथुर ने आश्वासन दिया कि पुल के साथ-साथ सर्विस रोड का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, वरिष्ठ व्यापारी नेता अनिल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी अवसर पर व्यापार मंडल ने लालगंज रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भी ज्ञापन डीआरएम सुनील कुमार वर्मा को सौंपा। मंडल ने स्टेशन पर एलाउंसमेंट, विश्रामगृह, शौचालय, फाटक संचालन एवं अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की।

शारदा नहर में मिला अज्ञात युवक का शव, हड़कंप

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब शारदा नहर में एक अज्ञात युवक का शव बहता हुआ दिखाई दिया। नहर में शव देखे जाने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से निकलवाकर पहचान तथा घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

सांसद राहुल गांधी पर गोली मारने की धमकी का मामला गहराया

विश्ववार्ता संवाददाता

डीह, रायबरेली। लोकप्रिय कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी को बीते 26 सितंबर को रात में मंच से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पिंटू महादेव द्वारा सीने पर गोली मारने की धमकी देने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने थाना डीह पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

इस मौके पर जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) रायबरेली की जिला उपाध्यक्ष किरन देवी ने अपने सहयोगियों के साथ थाने पहुंचकर सुरक्षा बढ़ाने और इस गंभीर मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

रिपोर्ट दर्ज कराने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इंद्रपाल प्रभाकर, गणेश मौर्य, सलोंन विधान सभा प्रभारी राम श्री, बराती लाल, महेंद्र श्रीवास्तव, गुफरान

» कांग्रेस नेत्री किरन देवी ने कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचकर दर्ज कराई रिपोर्ट

अहमद, हजूरी लाल मौर्य और राजीव कुमार त्रिपाठी सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने पुलिस से अपेक्षा जताई कि मामले की तत्काल और प्रभावी जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएँ।

डीआरएम ने लालगंज रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

लालगंज, रायबरेली। डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार शाम लालगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और परिसर में फैली गंदगी देखकर अधिकारियों को फटकार लगाई। डीआरएम ने स्टेशन अधीक्षक और ईओडब्ल्यू उन्नाव के अधिकारियों को स्वच्छता और सुविधा सुधार में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, शौचालय, कंट्रोल रूम और कैंटीन का बारीकी से जायजा लिया। विशेष रूप से शौचालय और वाटर कूलर के आसपास जमा गंदगी देखकर उन्होंने सुधार की तत्काल कार्यवाही करने को कहा। डीआरएम के साथ चीफ इंजीनियर ऋषि कुमार यादव भी मौजूद थे। योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा, जिसमें टीन शेड, विकलांग रैंप, पार्किंग और वीआईपी गेट की सुविधाएं शामिल हैं।

आक्रोशित भीड़ ने संदिग्ध युवकों की बेरहमी से पिटाई, तीन घायल

पुलिस ने भीड़ के चंगुल से बचाया, आधा दर्जन लोग हिरासत में

» ऊँचाहार हत्याकांड के बाद सलोन में भी तनाव, नौटंकी देखकर लौट रहे युवकों को चोर समझकर पीटा

विश्ववार्ता संवाददाता

सलोन, रायबरेली। ऊँचाहार में हुए जघन्य हत्याकांड के बाद अब सलोन में भी हालात बिगड़ते-बिगड़ते बचे। कोतवाली क्षेत्र के करहिया चौकी अंतर्गत जौदहा गांव में शुक्रवार देर रात एक भयावह घटना घट गई, जब नौटंकी देखकर लौट रहे तीन युवकों को ग्रामीणों ने संदिग्ध समझकर पकड़ लिया और निर्ममता से पिटाई कर दी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और बड़ी मुश्किल से भीड़ के चंगुल से तीनों युवकों को बचाकर सीएचसी सलोन में भर्ती कराया। वहीं, भीड़भाड़ और तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़

के जेवाई क्षेत्र निवासी सुरजीत पुत्र राम आसरे, उमेश पुत्र हरिकेश और मुकेश पुत्र हरिकेश शुक्रवार रात जौदहा गांव में आयोजित नौटंकी देखकर लौट रहे थे। ग्रामीणों को उन पर चोरी का शक हुआ और देखते ही देखते आक्रोशित भीड़ ने उन्हें घेरकर पीटना शुरू कर दिया।सूत्रों के मुताबिक, युवकों को तब तक पीटा गया जब तक स्थानीय पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। घायलावस्था में तीनों को सीएचसी लाया गया, जहां से गंभीर चोटों के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित सिंह ने बताया कि तीनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

वहीं कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान कर मुकेश, धीरज, बब्लू, विनोद और शेरबहादुर को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है ताकि ऊँचाहार जैसी कोई बड़ी घटना दोहराई न जा सके।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री मद भागवत कथा

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। तिलोई तहसील मुख्यालय स्थित इन्हौना मार्ग पर लोधवरिया गांव के श्री परमहंस बाबा राम मंगलदास के मंदिर परिसर में आयोजित होने वाली सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा महा पुराण कलश यात्रा के साथ शनिवार को शुरू हुई। शनिवार की सुबह गाजे बाजे के साथ सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ कलश यात्रा रवाना होने से पहले कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित हुई जिसमें सैकड़ों सुसज्जित महिलाएं सर पर कलश लिए जल भरने को रवाना हुई। कथा व्यास डॉ सुमनलता उनियाल (दीदी जी) की अगुआई में निकली गई कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से रवाना होकर धर्म धाम पहुंची, तत्पश्चात सैमबशी स्थित सगरा से जल भरने के पश्चात यात्रा पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां विधि

» लोधवरिया स्थित परमहंस बाबा मंदिर परिसर में होगा कथा का आयोजन

विधान से कलश पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।और कथा का शुभारंभ हो सका।

भाजपा के जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, अनिल बाजपेई, सुजीत कुमार मिश्रा, दुर्योधन सिंह, रोहित त्रिपाठी अविनाश त्रिपाठी भानु पाठक सरोज कुमार आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता बच्चों और महिलाओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा, कार्यक्रम में उमड़ा उत्साह

आरेडिका में माँ दुर्गा पूजा, दशहरा और रावण दहन उत्सव धूमधाम से संपन्न

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) के आवासीय परिसर में 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक नवरात्रों का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों और उनके परिवारजन उपस्थित रहे और माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना कर कारखाने के विकास तथा परिसर में शांति और समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के दौरान आरेडिका की माँ दुर्गा पूजा समिति ने बच्चों और महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

इन प्रतियोगिताओं में डांडिया नृत्य, ढांक बंगाली नृत्य, रंगोली, पेंटिंग, वाद्य यंत्र प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, बाल नृत्य और महिला नृत्य शामिल थे। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। किसी

ने अपने नृत्य कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, तो बच्चों ने रंगोली और पेंटिंग में अपनी कल्पनाओं को जीवंत कर लोगों का मन मोह लिया।

दशहरा पर असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक पर्व बड़े उल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। शाम को सरस्वती प्रेक्षागृह के प्रांगण में रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रविश कुमार ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों और महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए। सभी ने मिलकर रावण का पुतला दहन किया और 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाए। इस भव्य आयोजन में कर्मचारियों और उनके परिवारजन ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया और आपसी सौहार्द व संस्कृति के आदान-प्रदान का संदेश भी दिया।

आरेडिका के जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पंकज राय, और माँ दुर्गा पूजा समिति के सदस्य नैब सिंह, आदित्य प्रकाश, आशिष श्रीवास्तव, महेश शर्मा, रोहित रंजन, सुमन मिश्रा, गुड्डू कुमार सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

एक नजर

नीतीश के फ्लाइंग कैच से चंद्रपॉल आउट

भारत ने अहमदाबाद टेस्ट में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हरा दिया। भारत ने पहला मैच जीतकर दो टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पूरे मैच में भारतीय टीम हावी रही। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन नीतीश रेड्डी ने हवा में छलांग लगाकर तेगनारायण चंद्रपॉल का कैच पकड़ा। इससे पहले, दूसरे दिन जब केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाया तो तीनों ने ही अलग-अलग अंदाज में इसे सेलिब्रेट किया।

गिल- जब तक जीतते रहेंगे, टॉस मायने नहीं रखता

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट जीतने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने कहा, यह हमारे लिए परफेक्ट गेम था। टीम इंडिया के उप-कप्तान रवींद्र जडेजा के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने पहला टेस्ट पारी और 140 रनों से जीत लिया। भारत ने इस जीत के साथ दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है।

ईरानी कप- विदर्भ दूसरी पारी में 232 पर ऑलआउट

ईरानी कप में रणजी चैंपियन विदर्भ मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन विदर्भ ने रेस्ट ऑफ इंडिया को 361 रन का टारगेट दिया। टीम ने स्टंप्स तक रेस्ट ऑफ इंडिया के दो विकेट भी गिरा दिए। कप्तान रजत पाटीदार और ईशान किशन नाबाद लौटे है। नागपुर स्टेडियम में विदर्भ की दूसरी पारी 232 रन पर ऑलआउट हो गई। रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से अंशुल कम्बोज ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। पहली पारी टीम को 128 रन की बढ़त मिली थी। रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम अपनी पहली पारी में 214 रन पर ही सिमट गई थी। नागपुर के VCA स्टेडियम में विदर्भ ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी।

सबा करीम बोले- भारत के खिलाफ पाकिस्तान बहुत पीछे

पूर्व विकेटकीपर सबा करीम का मानना है कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान बहुत पीछे है। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में दोनों टीमों का सामना कल यानी 5 अक्टूबर को कोलंबो में होना है। इस मुकाबले से पहले शुक्रवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और जियोस्टार एक्सपर्ट सबा करीम ने मीडिया-डे के दौरान दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, दोनों टीमों के प्रदर्शन में काफी अंतर है। इसलिए मुझे लगता है कि भारत की ताकत इसी से पता चलती है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास एक बहुत ही मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप है। हमारा टॉप ऑर्डर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसके साथ ही मैं मिडिल ऑर्डर से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करता हूं। हरमन का फॉर्म अच्छा है, लेकिन रन उतने नहीं बन रहे जितने बनने चाहिए। हमारी बॉलिंग यूनिट, खासकर हमारे स्पिनर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा हमने 15 मेंबर्स स्क्वॉड में कई अच्छे ऑलराउंडर चुने हैं।

बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को हराकर टी-20 सीरीज जीती

बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को दूसरे टी-20 में 2 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने ऑलराउंडर प्रदर्शन किया। उन्होंने चार ओवर में सिर्फ 13 रन दिए और एक विकेट लिया, साथ ही नाबाद 11 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

रोहित शर्मा से वनडे की कप्तानी छीनी गई शुभमन गिल नए कप्तान, श्रेयस उपकप्तान

ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज खेलेंगे रोहित-विराट

एजेंसी

नई दिल्ली। रोहित शर्मा से भारत की वनडे टीम की कप्तानी छीन ली गई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए घोषित भारतीय टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं, लेकिन कप्तान शुभमन गिल को बनाया गया है। गिल पहले से टेस्ट टीम के कप्तान हैं। रोहित और विराट ने आखिरी वनडे मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी साल 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था।

टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 खेलेगी। 19 अक्टूबर को पहला वनडे पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड में और तीसरा 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा। इसके बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज होगी। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे।

भारत की वनडे और टी-20 टीम

वनडे : शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल।

टी-20 : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर।

रोहित और कोहली का 2027 वर्ल्ड कप खेलना तय नहीं

चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने कहा- 'रोहित शर्मा और विराट कोहली का 2027 वनडे वर्ल्ड कप में खेलना अभी तय नहीं है। इसलिए रोहित को कप्तान नहीं बनाया गया है। उनसे इस बारे में बात कर ली गई है। शुभमन गिल को टेस्ट के साथ-साथ वनडे की कमान दिए जाने पर उन्होंने कहा कि तीन फॉर्मेट के लिए तीन कप्तान बनाना मुमकिन नहीं है। इसलिए गिल को दो फॉर्मेट में कप्तान बनाया गया है।'

गिल ने अब तक 55 वनडे खेले हैं

शुभमन गिल ने अब तक 55 वनडे इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 8 शतकों की मदद से 2775 रन बनाए हैं। औसत 59.04 का और स्ट्राइक रेट 99.56 का है। गिल को 50 ओवर के फॉर्मेट में कप्तानी का ज्यादा अनुभव नहीं है। लिस्ट ए क्रिकेट में उन्होंने 6 मैचों में कप्तानी की है। इसमें उनकी टीम पांच में जीत हासिल करने में कामयाब रही। वनडे इंटरनेशनल में गिल ने आज तक कप्तानी नहीं की है।

भारत ने वेस्टइंडीज से 77 साल का हिसाब चुकता किया

ढाई दिन में जीता अहमदाबाद टेस्ट, मैच में जडेजा की सेंचुरी और 4 विकेट

एजेंसी

अहमदाबाद। भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हरा दिया है। यह मुकाबला तीसरे दिन टी-ब्रेक से पहले ही खत्म हो गया। एक टेस्ट मैच में 450 ओवर का खेल मुमकिन होता है, लेकिन अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट 217.2 ओवर में ही समाप्त हो गया।

वेस्टइंडीज की दूसरी पारी शनिवार को 45.1 ओवर में महज 146 रन के स्कोर पर सिमट गई। रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने 3 और कुलदीप यादव ने 2 विकेट झटके। एक विकेट वॉशिंगटन सुंदर को मिला। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 448/5 के स्कोर पर घोषित कर दी। यानी भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन बिल्कुल बैटिंग नहीं की। वेस्टइंडीज को पारी की हार से बचने के लिए 287 रनों की जरूरत थी। उसकी पहली पारी 162 रन पर ऑलआउट हुई थी। भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हरा दिया है।

यह मुकाबला तीसरे दिन टी-ब्रेक से पहले ही खत्म हो गया। एक टेस्ट मैच में 450 ओवर का खेल मुमकिन होता है, लेकिन अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट 217.2 ओवर में ही समाप्त हो गया।

77 साल में पहली बार घर में वेस्टइंडीज से जीत-हार बराबर

यह सीरीज शुरू होने से पहले वेस्टइंडीज दुनिया की इकलौती टीम थी जिसके खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत को अपने ही देश में जीत कम और हार ज्यादा मिली थी। अब जीत और हार के नंबर बराबर हो गए हैं। अगर भारतीय टीम दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भी जीत हासिल कर लेती है तो टेस्ट खेलने वाली सभी टीमों के खिलाफ उसका घरेलू रिकॉर्ड पॉजिटिव हो जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम 1948 में पहली बार भारत के दौरे पर आई थी। तब से वह भारतीय जमीन पर जीत के मामले में भारतीय टीम से आगे रही थी।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश कही

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडियरी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (''एलजीईआईएल'' या ''कंपनी'') ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश की है। इसके प्रति ईक्विटी शेयर का मूल्य 1,080 रुपये से 1,140 रुपये होगा। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग डेट 06 अक्टूबर, 2025, दिन मंगलवार तय की गई है। इस बिड/ऑफर की सदस्यता 07 अक्टूबर, 2025, दिन मंगलवार से शुरू होगी और 09 अक्टूबर, 2025, दिन गुरुवार को समाप्त होगी। निवेशक कम से कम 13 ईक्विटी शेयर के लिए, और उसके बाद 13 ईक्विटी शेयर के गुणांक में बोली लगा सकेंगे। एम्प्लॉई रिज़र्वेशन पोर्शन के अंतर्गत बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति ईक्विटी शेयर 108 रुपये का डिस्काउंट दिया जाएगा।

संपूर्ण विवरण के लिए दिनांक 30 सितंबर को प्रकाशित प्राईस बैंड का एडवरटाईज़मेंट देखें, जो अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

इस ऑफर में प्रमोटर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक. द्वारा 10 रुपये प्रति शेयर की फेस वैल्यू के 101,815,859 ईक्विटी शेयर्स तक की बिक्री शामिल है।

इसके बुक रनिंग लीड मैनेजर एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया लिमिटेड हैं, तथा केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड इस ऑफर के रजिस्ट्रार हैं। इक्विटी शेयरों को एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

यह ऑफर सेबी आईसीडीआर रेगुलेशंस के रेगुलेशन 31 के साथ पढ़े जाते हुए संशोधित सिक्योरिटीज़ कांट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) नियमों, 1957 (''एससीआरआर'') के नियम 19(2)(बी) की शर्तों के अंतर्गत पेश किया जा रहा है. यह ऑफर सेबी आईसीडीआर रेगुलेशंस के रेगुलेशन 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें नेट ऑफर का अधिकतम 50% तक का हिस्सा आनुपातिक आधार पर अर्हता प्राप्त संस्थागत खरीदार को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा।

ई-कॉमर्स कैश ऑन डिलीवरी पर एक्स्ट्रा चार्ज ले रहे सरकार बोली ये गलत

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर कैश ऑन डिलीवरी ऑर्डर्स पर एक्स्ट्रा चार्ज लगाए जाने की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स द्वारा सीओडी पर अतिरिक्त शुल्क लगाना एक तरह का 'डार्क पैटर्न' है। इस साल प्राप्त शिकायतों के बाद विभाग ने जांच तेज कर दी है।'

जोशी के मुताबिक, सीओडी पर ज्यादा पैसे लेना ड्रिप प्राइसिंग का उदाहरण है। यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत 13 डार्क पैटर्न्स में से एक है। जुलाई में जेप्टो जैसे प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ सोशल मीडिया पर शिकायतें सामने आईं, जहां चेकआउट पर 'कैश हैंडलिंग फीस' जोड़ी गई।

मंत्री ने कहा, 'प्लेटफॉर्म्स की गहन जांच होगी। ग्राहकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पक्की की जाएगी, ताकि ई-कॉमर्स में पारदर्शिता बनी रहे।

ड्रिप प्राइसिंगः ऑर्डर के अंतिम चरण में छिपे शुल्क जोड़ना

फॉल्स अर्जेंसीः 'केवल 1 आइटम बचा' जैसे झूठे संदेश

सब्सक्रिप्शन ट्रैप्सः आसानी से रद्द न होने वाली मेंमरशिप

भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी : नीरव

छह साल से लंदन की जेल में है प्रत्यर्पण केस को फिर से ओपन करने के लिए याचिका

एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टॉर्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवंबर को हो सकती है।

हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, 'हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर UK की अदालत पूछेगी तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं।'

नीरव पर PNB से 6,498 करोड़ हड़पने का आरोप

नीरव पर पंजाब नेशनल बैंक से फर्जी तरीके से 6,498 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम हड़पने का आरोप है। नीरव ने सैकड़ों लेटर ऑफ अंडरटेकिंग का दुरुपयोग भी किया है। सभी जांच एजेंसियां इस बात पर एकमत हैं कि उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। नीरव को मार्च 2019 में गिरफ्तार किया गया था। अभी वह UK जेल में बंद है और उसे भारत लाने की कार्यवाही अभी पेंडिंग है। भारत ने UK को बताया है कि नीरव को मुंबई के आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा, जहां हिंसा, भीड़भाड़ या दुर्व्यवहार का कोई खतरा नहीं है और मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध है। एजेंसियों ने UK को भरोसा दिया है कि नीरव पर कोई नया आरोप नहीं लगाया जाएगा। 54 साल के नीरव मोदी को 19 मार्च 2019 को प्रत्यर्पण वारंट पर गिरफ्तार किया गया था। तत्कालीन UK गृह सचिव प्रीति पटेल ने अप्रैल 2021 में उसके प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। वह करीब छह साल से लंदन की जेल में है। पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी के मामले में CBI जांच कर रही है। ED का उस धोखाधड़ी की कमाई से मनी लॉन्ड्रिंग का केस देख रही है और CBI केस में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का तीसरा केस चला रही है।

जुबीन के साथी का दावा- उन्हें मैनेजर-ऑर्गनाइजर ने जहर दिया

हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची, सिंगर हांफ रहे थे, फिर भी तैरने भेजा

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट (नाव) के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था- जाबो दे, जाबो दे (उसे जाने दो, उसे जाने दो)।

बैंडमेट गोस्वामी के आरोप, कहा- जुबीन की मौत डूबने से नहीं हुई

हम सभी 19 सितंबर को समुद्र में एक याट पर गए थे। शर्मा के कंट्रोल में लेने के बाद याट समुद्र में खतरनाक तरीके से हिलने लगी थी।। सभी की जान जोखिम में पड़ गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि शर्मा ने असम एसोसिएशन (सिंगापुर) के सदस्य और NRI तन्मॉय फुकन को ड्रिंक की व्यवस्था न करने को कहा और खुद ही सभी ड्रिंक्स देने की बात कही।

जब जुबीन को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और वो लगभग डूब रहे थे, तब शर्मा चिल्लाते हुए सुने गए, 'जाबो दे, जाबो दे' (जाने दो, जाने दो)।

जुबीन ट्रेंड स्विमर था। उसने मुझे और शर्मा को भी तैरना सिखाया था, इसलिए उनकी मौत डूबने से नहीं हो सकती। शर्मा और महंत दोनों ने सिंगर को जहर दिया और साजिश छुपाने के लिए सिंगापुर को चुना। शर्मा ने मुझे याट के किसी भी वीडियो को किसी के साथ शेयर न करने के लिए कहा था। असम सरकार ने जुबीन के मौत के मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता गुवाहाटी हाईकोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सैकिया करेंगे। CM हेमंत सरमा ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया था।

रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा की सगाई का दावा

दोनों के परिवारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई रस्म, फरवरी में हो सकती है शादी

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है, ऐसा दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर न तो एक्ट्रेस और न ही एक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और न ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। एम9 न्यूज रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह सगाई दोनों परिवारों और कलाकारों के केवल करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। विजय और रश्मिका लंबे समय से एक-दूसरे के करीब हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया और न ही सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात की। कपल के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे अगले साल फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा हो सकती है। रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। इसके बाद उन्होंने 'अंजनी पुत्रा' और 'चमक' जैसी फिल्मों में भी काम किया। 2018 में उन्होंने तेलुगु फिल्म 'चालो' से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जो हिट रही। उसी साल आई 'गीता गोविंदम' ने उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'देवदास', 'यजमाना', 'डियर कॉमरेड', 'भीष्म', 'सरिलेरु नीकेव्वरु', 'पुष्पा : द राइज' और 'पुष्पा 2 : द रूल' जैसी फिल्मों में भी एक्टिंग की। वहीं, बॉलीवुड में रश्मिका मंदाना ने 'एनिमल' और 'छावा' जैसी फिल्मों में काम किया है और वह सलमान खान की 'सिकंदर' में भी नजर आई हैं।

फरहान अख्तर के साथ 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी

एक्टर के कार्ड का मिसयूज कर ड्राइवर ने निकाले पैसे, मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार

एक्टर फरहान अख्तर के साथ धोखाधड़ी हुई है। मुंबई पुलिस ने उनके ड्राइवर नरेश सिंह और एक अन्य व्यक्ति अरुण सिंह के खिलाफ 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि बिना जानकारी के एक्टर के कार्ड का इस्तेमाल कर पैसे की गड़बड़ी की। मुंबई पुलिस के मुताबिक, यह शिकायत एक्टर की मां हनी ईरानी की मैनेजर दिया भाटिया ने दर्ज कराई है। धोखाधड़ी तब सामने आई जब उन्होंने पेट्रोल के रिकॉर्ड में गड़बड़ी पाई। आरोप है कि कार की टंकी की क्षमता केवल 35 लीटर थी, लेकिन रिकॉर्ड में 62 लीटर पेट्रोल-डीजल का बिल दिखाया गया। साथ ही पेट्रोल उस गाड़ी के लिए लिया गया था, जिसे सात साल पहले बेच दिया गया था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने ड्राइवर नरेश सिंह और बांद्रा झील के पास स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी अरुण सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस पूछताछ में नरेश सिंह ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया और बताया कि फरहान के नाम से जारी कार्ड उसे 2022 में एक्टर के पूर्व ड्राइवर के जरिए मिला था। वह पेट्रोल पंप पर बिना पेट्रोल डाले ही कैश लेता था और कमीशन के तौर पर पेट्रोल पंप कर्मचारी को हिस्सा देता था। रोजाना लगभग 1000 से 1500 रुपए की यह रकम होती थी।फरहान अख्तर जल्द ही फिल्म 120 बहादुर में नजर आएंगे। इसका टीजर भी जारी हो चुका है। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होगी और यह 1962 के भारत-चीन युद्ध पर आधारित है।

पंकज त्रिपाठी का नया लुक देख लोग हैरान

हरी शेरवानी-धोती स्टाइल पैंट में आए नजर, रणवीर सिंह बोले- हम सुधर गए और आप बिगड़ गए

एक्टर पंकज त्रिपाठी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं, जिसमें वो बिल्कुल नए लुक में नजर आ रहे हैं। दरअसल हाल ही में पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में पंकज हरे रंग की वैल्वेट शेरवानी जैकेट में नजर आए। इस पर सुनहरी कढ़ाई की डिजाइन बनी हुई थी। अंदर उन्होंने काले रंग की शर्ट पहनी थी। सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाला हिस्सा था लाल धोती स्टाइल पैंट, जिस पर बड़े सुनहरे फूल बने थे। उन्होंने इस लुक को गोल्डन जूते और भूरे रंग की टोपी के साथ पूरा किया।पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक नई शुरुआत। यह किसी दिलचस्प चीज की शुरुआत है। माहौल कैसा है? पंकज त्रिपाठी की तस्वीरों पर सेलेब्स ने रिएक्शन दिए। एक्टर रणवीर सिंह ने मजाकिया अंदाज में लिखा, "अरे! ये क्या गुरुजी?! हम सुधर गए, और आप बिगड़ गए?

एक नजर

दुर्गा पूजा व विसर्जन शोभायात्रा की तैयारियों का एडीजी ने लिया जायजा

सुलतानपुर। दुर्गा पूजा महोत्सव और प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाने हेतु एडीजी जोन लखनऊ सुजीत पांडेय शनिवार को सुलतानपुर पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में एक अहम बैठक कर जिले की तैयारियों की गहन समीक्षा की। बैठक में आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, डीएम कुमार हर्ष, एसपी कुंवर अनुपम सिंह, एएसपी अखंड प्रताप सिंह सहित जिले के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे। एडीजी ने अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, भीड़-प्रबंधन पर फोकस रखने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों और विसर्जन मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम सुनिश्चित किए जाएं। यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने, ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी की मदद से निगरानी बढ़ाने और किसी भी अफवाह पर तत्काल कार्रवाई करने पर बल दिया। एडीजी सुजीत पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ उन्होंने शहर के संवेदनशील इलाकों का भी जायजा लिया।

पिता की बगिया में दिवंगत चिकित्सक बेटे की प्रतिमा का लोकार्पण

लंभुआ-सुलतानपुर। माता - पिता - पत्नी के करुण क्रंदन के बीच शनिवार को दिवंगत चिकित्सक डॉ लक्ष्मी कांत साहू की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ। करीब चार वर्ष पूर्व युवा चिकित्सक की कोरोना से मौत हुई थी। लोकार्पण के बाद मित्र, परिजन व रिश्तेदार ने उनके संस्मरण भी साझा किए। दरअसल, नगर पंचायत के गांधीनगर निवासी राम प्यारे साहू के बेटे व चिकित्सक डॉ लक्ष्मीकांत साहू अपने दायित्व के दौरान कोरोना से ग्रस्त हो गए थे।उस वक्त डॉ लक्ष्मी कांत साहू अमेठी जिले के शाहगढ़ सीएचसी में तैनात थे। 19 अप्रैल 2021 को डॉ साहू की मौत हो गई थी। पूरा परिवार इस हादसे से स्तब्ध रह गया था। युवा चिकित्सक पत्नी डॉ रुचि साहू बेसुध पड़ी थी तो माता मिथिलेश साहू - पिता राम प्यारे साहू- भाई रजनीकांत साहू भी इस दर्दनाक हादसे को भुला नहीं पा रहे थे। इस दौरान पिता ने गांधीनगर मोहल्ले में मौजूद पारिवारिक भूमि पर चिकित्सक बेटे की याद को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए एक उपवन सजाना शुरू किया। इसी उपवन के एक तरफ चिकित्सक बेटे डॉ लक्ष्मी कांत साहू की प्रतिमा भी स्थापित की गई। शनिवार को चिकित्सक की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ तो लोग अपने आंसू रोक नहीं पाए। भांजी आस्था साहू ने अपनी पुस्तक 'सोल्जर इन व्हाइट' को लोकार्पित करते हुए उनके साथ बिताए संस्मरण साझा किए। बचपन के मित्र अनु महाराज उर्फ हनुमान, डॉ. नीरज साहू, राजमणि पांडेय, डॉ. राम अभिलाष तिवारी, दर्शन साहू आदि वक्ताओं ने स्मृतियों को साझा किया। रेल अफसर व अनुज रजनीकांत साहू ने उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया।

पूर्व विधायक सोनू समेत 19 आरोपी बरी हुए

सुलतानपुर। 19 साल पूर्व मायंग में दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला करने के चर्चित मामले में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और उनके 19 समर्थकों को एमपी - एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने बरी कर दिया है। कूरेभार थाने में घुसकर सिपाही की पिटाई करने के आरोप में पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू पर दर्ज आपराधिक केस में 24 अगस्त 2006 की शाम चार बजे तत्कालीन थानाध्यक्ष जोखूलाल सरोज मायंग में उनके घर पुलिस टीम के साथ दबिश देने पहुंचे थे। आरोप था कि दबिश के दौरान इसौली के पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू ने समर्थकों के साथ ईंट गुम्मे से हमला कर बलवा और मारपीट कर हत्या की धमकी दी थी जिसमें आठ सिपाही घायल हुए थे। बचाव पक्ष के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि कोर्ट में 19 साल तक चले केस में अभियोजन पक्ष ने 12 गवाह पेश किए लेकिन वे आरोप साबित नहीं कर पाए। सुनवाई के बाद इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, सत्येंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनु भद्र सिंह, सुशील सिंह, हैंडिल, सुजीत सिंह, शोभनाथ मिश्र, सुनील मिश्र, सतीश मिश्र, देव प्रकाश तिवारी, वीरेंद्र कुमार, राम अचल यादव, इंद्रमणि दुबे, त्रिलोकी सिंह, रणविजय सिंह, टिल्लू गुप्ता, गिरिजा प्रसाद मिश्र को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपी तिलकधारी सिंह, शिवपूजन पांडेय, श्याम सुन्दर, कल्लू गुप्ता, राजेश सिंह और संजय सिंह की मुकदमे के दौरान मौत हो गई थी।

कटावां में स्थापित हुई दुर्गा माता की प्रतिमा

सुलतानपुर। जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या-33 पवन मिश्रा (कटावां) के नेतृत्व में श्री अम्बे माता पूजा समिति द्वारा गांव कटावां में दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर ग्रामवासी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन कुमार अग्रहरी, मोहनलाल अग्रहरी, दयाराम अग्रहरी, डॉ. अंकित अग्रहरी, आलोक अग्रहरी, गौरव बरनवाल, आदित्य अग्रहरी, आयुष अग्रहरी, अपूर्व अग्रहरी, मनोज अग्रहरी, मुकेश अग्रहरी, राकेश अग्रहरी, मनीष गुप्ता, शिवम अग्रहरी, सुरेश अग्रहरी, रमेश अग्रहरी, प्रवीन अग्रहरी, आदर्श अग्रहरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व समिति के सदस्य शामिल हुए। श्री अम्बे माता पूजा समिति ने मेले में आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। माहौल जय माता दी और जय मां शेरावाली के जयकारों से गूंज उठा।

सीएमओ ने किया चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

सुलतानपुर। ऐतिहासिक दुर्गापूजा महोत्सव के अवसर पर डाकखाना चौराहा स्थित डॉ. बीसी मिश्र के आवास के सामने प्रताप सेवा समिति के सौजन्य से आयोजित चिकित्सा शिविर का शुभारंभ शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी, चिकित्सक और समिति पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच, इलाज व परामर्श विशेषज्ञ डॉक्टरों व मेडिकल स्टाफ की टीम द्वारा किया जा रहा है। दशकों से प्रताप सेवा समिति यह सेवा शिविर आयोजित कर मां के भक्तों को समर्पित करती आ रही है। मुख्य अतिथि डॉ. भारत भूषण ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जनपद की ऐतिहासिक दुर्गापूजा आस्था, भक्ति और अनेकता में एकता का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग भी मेले को लेकर पूरी तरह सतर्क और तैयार है। वहीं मेला प्रभारी डॉ. लालजी ने भक्तों से अपील करते हुए कहा कि बदलते मौसम को देखते हुए खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। खुले व तैलीय खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। समिति के सचिव विजय विद्रोही ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ. अबसार अहमद, डॉ. एसके श्रीवास्तव, पंकज तिवारी, प्रताप सेवा समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, जितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. बीसी मिश्र सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत, एक घायल

विश्ववार्ता संवाददाता

कूरेभार-सुलतानपुर। पीढ़ी-हलियापुर मार्ग पर शनिवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य ग्रामीण घायल हो गया। सूचना पर पहुँची कूरेभार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

घटना सुबह करीब 6 बजे बरौला गांव के पास हुई। बताया जा रहा है कि फुलौना की ओर जा रहे बाइक सवार को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव की पहचान सुरजीत कुमार निषाद पुत्र संतराम निषाद निवासी खालिसपुर दुर्गा छींटेपट्टी, जनपद सुल्तानपुर के रूप में की।

वहीं हादसे में बरौला गांव निवासी ऊदल भी चपेट में आकर घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन थाने पहुँचे और शव की पहचान की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी भेज दिया।

मिशन शक्ति 5.0 : कूरेभार पुलिस ने छात्र-छात्राओं को दिए सुरक्षा मंत्र

विश्ववार्ता संवाददाता

कूरेभार-सुलतानपुर। महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा को लेकर कूरेभार पुलिस ने शनिवार को कस्बे के जनता इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरों 112, 1090, 1098, 181, 108, 102 व 1930 की जानकारी दी। साथ ही आकस्मिक स्थिति में थानाध्यक्ष कूरेभार का मोबाइल नम्बर 9454404345 सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के महत्त्वपूर्ण नम्बरों को भी साझा किया गया।

यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस टीम ने छात्रों को किसी भी विपरीत परिस्थिति में निडर होकर मदद मांगने की सलाह दी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव, हे.का. राहुल कुमार, म.हे.का. अंजूलता सिंह, म.का. आकांक्षा यादव और म.का. प्रियंका मौजूद रहीं।

बस में तोड़फोड़ और चालक परिचालक से मारपीट में मुकदमा

विश्ववार्ता संवाददाता

जयसिंहपुर-सुलतानपुर। राजकीय राजमार्ग पर दिनदहाड़े सैदपुर के पास उपद्रवियों द्वारा रोडवेज बस में तोड़ फोड़, चालक और परिचालक से मारपीट व रुपये छीनने के मामले में पुलिस ने पांच-छह अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, चोरी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में छह आरोपितों को पाबंद किया है।

लालगंज डिपो बस के चालक संतोष कुमार माली और परिचालक विशेष प्रताप यादव शुक्रवार को अयोध्या से बस लेकर सुलतानपुर पहुंचे थे। शहर में दुर्गापूजा महोत्सव के चलते रूट डायवर्ट होने से चालक सुलतानपुर से यात्रियों को बस पर बैठाकर टांटिया नगर के रास्ते अमेठी जा रहा था। लखनऊ- बलिया मार्ग पर गोसाईगंज के सैदपुर के पास सड़क पर किसी ने वाहन खड़ा कर रखा था। जब बस रुकी और परिचालक ने वाहन को हटाने के लिए कहा तो पांच-छह लोग बस पर चढ़ गए।

चालक सन्तोष के मुताबिक गाली गलौज करते हुए आरोपितों ने बस के शीशे तोड़ डाले। इतना ही नही उपद्रवियों ने उनके साथ मारपीट की और परिचालक की टिकट मशीन और पैसा लेकर भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच- छह अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, चोरी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।

थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया छह आरोपितों को पाबंद करने की कार्रवाई की गई है। अन्य की गिफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

अरविन्द केजरीवाल के मामले में सुनवाई फिर टली

सुलतानपुर। अमेठी जिले के गौरीगंज कस्बे में 11 साल पूर्व रोड जाम, उपद्रव व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मुकदमे में आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुनवाई शनिवार को 30 अक्टूबर के लिए टल गई। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान 20 अप्रैल 2014 को अमेठी के अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना में अरविंद केजरीवाल, कुमार विश्वास हरिकृष्ण, बब्लू तिवारी व अजय सिंह समेत कई लोगों पर चार्जशीट दाखिल हुई थी। उधर मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद में चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अरविंद केजरीवाल पर दूसरा मुकदमा दर्ज हुआ था। दोनों मामले में केजरीवाल व कुमार विश्वास के खिलाफ सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस : 22 शिकायतों का तत्काल निस्तारण, बाकियों के लिए आदेश

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। तहसील सदर सभागार में जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर 22 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनके अधिकारी सम्बंधित प्रकरणों का गंभीर और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने प्रकरणों का निस्तारण तुरंत करायें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 93 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 22 का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय रहते निस्तारण कर कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराएं।

इसके अलावा, अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित कर जन शिकायतें सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

लंभुआ में ग्यारहवीं शरीफ पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

गौस पाक की याद में हुआ भव्य आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

लम्भुआ - सुलतानपुर। नगर पंचायत में शनिवार को ग्यारहवीं शरीफ का आयोजन अकीदत और श्रद्धा के साथ किया गया। हज़रत गौस पाक अब्दुल कादिर जिलानी की याद में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत जुलूस गौसिया से हुई, जो जामा मस्जिद गौसिया से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हाजी मोहम्मद इमाम अली जूनियर हाईस्कूल परिसर तक पहुंचा। रास्ते भर "ग्यारहवीं शरीफ जिंदाबाद" और "गौस पाक जिंदाबाद" के नारों से नगर की गलियां गूंजती रहीं।

महिलाओं से लेकर पुरुषों तक ने बड़े ही जोश और श्रद्धा से जुलूस में हिस्सा लिया।स्कूल प्रांगण में हुए मुख्य कार्यक्रम में अंजुमनों के प्रतिभागियों ने मनकबत और नाते पाक पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए कलाकारों को आयोजकों की ओर से सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर काजीए शरा मौलाना महमूद रज़वी, मुफ्ती अकील अहमद मिस्बाही रौनाही और मकबूल अहमद नूरी जैसे प्रतिष्ठित उलेमा ने गौस पाक की करामातों और शिक्षाओं पर रोशनी डालते हुए समाज में भाईचारा, इंसानियत और धार्मिक जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश दिया।

आयोजन को सफल बनाने में नगर पंचायत लंभुआ के कई प्रमुख लोग और मुख्य आयोजक गुलाम दस्तगीर कादरी, हाजी जाहिद हुसैन फारुकी, खुर्शीद अहमद फारुकी, लल्लन भाई, सुशील बरनवाल, वाजिद हुसैन फारुकी, मोहम्मद इसराइल प्रधान, समीर अहमद सब्बाग, सलीम अंसारी, हारून भाई, हाजी सगीर अहमद, असगर अली फारुकी, महफूज़ आलम, अनस रजा, इरफान फारूकी, फारूक अहमद सब्बाग, अमीन फारुकी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्य आयोजक गुलाम दस्तगीर कादरी ने सभी आए अकीदतमंदों का तहेदिल से स्वागत करते हुए कहा कि ग्यारहवीं शरीफ का यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक उत्सव है, बल्कि समाज में शांति, भाईचारे और एकता का संदेश देता है।

बार एसोसिएशन चुनाव : रविशंकर बने अध्यक्ष, वीरेंद्र महासचिव

विश्ववार्ता संवाददाता

जयसिंहपुर- सुलतानपुर। शनिवार को बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के वार्षिक चुनाव में इस बार जबरदस्त सरगर्मी देखने को मिली। पुलिस की मौजूदगी में शांति पूर्ण ढंग से मतदान और मतगणना प्रक्रिया संपन्न हुई। घोषित नतीजों में अध्यक्ष पद पर रविशंकर मिश्रा और महासचिव पद पर वीरेंद्र प्रकाश वर्मा विजयी घोषित किए गए। प्रमुख पदों पर त्रिकोणीय मुकाबले के बीच मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम सामने आए।

अध्यक्ष पद पर रविशंकर मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बब्बन प्रसाद मिश्रा को सात मतों से हराया। रविशंकर को कुल 37 मत प्राप्त हुए, जबकि बब्बन प्रसाद को 30 मत मिले। वहीं, ओम प्रकाश शुक्ला मात्र पांच मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। एक मत अवैध रहा। महासचिव पद पर कड़ा संघर्ष देखने को मिला। इस पद पर वीरेंद्र प्रकाश वर्मा ने 38 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने प्रदीप कुमार शुक्ला को 20 मत और प्रेमशंकर पांडेय 15 मत को पीछे छोड़ते हुए 18 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। चुनाव समिति के पदाधिकारियों निवर्तमान अध्यक्ष विजय शंकर शुक्ला, सचिव अमित शुक्ला, संतोष कुमार, अरविंद प्रताप सिंह, राजबहादुर तिवारी, रमाकांत मिश्रा, प्रदीप कुमार सिंह व एल्डर कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी, फतेह बहादुर सिंह, राज नारायण मिश्र, सुधाकर विकास चतुर्वेदी, राम शिरोमणि की मौजूदगी में सुबह मतदान शुरू हुआ। शाम करीब साढ़े तीन बजे मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए गए। इससे पहले विभिन्न पदों पर एक ही नामांकन होने से सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रवींद्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष पद पर श्रीनाथ वर्मा को चुना गया।

इसी तरह, सहसचिव प्रशासन पद पर देवानंद पांडेय, सहसचिव पुस्तकालय श्रीकृष्ण सिंह, सहसचिव कल्याण निधि चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर सत्येंद्र शुक्ल, भगवान सिंह, गोविंद पांडेय, धनंजय चौबे और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर हरि शंकर शुक्ल, राम बहादुर सिंह व धर्मेंद्र कुमार भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया गया।

इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शुक्ल नगवा, एडवोकेट जयप्रकाश तिवारी, महेंद्र पांडेय, सन्तोष मिश्र, शिव शंकर तिवारी, बहादुर, राम सजीवन विश्वकर्मा, भूपेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, गया प्रसाद तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

सनातन धर्म पर अभद्र टिप्पणी से बवाल, वायरल वीडियो से सियासी भूचाल

शिक्षक नेता से भरे मंच पर कादीपुर विधायक ने छीना माइक, लगाई लताड़

विश्ववार्ता संवाददाता

कादीपुर-सुलतानपुर। विजयदशमी जैसे पावन पर्व पर कादीपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम का वीडियो वायरल होते ही बवाल खड़ा हो गया है।

वीडियो में शिक्षक नेता श्यामलाल निषाद को सनातन धर्म और भगवा पहनने वालों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुना जा रहा है। मंच से दी गई इस टिप्पणी में उन्होंने "हरामी" शब्द का इस्तेमाल किया, जिसने माहौल को पूरी तरह गरमा दिया।

विधायक ने छीना माइक, मंच पर मचा हंगामा

कार्यक्रम में मौजूद कादीपुर से भाजपा विधायक राजेश गौतम इस टिप्पणी से आगबबूला हो गए। उन्होंने तत्काल मंच से माइक छीनकर इसका विरोध दर्ज कराया और खुले मंच से ही इस बयान को सनातन धर्म का अपमान बताते हुए कड़ा एतराज जताया। मौके पर माहौल गरम हो गया और कार्यकर्ताओं में आक्रोश पनपने लगा।

वायरल वीडियो ने बढ़ाई हलचल

वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, मामला सुलतानपुर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों में भी सुर्खियों में आ गया। भाजपा कार्यकर्ताओं व सनातन धर्म के अनुयायियों ने इसे आस्था पर सीधी चोट बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। कई स्थानों पर लोग आक्रोशित होकर कार्रवाई की मांग करने लगे। इस विवाद ने कादीपुर का राजनीतिक तापमान भी बढ़ा दिया है। स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक भाजपा कार्यकर्ता लामबंद हो रहे हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़ा राजनीतिक विवाद बन सकता है। मामला तूल पकड़ने के बाद प्रशासन व पुलिस भी हरकत में आ गई है। सूत्रों के मुताबिक, वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है और पूरे प्रकरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

मेले में रौनक सुबह से ही लगा रहा बाबा के चौरा स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता, गृहस्थ व कृषि सामानों की हुई जमकर खरीदारी

पांडेयबाबा धाम मेला में तीसरे दिन भी उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

विश्ववार्ता संवाददाता

मोतिगरपुर-सुलतानपुर। ऐतिहासिक पांडेयबाबा धाम पर दशहरे से शुरू हुआ पारंपरिक मेला तीसरे दिन भी पूरी रौनक के साथ जारी रहा। सुबह से ही बाबा के चौरा स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। आस-पास गांवों से आई महिलाओं ने कड़ाही चढ़ाकर हलुआ-पूड़ी का प्रसाद बाबा को अर्पित किया।

दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं ने मेले में सजी दुकानों से गृहस्थ व कृषि उपयोगी सामानों की जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने बेलन, कड़ाही, चाकू, छिलनी, चलनी, सूप, चौका, खैलर, सिकहर, आमफर्नी, स्टील बॉक्स जैसे घरेलू सामान खरीदे तो बुजुर्गों ने खेती-किसानी के औजार खुरपी, कुदाल, फरसा, कुल्हाड़ी आदि की खरीद-फरोख्त की। मेले में युवाओं ने पारंपरिक वस्तुएं जैसे लाठी, बांसुरी, गुड़ की जलेबी खरीदी और सर्कस का आनंद लिया। वहीं बच्चों ने झूलों पर खूब मस्ती की और चटपटी चाट का लुत्फ उठाया।

कौड़ियों की चढ़त का महत्व

मेले में बाबा को चढ़ाई गई कौड़ियों का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इन्हें घर या पशुओं के गले में बांधने तथा दुकानों में रखने से बाबा के आशीर्वाद से समृद्धि प्राप्त होती है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेले में मोतिगरपुर थाने की पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैद रहे।

एक नजर

गोवा में केजरीवाल ने मांगी माफी

माएम। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को गोवा के माएम में आम आदमी पार्टी के ऑफिस का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोवा की बीजेपी पर सरकार पर खूब निशाना साधा और गोवा की जनता को लूटने का आरोप लगाया। इसी के साथ उन्होंने एक दिल्ली वाला एक दांव भी खेला। अपने भाषण के दौरान अरविंद केजरीवाल ने भरे मंच से माफी भी मांगी। ये माफी कार्यक्रम में उनके देरी से पहुंचने को लेकर थी। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि आप लोग काफी देर से इंतजार कर रहे थे लेकिन वह सही समय पर इसलिए नहीं पहुंच पाए क्योंकि जिस रास्ते से उन्हें आना था वहां सड़क की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक की तर्ज पर मायेम में भी एक क्लिनिक खोलने का वादा किया है जिसमें इलाज से लेकर दवा तक हर चीज फ्री होगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आपको कोई भी समस्या हो, आप हमारे पास आइए। हम आपकी समस्याओं को दूर करायेंगे। अब 2 सप्ताह बाद माएम विधानसभा में एक क्लीनिक भी खोला जाएगा, यहां बीमारियों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। आज यहां हमारा विधायक और सरकार नहीं है तो इतना काम कराया जा रहा है तो जब हमारी सरकार होगी तब कितना काम कराया जाएगा।

महाराष्ट्र में सात साल की बच्ची का रेप-मर्डर

भिवंडी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में 33 साल के एक पावरलूम मजदूर ने पड़ोस में रहने वाली सात साल की एक बच्ची के साथ रेप किया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। फिर बच्ची के शव को एक बोरे में बंद करके भाग गया। घटना 1 अक्टूबर की है। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। आरोपी ने इसी पैटर्न पर साल 2023 में रेप-मर्डर की एक और घटना को अंजाम दिया था। तब उसने भिवंडी में ही छह साल की बच्ची के साथ हैवानियत की और फिर उसकी जान ले ली थी। उस मामले में वह जेल में था। दो महीने पहले अदालत से पेशी के दौरान भाग गया था। पुलिस ने उसे 1 अक्टूबर को घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर फिर से गिरफ्तार कर लिया। वह घटना को अंजाम देने के बाद बिहार के मधुबनी स्थित अपने घर भागने की कोशिश कर रहा था। अदालत ने उसे आठ दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पंजाब में बेटी को नहर में फेंक दिया, मौत

फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर में बाप ने अपनी बेटी की नहर में फेंककर हत्या कर दी। बेटी के दोनों हाथ बांध रखे थे। इस दौरान उसकी मां भी वहां मौजूद थी। बाप ने ही इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। अब वीडियो सामने आया है। पुलिस जांच के अनुसार, आरोपी व्यक्ति पांच बेटियों का पिता था और 17 वर्षीय अपनी बड़ी बेटी के चरित्र पर अकसर शक किया करता था। आस-पड़ोस के लोग बताते हैं कि वह अकसर इस बेटी पर बेहद सख्त रवैया अपनाता था, पर हत्या कर देना अकल्पनीय था। वारदात की जानकारी मृतका की बुआ ने पुलिस को दी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कहा कि उसने बेटी को कई बार समझाने की कोशिश की, पर वह उसकी बातों पर ध्यान नहीं दे रही थी तो उसने उसे मार डाला। मामला 30 सितंबर का है।

ओडिशा में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो जगह झड़प

भुवनेश्वर। ओडिशा के कटक शहर में शनिवार तड़के 2 बजे दुर्गा पूजा की मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान दो अलग-अलग जगहों पर झड़प हो गई। इनमें कुल 15 लोग घायल हो गए, जिनमें डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस ऋषिकेश खिलारी और चार अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पहली झड़प झंजीरिमंगला पूजा समिति की भासना यात्रा के दौरान तेज म्यूजिक बजाने की वजह से हुई। दो गुटों ने एक-दूसरे पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकीं। दूसरी घटना राउसपटना यात्रा के दौरान हाथी पोखरी इलाके में हुई, इसमें एक दूसरे से मारपीट और तोड़फोड़ की खबरें आईं। घायलों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, जिसे SCB मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। DCP खिलारी की हालत स्थिर है। झड़पों से करीब 50 मूर्ति ले जाने वाली गाड़ियां लगभग चार घंटे रुक गईं थीं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने सुबह 6 बजे के आसपास यात्राएं भारी सुरक्षा के बीच फिर शुरू कराईं। मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

टीआरएफ के फाउंडर सज्जाद की 2 करोड़ की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। पुलिस ने आतंकी संगठन टीआरएफ के फाउंडर और नामी आतंकी सज्जाद गुल की 2 करोड़ रुपए कीमत की तीन मंजिला इमारत को कुर्क किया है। टीआरएफ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। यह बिल्डिंग रोज एवेन्यू, एचएमटी स्थित 15 मरला भूमि पर बनी हुई थी। ये प्रॉपर्टी आतंकी सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल के पिता गुलाम मोहम्मद शेख के नाम पर दर्ज थी। इस बात की जानकारी राजस्व रिकॉर्ड से मिली है। आतंकी की संपत्ति पर ये कार्रवाई परिमपोरा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के तहत की गई है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत शुरू की गई है। इसके तहत अधिकारियों के पास आतंकी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल या इस्तेमाल की जाने वाली संपत्तियों को कुर्क करने का अधिकार होता है।

बंगाल में पेट्रोल बम बनाते वक्त मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार सुबह एक आदमी की बम बनाते वक्त मौत हो गई। रानीनगर थाने के चेटियानी इलाके में उस्मान बिस्वास नाम का शख्स पेट्रोल बम बना रहा था, तभी बम फट गया। पुलिस ने घटनास्थल से कई पेट्रोल बम बरामद किए। इससे पहले शुक्रवार को डोमकाल इलाके में एक महिला की बम ब्लास्ट में मौत हो गई थी। पुलिस अब विस्फोटकों के सोर्स और बम बनाने के मकसद की जांच कर रही है।

फायर ब्रिगेड के वाहन से बाइक सवार की मौत

नयी दिल्ली। दिल्ली के सोनिया विहार क्षेत्र में शनिवार को फायर ब्रिगेड के वाहन ने मोटरसाइकल सवार को कुचल दिया। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि फायर ब्रिगेड टीम यमुना में डूब रहे शख्स को बचाने जा रही थी, तभी घटना हो गई।

जगदीश पांचाल बने गुजरात भाजपा अध्यक्ष

अहमदाबाद। गुजरात सरकार में सहकारिता राज्यमंत्री जगदीश विश्वकर्मा भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। जगदीश पंचाल गुजरात भाजपा के 14वें प्रदेश अध्यक्ष हैं। वे केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह लेंगे। विश्वकर्मा अहमदाबाद के निकोल विधान सभा से विधायक हैं। गुजरात भाजपा के अध्यक्ष पद के पर्यवेक्षक केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव हैं। गुजरात भाजपा इकाई में कुल 292 सदस्य हैं। ये सदस्य ही राज्य इकाई के अध्यक्ष का चुनाव करते हैं।

वायनाड को केंद्र ने केवल 260 करोड़ मंजूर किये: प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार पर वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद को लेकर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केरल सरकार ने पुनर्वास व राहत कार्यों के लिए 2,221 करोड़ की मांग की थी, लेकिन केंद्र ने सिर्फ 260 करोड़ मंजूर किए। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विधानसभा में बताया कि घोषित राशि अब तक राज्य को नहीं मिली है। उन्होंने वायनाड की त्रासदी को 'राष्ट्रीय आपदा' और 'गंभीर प्रकृति की आपदा' घोषित करने की मांग दोहराई। राज्य सरकार ने एल्स्टन एस्टेट में 64 .47 हेक्टेयर जमीन पर टाउनशिप प्रोजेक्ट शुरू किया है, जो जनवरी 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

मणिपुर में तीन जिलों से 10 उग्रवादी गिरफ्तार

इम्फाल। मणिपुर में सिक्योरिटी फोर्सेस ने तीन जिलों से 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। असम राइफल्स ने 1 अक्टूबर को चुराचांदपुर के जंगलों में ऑपरेशन सोंगकोट के तहत यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के सीनियर कमांडर जमखोगिन गुइटे लुहो उर्फ पेप्सी समेत 5 लोगों को पकड़ा। यह कमांडर जनवरी 2024 में बिष्णुपुर जिले में चार मीतै समुदाय के लोगों की हत्या में शामिल बताया जा रहा है। इसके अलावा शुक्रवार को थौबल और इंफाल वेस्ट जिलों से चार और उग्रवादी गिरफ्तार हुए।

नलकूपों से पानी का दुरुपयोग रोकने को अपनायें वैज्ञानिक पद्धति

चेकडैम, तालाब और ब्लास्टकूप निर्माण को बनायें जनांदोलन : योगी

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जाए और वाटर कंजर्वेशन की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा का मौसम इसके लिए सबसे उपयुक्त है। इससे भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और डार्क जोन वाले क्षेत्रों में सुधार होगा।

अपने सरकारी आवास में चालू वित्तीय वर्ष में चैकडैम/एनीकट के निर्माण सम्बंधी कार्ययोजना की समीक्षा बैठक करते सीएम योगी

सीएम योगी ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिंता का विषय बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल प्रबन्धन है, जो बड़े बांधों की तुलना में यह काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय/बरसाती नदी/ नालों में विभाग द्वारा अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्येक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिंग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित हुई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात से पहले यानी 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की छूट दी जाए, ताकि तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सकें। बरसात के बाद इन्हें मत्स्य पालन और सिंघाड़ा उत्पादन के लिए उपयोग में लाकर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए यह कदम निर्णायक साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 तक प्रदेश में 82 अतिदोहित और 47 क्रिटिकल क्षेत्र थे। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में यह घटकर 50 अतिदोहित और 45 क्रिटिकल क्षेत्र रह गए हैं, जो संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और तेजी लाकर आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों को पूरी तरह सामान्य श्रेणी में लाने का प्रयास होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जैसे ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान ने वृक्षारोपण को जनांदोलन का रूप दिया है, वैसे ही चेकडैम और तालाब निर्माण भी सामूहिक प्रयासों से बड़े स्तर पर संचालित किया जाए। यह न केवल जल संकट से निपटने में सहायक होगा, बल्कि प्रदेश की कृषि, मत्स्य पालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा।

केन्द्र की तर्ज पर बिहार कर्मियों को तीन फीसदी डीए का लाभ

राज्य कैबिनेट की बैठक में लिया गया निर्णय, 55% से बढ़ाकर महंगाई भत्ता किया गया 58%

संजय सिंह

पटना। राज्य सरकार ने केंद्रीय कर्मियों की तर्ज पर बिहार सरकार के सभी वर्ग के कर्मियों और पेंशनधारकों के महंगाई भत्ता (डीए) में बढ़ोतरी कर दी है। डीए को 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। इसका निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य कैबिनेट की विशेष बैठक में लिया गया। कैबिनेट में लिए निर्णयों की जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में 129 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें कई विभागों में बहाली से संबंधित प्रस्ताव से लेकर सड़क निर्माण समेत कई अहम एजेंडे शामिल हैं।

सरकारी कर्मियों के साथ ही पेंशनधारकों को बढ़े हुए डीए का लाभ 1 जुलाई 2025 के प्रभाव से मिलेगा

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकारी कर्मियों के साथ ही पेंशनधारकों को बढ़े हुए डीए का लाभ 1 जुलाई 2025 के प्रभाव से मिलेगा। इस बढ़ोतरी से राज्य सरकार के खजाने पर 917 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले कुछ महीनों में जनकल्याणकारी और कर्मियों को लाभ पहुंचाने से संबंधित जो भी घोषणाएं की गई हैं, उन्हें अमलीजामा पहनाने के लिए कैबिनेट में खासतौर से निर्णय लिए गए हैं। इन्हें मूर्तरूप देने या धरातल पर उतारने के लिए कैबिनेट में अलग-अलग राशि दी गई है। इसके तहत मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित अल्पवास गृहों को शक्ति सदन में परिवर्तित कर संचालित करने के लिए 250 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

राज्य सरकार ने मोतिहारी, छपरा एवं भागलपुर में हवाई अड्डा का पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन (प्री फिजिब्लिटी स्टडी) के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से कराने तथा इनका चयन कराने के लिए 1 करोड़ 21 लाख 58 हजार रुपये स्वीकृति दी गई है। भागलपुर के सुल्तानगंज के तहत ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा के निर्माण के लिए 931 एकड़ भूमि अर्जित करने के लिए 472 करोड़ 12 लाख रुपये की प्राशसनिक स्वीकृति दी गई है। सहरसा में हवाई अड्डा के रनवे विस्तार के लिए 12.08 एकड़ जमीन अर्जित करने के लिए 147 करोड़ 76 लाख रुपये मुआवजा राशि की स्वीकृति दी गई है।

राज्य में साइबर अपराध के तेजी से बढ़ते मामलों की समुचित तरीके से जांच करने और संबंधित अपराधियों को सजा दिलाने के लिए एक अलग साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई का गठन किया गया है। वर्तमान में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अंतर्गत कार्यरत इस इकाई को अलग कर दिया गया है। यह सीधे पुलिस मुख्यालय के अधीन काम करेगा। इसके संचालन के लिए 23 नए पदों का सृजन किया गया है और पूर्व से सृजित एवं विमुक्त विभिन्न कोटि के 321 पदों को कर्णांकित तथा 207 पदों को हस्तांतरित किए जाने की स्वीकृति दी गई है। पटना में बांकीपुर बस स्टैंड परिसर की भूमि पर जन-निजी भागीदारी के माध्य से पांच सितारा होटल का निर्माण कराया जाएगा। होटल के निर्माण के लिए आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार के स्तर से अनुमोदित रियायती एकरारनामा दस्तावेज के आधार पर सफल निविदाकर्ता को लेटर ऑफ अवार्ड निर्गत करने की स्वीकृति दी गई है। कोलकाता की सारगा होटल प्राइवेट लिमिटेड को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। लीज की गई जमीन के न्यूनतम पंजीकृत मूल्य का भुगतान 90 वर्ष के लिए लीज पर दिया जाएगा। इस जमीन का न्यूनतम पंजीकृत मूल्य 68 करोड़ 4 लाख रुपये है।

केजरीवाल का 'शीशमहल' बनेगा अब अतिथि गृह

रेखा सरकार की योजना, आम लोगों को भी मिलेगी एंट्री

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शासनकाल में तैयार हुए उनके सरकारी निवास, जिसे भाजपा 'शीश महल' कहती है, को रेखा गुप्ता सरकार कैफेटेरिया युक्त राज्य अतिथि गृह (स्टेट गेस्ट हाऊस) में बदलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए योजना पूरी तरह तैयार हो चुकी है और बस उस पर अंतिम मुहल लगना बाकी है। इस बारे में जानकारी देते हुए शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि इस बंगले में जल्द ही शहर के अन्य राज्य भवनों की तरह पारंपरिक व्यंजन परोसने वाली एक कैंटीन शुरू हो सकती है। सबसे खास बात जो उन्होंने बताई वह यह कि यहां आम जनता के प्रवेश की अनुमति भी होगी, और वह भी इस स्थान का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा इस प्रस्ताव के अनुसार यहां एक पार्किंग स्थल, वेटिंग हॉल और अन्य सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा। हालांकि इस योजना को फिलहाल अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'सरकार सिविल लाइंस इलाके में फ्लैगस्टाफ रोड पर स्थित इस बंगला नंबर 6 में एक राज्य अतिथि गृह बनाने के काम को अंतिम रूप देने के करीब है, जो पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के रूप खाली पड़ा था। इसमें एक फूड आउटलेट, पार्किंग और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।'

उक्त अधिकारी ने आगे कहा, 'जिस तरह अन्य राज्य अतिथि गृहों में अधिकारी और मंत्री मीटिंग और ट्रेनिंग वर्कशॉप के लिए आकर ठहरते हैं और बदले में कमरों का किराया देते हैं, यहां भी ऐसा ही किया जाएगा। हालांकि इस योजना को अभी उच्च अधिकारियों से अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है।'

अधिकारी ने आगे बताया कि बंगले के रखरखाव के लिए फिलहाल वहां लगभग 10 लोगों का स्टाफ मौजूद है, जिन पर अलग-अलग कामों को करने की जिम्मेदारी है। इसमें रोजाना झाड़ू लगाना, सफाई करना और रेफ्रीजरेटर व एयर कंडीशनर जैसे बिजली के उपकरणों को नियमित रूप से चलाकर देखना व उनकी देखभाल करना शामिल है।

इससे कुछ ही दिन पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि 'शीश महल' बंगला एक सफेद हाथी की तरह है और दिल्ली सरकार को अभी इसके भाग्य के बारे में फैसला करना बाकी है। गुप्ता ने कहा था, यह दिल्ली सरकार के पास सफेद हाथी की तरह पड़ा है और हम सोच रहे हैं कि इसका क्या किया जाए। यह वही बंगला है जिसे अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनके आधिकारिक आवास के रूप में इस्तेमाल किया गया था।

बता दें कि यह वही सरकारी बंगला है, जिसे भाजपा ने एक बड़ा मुद्दा बनाते हुए पूर्व सीएम केजरीवाल पर कई आरोप लगाए थे। भाजपा ने इसे शीशमहल नाम देते हुए इसके पुनर्निमाण के लिए केजरीवाल पर करोड़ों रुपए फूंकने का आरोप लगाया था। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि साल 2022 तक इस बंगले के पुनर्निर्माण पर लगभग 33.86 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। हालांकि, भाजपा नेताओं ने आरोप लगाते हुए दावा किया था कि इस बंगले की वास्तविक लागत 75 से 80 करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी।

जुबीन को मैनेजर-ऑर्गनाइजर ने जहर दिया, दावा

नयी दिल्ली। सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी।

शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था- जाबो दे, जाबो दे (उसे जाने दो, उसे जाने दो)। जुबीन ट्रेंड स्विमर था। उसने मुझे और शर्मा को भी तैरना सिखाया था, इसलिए उनकी मौत डूबने से नहीं हो सकती। शर्मा और महंत दोनों ने सिंगर को जहर दिया और साजिश छुपाने के लिए सिंगापुर को चुना। शर्मा ने मुझे याट के किसी भी वीडियो को किसी के साथ शेयर न करने के लिए कहा था।

जापान में तकाइची बनेंगी पहली महिला प्रधानमंत्री

देश में रानी के शासन के खिलाफ, चीन विरोधी

एजेंसी

टोक्यो। जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है। ऐसे में लगभग तय है कि वह अगली प्रधानमंत्री बनेंगी।

ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे। उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है। ताकाइची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं, साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं। इन्होंने 2004 में साथी सांसद ताकू यामामोटो से शादी की। जुलाई 2017 में राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हो गए। इसके बाद 2021 में फिर साथ आ गए। ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे को हराकर चुनाव जीता। कोइजुमी अभी देश के कृषि मंत्री हैं। ताकाइची को पीएम बनाने के लिए जल्द ही संसद में वोटिंग होगी। ताकाइची पीएम शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी। जुलाई में हुए ऊपरी सदन के

चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी में इशिबा का विरोध बढ़ गया था।

एलडीपी ने ताकाइची को ऐसे समय में चुना है जब देश में लोग महंगाई से नाराज हैं और विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने लगे हैं। पार्टी को उम्मीद है कि वे जनता का समर्थन हासिल करेंगी और सत्ता में बनी रहेंगी। चुनाव के पहले फेज में किसी नेता को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। इसके बाद शीर्ष दो दावेदारों ताकाइची और कोइजुमी के बीच दूसरे दौर का मुकाबला हुआ। इसमें ताकाइची को 185 और कोइजुमी को 156 वोट मिले। ताकाइची ने जीत के बाद कहा- 'मैं खुश होने के बजाय यह सोच रही हूं कि आगे का रास्ता कितना मुश्किल होने वाला है।'

ताकाइची हाल ही में ट्रम्प प्रशासन के साथ हुए ट्रेड डील के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इस पर फिर से बातचीत की जानी चाहिए। जापान और अमेरिका के बीच अगस्त में डील हुई थी। इसमें जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया था। ताकाइची समलैंगिक विवाह की विरोधी हैं। उनका मानना है कि इससे पारिवारिक मूल्य कम होते हैं।

विदेशियों के जापान में आने के नियमों को सख्त करने की मांग कर चुकी हैं। उनका मानना है कि गैरकानूनी रूप से आने वाले लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वैवाहिक जोड़े के नाम में अलग-अलग टाइटल रखने का विरोध करती हैं।

राजनाथ की चेतावनी के बाद भी सर क्रीक विवाद सुलझने के आसार नहीं

अंग्रेजों की सीमांकन रेखाओं की अलग-अलग व्याख्या से अब भी उलझे हैं भारत और पाकिस्तान

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। सर क्रीक को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सर क्रीक सेक्टर में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का निर्णायक जवाब दिया जाएगा, जो इतिहास और भूगोल दोनों को बदल देगा। गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा के समीप एक सैन्य अड्डे पर भाषण के दौरान राजनाथ सिंह ने यह बात कही। राजनाथ सिंह का यह बयान विवादित क्षेत्र में पाकिस्तान द्वारा सैन्य बुनियादी ढांचे के विस्तार की पृष्ठभूमि में आया था।

सर क्रीक गुजरात के कच्छ के रण और पाकिस्तान के बीच 96 किलोमीटर लंबा ज्वारीय मुहाना है। दोनों पक्षों द्वारा समुद्री सीमा की अलग-अलग व्याख्याओं के कारण इसे एक विवादित क्षेत्र माना जाता है। इसे पहले 'बन गंगा' कहा जाता था और बाद में एक ब्रिटिश अधिकारी के नाम पर 'सर क्रीक' कहा जाने लगा। यह छोटा दिखने वाला किनारा लंबे समय से दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा, समुद्री संसाधनों के नियंत्रण और सामरिक दबदबे से जुड़ा विवाद बना हुआ है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सर क्रीक विवाद की जड़ ब्रिटिश शासन के दौरान सीमांकन की रेखाओं की अलग अलग व्याख्याओं की वजह से है। 1914 में बॉम्बे सरकार ने सिंध और कच्छ के बीच एक निर्णय लिया था, लेकिन 1947 के बाद और खासकर 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद यह मामला और

जटिल हो गया। 1965 के बाद रण ऑफ कच्छ और सर क्रीक के विवाद को निपटाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय ट्रिब्यूनल बनाया गया, जिसने 1968 में रिपोर्ट दी।

इंटरनेशनल ट्रिब्लूनल की रिपोर्ट में रण ऑफ कच्छ में भारत के दावों को बड़े हिस्से में स्वीकार किया गया, लेकिन सर क्रीक की बॉउन्ड्री लाइन के कुछ पहलुओं को छोड़ दिया गया। पाकिस्तान 1914 के रिजॉल्यूशन और भू भौतिक तथ्यों का हवाला देते हुए कहता है कि कच्छ का विस्तार एक प्राकृतिक अवरोध है और उसे समान्तर रूप में बांटा जाना चाहिए, जबकि भारत 1925 में की गई संशोधित स्पष्टियों को आधार बनाकर अपने अधिकार तय करता है।

दोनों देशों ने 2007 में आपसी हाइड्रोग्राफिक सर्वे और चार्टों के आदान प्रदान जैसे कदम उठाए थे, लेकिन विवाद का कोई अंतिम समाधान नहीं निकला है। 1984 के शिमला समझौते के बाद यह भी स्पष्ट है कि तीसरे पक्ष की दखलअंदाजी संभव नहीं है; यदि दोनों देश अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में जाएं भी तो उन्हें अपनी दावे कुछ हद तक छोड़ने होंगे, जो फिलहाल राजनीतिक रूप से स्वीकार्य नहीं नजर आता। इसीलिए विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के सीमा विवाद का केवल और केवल द्विपक्षीय संवाद और सहमति के जरिए ही स्थायी हल निकल सकता है।

राजनाथ सिंह ने अपने बयान में यह भी कहा कि हाल के वर्षों में पाकिस्तान ने सर क्रीक में सैन्य उपस्थिति बढ़ाई है और यह कदम भारत की सहने की क्षमता के परे है। उन्होंने 1965 में मिली सैन्य सफलता और हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र कर कहा कि भारत ने दुश्मन को निर्णायक रूप से जवाब दिया है और जरूरत पड़ी तो फिर वैसा ही कड़ा जवाब देने में पीछे नहीं हटेगा। उनका लक्ष्य स्पष्ट संदेश देना था कि भारत अपनी सीमाओं और समुद्री हकों पर किसी भी तरह के समझौते से पहले पूरी सतर्कता और तैयारी के साथ सामने आएगा। सर क्रीक विवाद का आज का राजनीतिक और सामरिक परिप्रेक्ष्य केवल सीमा रेखा तक सीमित नहीं है; यह क्षेत्रीय ऊर्जा संसाधनों, मछली पकड़ने के अधिकारों और समुद्री मार्गों के नियंत्रण से भी जुड़ा हुआ है।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रोहित बाजपेयी द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com